YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-153 | शनिवार, 05 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।
मायावती ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कॉलेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिंसिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर में खासकर मीडिया एवं शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है।
मायावती

कोरोना वैक्सीन को युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु से जोड़ने वाले दावों को आईएमए ने किया खारिज 11

मुख्यमंत्री जनसेवा सदन का उद्घाटन 12

प्रधानमंत्री ने कहा, त्रिनिदाद में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे

# देश जल्द ही दुनिया की तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा शामिल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद. टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों के अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और पोषित करने के मजबूत इरादों की सराहना करते हुए कहा है कि इस देश में उनकी यात्रा साहस और परिश्रम की गाथा है। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद टोबैको पहुंचे श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए घोषणा की कि इस देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढी को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे।

कार्यक्रम में श्री मोदी का स्वागत करते हुए त्रिनिदाद.टोबैगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने उन्हें देश सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार ष्द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो से सम्मानित करने की घोषणा की। श्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय समुदाय के दृढ इरादों के लिए उनकी सराहना की तथा उनके साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब त्रिनिदाद-टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे। भारतीय समुदाय के लोगों ने इसका जोरदार तालियों से स्वागत किया।

श्री मोदी ने प्रधानमंत्री बिसेसर को



अर्थव्यवस्था

❒ देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढी को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे

उनकी गर्मजोशी और दोनों देशों के बीच जीवंत तथा विशेष संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद. टोबैगो अपने तटों पर भारतीय प्रवासियों के पहले आगमन की 180वीं वर्षगांठ मना रहा है और इस मौके पर उनकी यह ऐतिहासिक यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। श्री मोदी ने भारतीय प्रवासियों की उनके लचीलेपन सांस्कृतिक समृद्धि तथा त्रिनिदाद टोबैगो में उनके अपार योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासी अपनी भारतीय सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को संरक्षित और पोषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इन लोगों के साहस और परिश्रम की गाथा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत गिरमिटिया विरासत को पोषित करने के लिए कई पहलों कर रहा है। उन्होंने बुनियादी ढांचे डिजिटल प्रौद्योगिकियों विनिर्माण हरित मार्गों अंतरिक्ष नवाचार और स्टार्ट.अप के क्षेत्र में भारत के तेजी से ● शेष पेज 11 पर

### मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला ने सर्वोच्च सम्मान की घोषणा की

नयी दिल्ली । त्रिनिदाद. टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की। श्री मोदी के सम्मान में पोर्ट ऑफ स्पेन में आयोजित एक समारोह में श्रीमती बिसेसर ने भारत के विकास और मजबूती के लिए प्रधानमंत्री मोदी की परिवर्तनकारी भूमिका तथा कोविड19 महामारी के दौरान तमाद कई देशों को भारत की ओर से भेजी गयी अतिमहत्वपूर्ण वैक्सिन सहायता का उल्लेख किया। श्रीमती बिसेसर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी के लिए ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम अब तक घाना समेत 25 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे चरण में कैरिबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो में हैं। राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में त्रिनिदाद एंड टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 180 वर्ष पूर्व त्रिनिदाद और टोबैगो में आए भारतीय मूल के लोगों के योगदान को याद किया। इस यात्रा का पहला चरण पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना में था, जहां मोदी को 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान घाना सरकार ने भारत के साथ अपने मजबूत संबंधों और मोदी के नेतृत्व में ● शेष पेज 11 पर

# दलाई लामा अपना उत्तराधिकारी खुद तय करें, अनुयायियों की यही इच्छा: रिजिजू

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के अनुयायी चाहते हैं कि वे स्वयं अपने उत्तराधिकारी का चयन करें। रिजिजू ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह बयान सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं बल्कि एक बौद्ध अनुयायी के तौर पर है। रिजिजू ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बातें कही। उन्होंने कहा, ल्ल्मैं दलाई लामा का भक्त हूं। दुनिया में जो भी लोग दलाई लामा को मानते हैं, वे चाहते



हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन वे स्वयं करें। इसमें किसी भ्रम की आवश्यकता नहीं है। इसमें सरकार या मेरी ओर से कुछ कहने की जरूरत नहीं है। इससे पहले उनके तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकार को लेकर दिए बयान पर चीन ने प्रतिक्रिया दी थी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि भारत को तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर सावधानी से व्यवहार करना चाहिए और चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को तिब्बत के मामलों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए और भारत-चीन संबंधों के सुधार और विकास पर असर डालने वाले बयानों से बचना चाहिए। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू ने आज हज 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में 1.5 करोड़ घरों तक पहुंचा मतदाता सूची अभियान, 87 फीसदी फॉर्म वितरित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़े विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की पहली चरण की घर-घर यात्रा पूरी हो गई है। वे 1.5 करोड़ घरों तक पहुंचे हैं। इस दौरान कुल 7.90 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 87 फीसदी (6.86 करोड़) मतदाताओं को 'एन्यूमरेशन फॉर्म' वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने एक बयान में बताया कि बचे घरों पर या तो ताला था, या वे प्रवासी हैं, मृत मतदाता अथवा यात्रा पर गए हैं। बीएलओ प्रत्येक घर में तीन बार जाएंगे, जिससे आंकड़ों में और वृद्धि की संभावना है। आयोग ने बताया कि बीएलओ से नहीं मिल पाने वाले मतदाता आयोग की वेबसाइट और ईसीआईनेट ऐप पर आंशिक रूप से भरे फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म स्वयं अपलोड भी किए जा सकते हैं। आयोग का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) भी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 52,689, राष्ट्रीय जनता दल के 47,504, जनता दल (यूनाइटेड) के 34,669, कांग्रेस के 16,500 बीएलए शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य दलों जैसे राष्ट्रीय लोक ● शेष पेज 11 पर

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर हरदीप पुरी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। देश के महान आध्यात्मिक चिंतक और सांस्कृतिक ध्वजवाहक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। पुरी ने एक्स पोस्ट में स्वामी विवेकानंद के एक प्रसिद्ध कथन का उल्लेख करते हुए लिखा, ''चुनौती जितनी बड़ी होगी, जीत उतनी ही शानदार होगी।'' उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### उपराष्ट्रपति धनखड़ 6 व 7 जुलाई को केरल के दौरे पर

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आगामी 6 और 7 जुलाई को केरल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह धार्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि धनखड़ 7 जुलाई को त्रिशूर जिले में स्थित पवित्र गुरुवायुर मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। गुरुवायुर मंदिर भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। गुरुवायुर मंदिर में पूजा के बाद उपराष्ट्रपति कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज का दौरा करेंगे। वहां वह विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे तथा उन्हें प्रेरणादायक संबोधन देंगे। उपराष्ट्रपति के इस दौरे को केरल में शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### झूठ और पाखंड पर टिकी है केजरीवाल का राजनीति: चुघ

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने भाजपा और कांग्रेस पर दिए गए अरविंद केजरीवाल के ''छुपे रिश्ते'' वाले बयान पर पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि असली छुपा हुआ रिश्ता तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का है। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस के साथ वो 'अनैतिक गठबंधन' आपने (केजरीवाल) ही 2013 में किया था। चुघ ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि केजरीवाल की राजनीति झूठ, पाखंड और पलटीबाज़ी पर टिकी है। अब देश उनकी झूठी बातों और टूटी कसमों के झांसे में नहीं आने वाला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि वह कभी कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। केजरीवाल ने दावा किया था कि उनके पास शीला दीक्षित और कांग्रेस के खिलाफ दो बोरे भरकर सबूत हैं। चुघ ने तंज कसते हुए कहा कि 10 साल केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उस तथाकथित दो बोरे का मुंह तक नहीं खोल सके।

## भगोड़े विजय माल्या और ललित मोदी लंदन में पार्टी करते दिखे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। आर्थिक मामलों में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या और ललित मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे दोनों लंदन की एक पार्टी में गाना गाते और मस्ती करते दिख रहे हैं। कार्यक्रम में वेस्टइंडिज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल भी शामिल थे।

दरअसल, ये वीडियो ललित मोदी ने ही अपने सोशल मीडिया प्?लेटफॉर्म 'एक्?स' तथा 'इंस्टाग्राम' पर साझा किया है। इस वायरल वीडियो क्लिप में दोनों को फ्रेंक सिनात्रा का माई वे गाना गाते और लंदन में मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। इस पार्टी में दुनियाभार के 300 से ज्यादा चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया गया था। क्रिस गेल ने ललित मोदी और विजय माल्य के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, हम इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। एक शानदार शाम के लिए धन्यवाद। साथ ही दोनों को टैग भी किया। ललित मोदी ने यह वीडियो शेयर करके लिखा कि



वीडियो देख मचा हंगामा

इस शाम में शामिल होने वाले और इसे मेरे लिए सबसे खास रातों में से एक बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

विजय माल्या पर बैंकों से लिए गए 9,000 करोड़ के कर्ज में गड़बड़ी का आरोप है। यह लोन उनकी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ा है। माल्या साल 2016 में देश छोड़कर लंदन भाग गए थे, 2019 में उन्हें आधिकारिक रूप से भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया। हालांकि, इन आरोपों पर विजय माल्या ने पहली बार चुप्पी तोड़ी और एक पॉडकास्ट में कहा कि बैंकों की तरफ से उनसे करीब 14 हजार ● शेष पेज 11 पर

### गडकरी ने पुण्यतिथि पर पिंगली वेंकैया को किया नमन

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के जनक और स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की पुण्यतिथि पर पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस महान राष्ट्रसेवक को याद करते हुए उन्हें नमन किया। गडकरी ने पिंगली वेंकैया को याद करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि भारत की अखंडता और स्वाभिमान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रारूप देने वाले पिंगली वेंकैया ने भारत राष्ट्र को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन। उल्लेखनीय है कि महान स्वतंत्रता स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा की। शिक्षाविद और भाषाविद के रूप में उन्होंने भारतीय समाज को शिक्षित और जागरूक करने में योगदान दिया। इसके साथ ही सैन्य अधिकारी के रूप में भी उन्होंने देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण के दौरान तिरंगे को डिजाइन करने के लिए उन्होंने 5 सालों तक दुनियाभर के राष्ट्रीय ध्वजों का अध्ययन ● शेष पेज 11 पर

## हालिया हवाई संघर्ष में पाकिस्तान के साथ चीन और तुर्किये से भी करना पड़ा मुकाबला : उप सेना प्रमुख

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष में भारतीय सेनाओं को मिले सबक का अलग-अलग तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है। सैन्य अधिकारी संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर अपनी अगली रणनीति तय करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को पहली बार माना कि हालिया संघर्ष में पाकिस्तान समेत तीन विरोधी मैदान में थे, जिनसे मुकाबला करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सबसे आगे जरूर था, लेकिन उसके पीछे चीन और तुर्किये भी थे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आज फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आयोजित '?नए युग की सैन्य प्रौद्योगिकियां' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान के दौरान वायु रक्षा और उसका संचालन किस तरह किया गया, यह



❒ संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर भारत की अगली रणनीति तय करने पर जोर

महत्वपूर्ण था। हमारे पास एक सीमा थी और दो विरोधी थे, वास्तव में तीन। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था। चीन हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के विरुद्ध करने में सक्षम है, इसलिए यह संघर्ष उनके लिए एक जीवंत प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्किये ने भी पाकिस्तान को अपने ड्रोन की सहायता देकर उसके प्रयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वेक्टरों के बारे में लाइव अपडेट मिल रहे थे। उन्होंने तीन दिन चले संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि हमें अनुसंधान और विकास में निवेश करने की आवश्यकता है। आरएंडडी में स्वाभाविक रूप से विफलताएं और सफलताएं दोनों शामिल होती हैं, इसलिए हमें घटक स्तरीय आरएंडडी में निवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत एक वैश्विक शक्ति बनने की परिकल्पना करता है, इसलिए इस दृष्टिकोण के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा की क्षमता सर्वोपरि है। फिक्की और इसके सदस्य उद्योग इस राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के प्रयासों को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय सेना के मास्टर जनरल सस्टिनेंस लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला ने भी कहा कि भू-राजनीतिक गतिशीलता और तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध तेजी से तीव्र और जटिल होकर युद्ध-लड़ने की प्रथाओं ● शेष पेज 11 पर

पीसीएस 2022 बैच के 07 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से भेंट, पाया मार्गदर्शन

# मुख्यमंत्री ने पीसीएस प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए दिया मंत्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 07 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल, विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी



माध्यम है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रारंभिक 05-06 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संवाद, सकारात्मकता और संवेदनशीलता को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा, ''जनता से जुड़ाव और फैसलों में मेरिट को प्राथमिकता दीजिए। उन्होंने एक अधिकारी के रूप में वे सभी गरीब और कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का ध्यान भूमि विवादों, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे विषयों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। इन विषयों के प्रति विशेष संवेदनशीलता होनी चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

### सीएम योगी ने लखनऊ में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2025' का किया शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानकारी किसानों को ● शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति ने किया डूरंड कप 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । विरासत और राष्ट्रीय गौरव से भरे इस ऐतिहासिक क्षण मेंए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र आरबीसीसी से 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और भारत का सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट को औपचारिक रूप से प्रारंभ करते हुए तीन प्रतिष्ठित डूरंड कप ट्रॉफियों को रवाना किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब राष्ट्रपति ने यह प्रतीकात्मक कार्य किया हैए जो डूरंड कप की खेलए सेवा और राष्ट्रभक्ति के संगम के रूप में स्थायी महत्व की पुष्टि करता है। यह समारोह स्वतंत्रता के बाद की उस गौरवशाली परंपरा को भी जारी रखता हैए जिसमें देश के सर्वोच्च सेनापति की डूरंड कप से सीधी भागीदारी रही है।

आरबीसीसी में आयोजित इस समारोह में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र



134वें डूरंड कप ट्रॉफियों को राष्ट्रपति ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना, राष्ट्रपति भवन में हुआ भव्य आयोजन

द्विवेदी नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह और ईस्टर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग.इन.चीफ तथा डूरंड कप आयोजन समिति डीसीओसी के संरक्षक लेफ्टिनेंट जनरल आरण्सीण तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉलर संदेश झिंगन भी मौजूद थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि डूरंड कप ● शेष पेज 11 पर

# करारी थाना प्रभारी विनीत सिंह पर गंभीर आरोप

## अवैध गिरफ्तारी, मानवाधिकार हनन और 26 करोड़ की अवैध वसूली की चर्चा, निष्पक्ष जांच की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज/ कौशाम्बी। प्रयागराज मंडल के जनपद कौशाम्बी के थाना करारी प्रभारी विनीत सिंह एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में आ गए हैं। उनके खिलाफ अवैध गिरफ्तारी, झूठी रिपोर्ट, मानवाधिकार , मौलिक अधिकार उल्लंघन, अवैध वसूली और विभागीय प्रक्रियाओं को प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। इस प्रकरण ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है और निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ने लगी है।

### रमेश मौर्य अवैध हिरासत मामला

शिकायत के अनुसार, 27 फरवरी 2025 की रात रमेश मौर्य निवासी रक्सवारा को करारी पुलिस ने अवैध रूप से गिरफ्तार किया और उन्हें अगले दिन दर्ज मुकदमा संख्या 66/25 के बावजूद मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।आरोप है कि रमेश मौर्य को लगातार 8 दिनों तक थाने में गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखा गया। इस दौरान उनकी पत्नी रामकली ने 6 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन थाना प्रभारी ने गिरफ्तारी से इनकार करते हुए मौर्य को झूठे ढंग से ल्लफरारङ्क घोषित कर दियाऔर ट्वीटर पर भी यही जवाब दिया है।7 मार्च 2025 को थाना परिसर के क्लम्ट्ट कैमरे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें रमेश मौर्य को थाने में बंद दिखाया गया। वीडियो वायरल होने के बाद आनन-फानन में मौर्य को धारा 151 एन्ष्ए में चालान कर दिया गया। आरोप है कि यह कदम मामले को छुपाने और विभागीय जांच से बचने के उद्देश्य से उठाया गया।मामले की जांच सीओ मंझनपुर को सौंपी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### अन्य गंभीर आरोप

सूत्रों के अनुसार, वैशकांटी निवासी दुर्योधन को भी तीन दिनों तक थाने में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया था, जिसके बाद उन्हें भी धारा 151 एन्ष्ए में चालान कर दिया गया।स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि करारी थाना प्रभारी अवैध वसूली के लिए आम नागरिकों को कई दिनों तक थाने में बंद रखते हैं। जब तक वसूली नहीं होती, उन्हें छोड़ा नहीं जाता और वसूली न होने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है।आरोपों के अनुसार, विनीत सिंह के पूर्व कार्यकाल में थाना सराय अकिल में करीब 26 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की चर्चा भी आम है जिसका अधिकतर हिस्सा तत्कालीन उच्च अधिकारियों को जाता रहा है यही वजह रहीबकी अधिकारी आंख मूंद बैठे रहे है और इनके गलत कामों को नजरंदाज किया है। यह भी बताया जा रहा है कि उनके खिलाफ कई शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई।विभागीय संरक्षण का आरोपस्थानीय जनता का आरोप है कि थाना प्रभारी विनीत सिंह कथित तौर पर विभागीय संरक्षण और राजनीतिक पहुंच के चलते लगातार थाना प्रभारी के पद पर बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रयागराज में करनलगंज थाने में तैनाती के दौरान भी विवादित कार्यशैली के कारण उन्हें तत्कालीन डीआईजी ने लाइन हाजिर कर दिया था।जनता का कहना है कि थाना करारी में पत्रकारों को भी सही जानकारी नहीं दी जाती है और कथित तौर पर थाना प्रभारी ने स्टाफ को निर्देश दे रखे हैं कि यदि कोई पत्रकार उनके खिलाफ खबर लिखेगा तो उसके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### निष्पक्ष जांच की उठी मांग

स्थानीय नागरिकों ने करारी और सराय अकिल थानों के एएट्ठठु फुटेज की तकनीकी जांच की मांग की है, ताकि अवैध हिरासत के पुख्ता साक्ष्य सामने आ सकें। साथ ही जनता ने स्वतंत्र जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराते हुए थाना प्रभारी विनीत सिंह को तत्काल पद से हटाने और उनके खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि थाना करारी में सही शिकायतों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए भी सौदेबाजी होती है और कई बार पीड़ितों को न्याय पाने के लिए थानों के चक्कर काटने पड़ते हैं और दलालों का सहारा लेना पड़ता है ।

### चर्चा में है मामला

जनपद में यह मामला अब चर्चा का केंद्र बन चुका है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किनके संरक्षण में थाना प्रभारी विनीत सिंह इतने वर्षों से गंभीर आरोपों के बावजूद थानों का चार्ज संभालते रहे हैं। थाना प्रभारी खुलेआम उगट्ट की धारा 124 ,125 ,69 , तथा 35(सी) का उल्लंघन करते हैं। इतना ही नहीं आर्टिकल 21 और 22 का भी उल्लंघन खुलेआम करते है स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक, एडीजी प्रयागराज और डीजीपी उत्तर प्रदेश से पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# बिजली करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत,6 माह पूर्व हुई थी शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद/लखनऊ । रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मवैई कला गांव में शुक्रवार को बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मवैई कला निवासी 28 वर्षीय बादल मौर्य शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर में खराब हुई बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मीटर से केबिल की मरम्मत कर रहे थे। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत्तक बादल मौर्य पेशे से एक हार्डवेयर की दुकान चलाते थे और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी शादी छह महीने पहले ही माया नामक युवती से हुई थी। युवक की असमय मौत से पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं परिवार के अन्य सदस्य भी गहरे सदमे में हैं।

## नाबालिग किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

गोरखपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी पुत्री 2 जुलाई को सुबह सरदारनगर अपने स्कूल गई थी मेरी पुत्री की उम्र 15 साल है। विद्यालय की छुट्टी 1 बजकर 30 मिनट होती है जब 3:00 बजे तक वह घर नहीं आई तो हम लोग ने स्कूल जाकर पता किया पता चला स्कूल से जा चुकी है। उसकी सहेलियों से पता किया तो कुछ पता नहीं चला हमने रिश्तेदारो से पता किया लेकिन हमारी पुत्री का कुछ पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका से मै बहुत परेशान हूं। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर किशोरी की तलाश कर रही हैं ।

## युवक की धारदार हथियार से हत्या, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज । नैनी थाना क्षेत्र के एग्रीकल्चर चौकी अंतर्गत महेवा मोड़ पर गुरुवार को एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।पुलिस के मुताबिक, यह मामला यमुनानगर क्षेत्र का है, जहां युवक की हत्या के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हैरान करने वाली बात यह रही कि मृतक का मित्र ही हत्यारा निकला। दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद आरोपी ने चाकू से युवक पर हमला कर दिया।फिलहाल आरोपी से नैनी पुलिस पूछताछ कर रही है। इस पूरे मामले पर डीसीपी विवेक यादव खुद नजर बनाए हुए हैं।पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या के पीछे के सभी कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## ज्ञानवापी मामले में हाईकोर्ट की सुनवाई टली, अब 6 अगस्त को होगी सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। ज्ञानवापी परिसर को लेकर चल रहे विवाद में आज सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तारीख तय की है।यह याचिका हिंदू पक्ष की राखी सिंह की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें वजूखाने का एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वे कराने की मांग की गई है।मामले को लेकर दोनों पक्षों की बहस के बाद अब अगली सुनवाई में हाईकोर्ट अपना रुख साफ कर सकता है। पूरे मामले पर अब सभी की निगाहें 6 अगस्त की कार्यवाही पर टिकी हैं।

## 6 जुलाई को मनाया जाएगा मुहर्रम, जुलूस को लेकर डीएम ने जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

प्रयागराज। जनपद में 6 जुलाई को मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।डीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में कोई नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जुलूस में शामिल ताजियों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए।प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती और निगरानी के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश भी दिए हैं।

## सिटी स्कूल ऑफ डास एण्ड म्यूजिक अकादमी ने आयोजित किया समर कैम्प, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

लखनऊ । सिटी स्कूल ऑफ डास एण्ड म्यूजिक अकादमी की ओर से शुक्रवार को गोमती नगर स्थित बौद्ध संस्थान में समर कैम्प का आयोजन हुआ। सिटी स्कूल ऑफ डॉस एण्ड म्यूजिक अकादमी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर महापौर सुषमा खर्कवाल रही। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद छोटे बच्चों ने धाकड़ पंजाबी नृत्य एवं बालीवुड गानों पर नृत्य करकें सभी का मन मोह लिया। मुख्य कार्यक्रम में पापनाशिनी गंगा के ऊपर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हुई, बालीवुड गीतो पर नीति, लक्ष्मी, अनुष्का, श्रावणी और कनिष्का विष्ट अनन्या गुप्ता रिधिमा भावनात्म अभिव्यक्ति और उत्कृष्ट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इस अवसर पर सिटी स्कूल ऑफ डास एण्ड म्यूजिक अकादमी कि सचिव दिव्या शुक्ला ने बताया कि इस समर कैम्प में बच्चों ने कई दिनों से अपनी तैयार कर रही प्रस्तुति का प्रदर्शन दिया है। समर कैम्प का उददेश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच देना आत्मविश्वास बढ़ाना और कलात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर विवेक बदलानी, राहुल गुप्ता, सुनिता भटनाकर, अविनाश यादव, सुनिता राजपूत, कविता शुक्ला, अरूण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा एवं संस्था के अध्यक्ष राजेश्वर शुक्ला मौजूद रहे।

## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सरोजनीनगर । सरोजनी नगर पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।अतिरिक्त निरीक्षक सुरेश नरायन मिश्रा ने बताया कि बीती एक जुलाई की देर रात 1 बजे थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने देखा कि उसकी 13 वर्षीय बेटी अपने बिस्तर पर नही है। परिजनों ने जब उसकी खोज बीन शुरु की तो वह अमौसी मैट्रो स्टेशन के पास बदहवास अवस्था में पड़ी मिली ऋसूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की पूंछताछ पीड़ित नाबालिक ने बताया कि उन्नाव जिले के आसीवन का मूल निवासी रियाजुद्दीन उर्फ रहमान ( 20 ) ने उसका अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया।पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को कानपुर रोड स्थित बेहसा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया । आरोपी फिलहाल दुबग्गा थाना क्षेत्र के सीतापुर बाईपास स्थित बेगारिया में रहता है।

## अवैध सम्बन्ध के चलते पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

बंथरा। थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति के अवैध संबंध किसी अन्य महिला से है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2016 में रंजीत नामक युवक से हुई थी। शादी का 1 साल बीत जाने के बाद उसे पता चला की उसके पति के अवैध संबंध किसी अन्य महिला से हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया मामले ने तूल पकड़ा तो सुलह समझौता के बाद फिर से उसने साथ में रख लिया। पीड़िता के अनुसार उसने इस मामले में बीते 12 नवंबर 2021 को बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने स्थानीय नेताओं के दबाव के चलते उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने बताया उसके पिता ने रंजीत को कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना और बीती 10 फरवरी को उसने फिर से मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता वर्तमान समय में अपने मायके सोहरामऊ उन्नाव में रह रही है। उसके दो बच्चे एक चार वर्षीय पुत्र और एक वर्षीय पुत्री है। उन्होंने एसीपी कृष्णा नगर से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की एसीपी कृष्णा नगर के आदेश पर बंथरा पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेलवे कॉलोनी सूबेदारगंज में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



## 50 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे की रेलगांव कॉलोनी सूबेदारगंज में शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 को एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरसात के मौसम का लाभ उठाते हुए यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम के तहत नींबू, करोंदा, आंवला, अनार समेत विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान मुख्य पर्यावरण प्रबंधक शिव कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। शिव कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पर्यवेक्षकों और हॉर्टिकल्चर कर्मियों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

# लखनऊ मेट्रो इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स के वार्षिकोत्सव में नर्सिंग छात्रों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ मेट्रो इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स का शुक्रवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग के पांचवें, चौथे और दूसरे सेमेस्टर के छात्रों के साथ-साथ जीएनएम के तीसरे वर्ष(चौथे बैच), दूसरे वर्ष(पांचवें बैच) और पहले वर्ष(छठे बैच) के छात्रों और एएनएम के दूसरे वर्ष(चौथे बैच) और पहले वर्ष(पांचवें बैच) के छात्रों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे एवं मंत्री असिम अरुण समाज कल्याण, एससी एसटी कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश मौजूद रहे। इस मौके पर पांच सौ से अधिक बच्चों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान अपने संबोधन में डॉ. फहद इस्लाही ने कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होगा। हमें अपने ज्ञान और कौशल को अद्यतन रखना होगा और समाज की सेवा करने के लिए तत्पर रहना होगा। हमें अपने छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रेरित करना होगा। डॉ. आतिफा सिद्दीकी ने कहा कि लखनऊ मेट्रो इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स एक ऐसा संस्थान है जो नर्सिंग के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है। हमें अपने छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना होगा।

# यूपीएल फैक्ट्री के गार्ड व इंचार्ज की गुंडागर्दी ट्रक चालक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा

## ट्रक चालक के साथ हुई मारपीट का सोशल मीडिया में खूब हुआ वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित यूपीएल फैक्ट्री में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। फैक्ट्री में माल उतारने के बाद वापस लौट रहे ट्रक चालक अजय कुमार तिवारी के साथ फैक्ट्री के गार्ड और इंचार्ज सहित करीब 5 से 6 लोगों ने बेरहमी से मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चालक को पकड़कर पीटे जाने की तस्वीरें साफ देखी जा सकती हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक अजय कुमार तिवारी फैक्ट्री में माल सप्लाई करके जैसे ही बाहर निकला, फैक्ट्री के गार्ड और इंचार्ज ने किसी बात को लेकर उसे रोक लिया। देखते ही देखते वहां मौजूद करीब आधा दर्जन लोगों ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कुछ लोग अजय को पकड़े हुए हैं, जबकि बाकी लोग उस पर लगातार हमला कर रहे हैं।स्थानीय लोगों ने बताया यह कोई पहली बार नहीं है जब यूपीएल फैक्ट्री के कर्मचारियों पर इस तरह के आरोप लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि फैक्ट्री के गार्ड और इंचार्ज का रवैया पहले से ही काफी बदसलूकी भरा रहा है। आए दिन ड्राइवरों और स्थानीय लोगों के साथ उनके द्वारा बदतमीजी और मारपीट की घटनाएं सामने आती रही हैं।ट्रक चालक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्रीय लोगों और ट्रक यूनियन में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।घटना के बाद अब तक फैक्ट्री प्रबंधन या स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ रही है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर कैसे एक निजी फैक्ट्री में इस तरह की मनमानी और हिंसा को खुली छूट दी जा रही है।ट्रक चालक अजय कुमार तिवारी के साथ हुई यह बर्बरता न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कैसे कुछ निजी संस्थानों में अनुशासन के नाम पर गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और दोषियों को कब तक सजा मिलती है। वही मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित ट्रक चालक द्वारा दी गई तहरीर पर हल्का दरोगा को जांच के लिए आदेशित किया है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी

# बलरामपुर चिकित्सालय की निदेशिका से पत्रकारो की औपचारिक मुलाक़ात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डाक्टर कविता आर्या ये नाम है बलरामपुर अस्पताल की निदेशिका का जिन्होंने अपना पद भार हाल मे ही संभाला है। बलरामपुर चिकित्सालय मे हर आम और खास बीमार व्यक्ति यहाँ अपने बेहतर इलाज के लिए जाता है जिस कारण ये अस्पताल भी हमेशा चर्चा मे रहता है अब नव नियुक्त निदेशिका डॉक्टर कविता आर्या अपनी कार्य प्रणाली से मरीज़ों के लिए किस तरह का इंज़ाम बेहतर करेंगी इन्ही सब बातों को लेकर वरिष्ठ पत्रकारो के समूह ने उनसे भेंट कर बधाई और शुभकामनाए दी इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार राहुल गुप्ता एस खान आरिफ मुकीम हिमांशु भटनागर देवेन्द्र श्रीवास्तव चार्द आदि शामिल हुए।

# दीन का बुनियादी इल्म हासिल करहर मुसलमान मर्द ओ औरत पर फ़र्ज़ है: मौलाना आफ़ताब आलम नदवी ख़ैराबादी

## समर क्लासेज़ के समापन समारोह में छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सामाजिक संस्था ''मुस्लिम यूथ ब्रदर्स एजूकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसायटी'' द्वारा संचालित''जामियातुल मुस्लिमात अल-इस्लामिया'' अली मियां कालोनी फ़रीदीपुर दुबग्गा में एक माह तक चले इस्लामी समर क्लासेज़ में स्कूल/कॉलेज जाने वाली मुस्लिम छात्राओं को इस्लाम की अनिवार्य शिक्षा दी गई। इस तरह गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना आफ़ताब आलम नदवी ख़ैराबादी प्रचारक दारुल उलूम नदवतुल उलमा के हाथों इस्लामी समर क्लासेज़ के समापन समारोह में छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि नई पीढ़ी को इस्लामी शिक्षाओं से रुबरु कराना बहुत ज़रूरी है। जामिया के संस्थापक हाफ़िज़ सैयद मुहम्मद वसी ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रिंसिपल तय्यिबा वसी ने सभी अतिथियों और छात्राओं का शुक्रिया अदा किया। अध्यक्षता हाजी क़ारी मोहम्मद यूनुस ने की, मौलाना कफ़ील सिद्दीक़ी, हाफ़िज़ अमीर अहमद और बड़ी संख्या में छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। लिया।

# धोखाधड़ी के आरोपित की गिरफ्तारी पर रोक, राज्य सरकार से जवाब तलब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा के थाना नाई की मंडी में दर्ज धोखाधड़ी और शस्त्र अधिनियम से जुड़े एक मामले में आरोपित भूपेंद्र उर्फ भूपेंद्र सारस्वत और अन्य की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने दिया है। याची पर पुलिस स्टेशन नाई की मंडी, जिला आगरा में 24 मई 2025 को आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25/30 के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया है। याचिका में एफआईआर रद्द करने और गिरफ्तार पर रोक की मांग की गई है।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2025 ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56255298 | Supply & Commissioning of Microprocessor based control & fault diagnostic system (MPCFDS Ver.-3) with remote monitoring and analysis feature for 25 KV AC electric locomotives including control, backup data logging & processing system for Electric Locomotives as per RDSO's Specn. No. ELRS/SPEC/MPC/FDS/0001(Rev.3) of April 2013 or latest of Any. | 28 Set | 02.08.25 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

2011/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पटना विवि के कॉलेजों में 'लॉटरी' से प्रचार्यों की नियुक्ति पर मायावती ने उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बिहार राज्य के पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में लॉटरी के माध्यम से प्रधानाचार्यों (प्रिंसिपल) की नियुक्ति की गई है। यह मामला पूरे देश में चर्चा का बिषय बना हुआ है। इस नियुक्ति को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह से हुई नियुक्ति को लेकर सवाल उठाया और कहा कि किसी भी विशिष्ठ क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कॉलेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिंसिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर में खासकर मीडिया एवं शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है। उन्होंने कहा कि स्थापित परम्परा से हटकर 'लॉटरी' के जरिए नियुक्ति की एक प्रकार से विचित्र व्यवस्था



**किसी भी विशिष्ठ क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए : मायावती**

**क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा? : मायावती**

लागू करने के कारण केवल कला (आर्ट्स) विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार प्राचार्य बन गये हैं जबकि बिहार विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रो. अल्का यादव विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइंस कॉलेज की नई प्रिंसिपल नियुक्त हुई हैं।

बसपा प्रमुख ने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य महाविद्यालय में भी हुई है। यहां पहली बार कला संकाय की महिला प्राध्यापक डॉ. सुहेली मेहता प्राचार्य बनी हैं। हालांकि उनके विषय की पढ़ाई यहां इस कॉलेज में नहीं होती है। साथ ही, महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कॉलेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिंसिपल मिले हैं।

प्रो. एन.पी. वर्मा यहां के नये प्राचार्य होंगे जबकि प्रो. योगेन्द्र कुमार वर्मा की लॉटरी पटना लॉ कालेज के प्रिनसिपल के रूप में निकली है। इसको लेकर लोगों में उत्सूकता है कि 'पारदर्शिता व तटस्था' के नाम पर बिहार सरकार तथा वहां के चांसलर ने भी इस प्रकार लॉटरी के माध्यम से की गयी प्रिंसिपल की नियुक्तियों को सही ठहरा कर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा?

मायावती ने कहा कि वास्तव में कॉलेजों के प्रिनसिपल जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी पूरी पारदर्शिता, तटस्था व ईमानदारी के साथ नियुक्ति नहीं कर पाने की अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ही ऐसा घातक प्रयोग करना लोगों की नजर में उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुधार का कम तथा खराब करने वाला ज्यादा प्रतीत होता है। इसी प्रकार, इसी परम्परा को अपना कर आगे चलकर मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी व अंतरिक्ष विज्ञान आदि जैसी सांइस की उच्च व विशिष्ठ संस्थाओं में भी ग़ैर-एक्सपर्ट नियुक्त किये जायें तो यह ताज्जुब की बात नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि वैसे हमारी पार्टी का यह मानना है कि किसी भी विशिष्ठ क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग ना किया जाये तो उचित है। इससे पहले कि यह रोग गंभीर होकर और ज़्यादा फैले केन्द्र की सरकार को इसका उचित व समुचित संज्ञान लेकर जन व देशहित में जितनी जल्द कार्रवाई करें उतना बेहतर है।

# अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों को और सुदृढ़ करेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अनुदानित विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अवसर**

लखनऊ। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया है। इसके तहत समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित विद्यालयों के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विशेष रूप से अनुसूचित जाति-जनजाति और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 448 अनुदानित प्राथमिक विद्यालय बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त और समाज कल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त कर संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों का प्राथमिक उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इनमें विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चे शामिल हैं।

सरकार का विजन है कि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षण विधियों, बेहतर बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षिक सामग्री भी निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिससे बच्चों के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम हो। सरकार ने अनुदानित विद्यालयों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान की प्रक्रिया को डिजिटल और समयबद्ध बनाया गया है, ताकि धन का दुरुपयोग न हो। यह सुनिश्चित हो कि अनुदान सीधे विद्यालयों के विकास और बच्चों की शिक्षा पर खर्च हो। इसके लिए नियमित निरीक्षण और ऑडिट की व्यवस्था की गई है। साथ ही, इन विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती और प्रशिक्षण प्रक्रिया को भी और सशक्त किया जा रहा है, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में कोई कमी न रहे।

अनुदानित विद्यालयों के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। यह न केवल उनकी शैक्षिक प्रगति को सुनिश्चित करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं को भी मजबूत करता है। योगी सरकार की यह नीति 'सबको शिक्षा, सबका सम्मान' के सिद्धांत को साकार कर रही है।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को समुचित शैक्षिक संसाधन इन विद्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारा प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश एक उदाहरण बने।

# एक मतदाता के लिए यदि पोलिंग बूथ हो सकता है तो विद्यालय क्यों नहीं: अम्बरीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल में जबरन भेजने का षडयंत्र तो नहीं**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के तहत आने वाले कम छात्र संख्या के प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के निर्णय का चहुंओर विरोध हो रहा है। राजनीतिक दलों के अलावा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े शैक्षणिक संगठन, सामाजिक व धार्मिक संगठन भी सरकार के युग्मन योजना का विरोध कर रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अम्बरीश सिंह ने भी सरकार के इस निर्णय पर सवाल उठाया है। अम्बरीश सिंह ने कहा कि शिक्षा वह भी प्राथमिक, व्यापार है क्या जो उसे आर्थिक हानि लाभ के तराजू से तौला जा रहा है?। एक मतदाता के लिए यदि पोलिंग बूथ हो सकता है तो 5 से 10 बच्चों के लिए विद्यालय क्यों नहीं ? विहिप प्रवक्ता ने कहा कि भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में प्राइमरी स्कूल बन्द किए जा रहे हैं। क्या हुआ ''स्कूल चलें हम ''अभियान का ? क्या उत्तर प्रदेश शत प्रतिशत साक्षर हो गया ? जो बच्चे प्राइमरी पाठशाला में जाते हैं उन्हें कुकुरमुत्तों की तरह उगे तथाकथित कॉन्वेंट स्कूल में जबरन भेजने का यह षडयंत्र तो नहीं है ? अम्बरीश सिंह ने कहा कि गांव के अभाव ग्रस्त परिवारों के बालकों के शिक्षा के एकमेव साधन हैं प्राइमरी स्कूल। उनके शिक्षा का स्तर गांवों में चलने वाले कुटीर उद्योग के समान प्राइवेट स्कूलों से काफी ठीक है फिर यह तुगलकी निर्णय क्यों ? किसने लिया यह निर्णय ? अफसरशाही ने ? जिनका इन विद्यालयों से कोई लेना देना नहीं और न ही इन्हें इनकी उपादेयता का ज्ञान है क्योंकि यह उनके जीवन से जुड़े ही नहीं हैं। शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार और उसे उपलब्ध कराना कल्याणकारी शासन का कर्तव्य है। विहिप प्रवक्ता ने कहा कि इस विषय पर राजनीतिक दल विशेषतः शासक दल के आत्ममुग्ध नेताओं और जन प्रतिनिधियों की चुप्पी दुखद और आश्चर्यजनक है, हो भी क्यों न, अब वो जमाना गया जब सबके बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ा करते थे।

# कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण से किसानों को खुशहाल बनाएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ''रेडी टू ईट'' का चलन बढ़ा है। इस चलन के कारण कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की संभावना भी बढ़ी है। डबल इंजन (मोदी और योगी) की सरकार प्रसंस्करण को बढ़ावा भी दे रही है। इसका कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक लाभ होगा। हो भी रहा है। एक आंकड़े के अनुसार देश के कृषि निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है।

वर्ष 2019-2020 में यह 35 अरब डॉलर था। 2024-2025 में यह बढ़कर 51 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें सर्वाधिक हिस्सेदारी फलों और सब्जियों की है। इसे और बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने मुकम्मल रणनीति भी बनाई है। इस बाबत करीब दो दर्जन उत्पादों और उनके लिए सक्षम बाजारों को चुना गया है। निर्यात को सस्ता बनाने के लिए समुद्री मार्ग का सहारा लिया जाएगा। इस पूरी योजना का उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक लाभ संभव है,क्योंकि उत्तर प्रदेश आलू, गन्ना, गेहूं आम और कई सब्जियों के उत्पादन में देश में नंबर एक है। यहां उत्पादन और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि यहां मानव संसाधन के रूप में करीब 56 फीसद युवा हैं। कृषि भूमि का अधिकांश रकबा सिंचित है। नौ तरह की कृषि जलवायु (एग्रो क्लाइमेट जोन) यहां खेतीबाड़ी से जुड़ी हर फसल का उत्पादन संभव बनाती है। इसी आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर कहा करते हैं कि उत्तर प्रदेश पर प्रकृति और परमात्मा की असीम अनुकंपा है। यूपी में भारत का फूड बास्केट बनने की संभावना है। परंपरा और आधुनिकता के संगम के जरिये उत्तर प्रदेश का कृषि उत्पादन चार गुना तक बढ़ सकता है। 2017 में योगी सरकार के आने के बाद और उनके द्वारा किसानों के हित में उठाए गए कदमों से यह लगातार बढ़ भी रहा है। साथ ही सूबे की प्रगति भी। कुछ महीने पहले प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आए नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने यूपी के आर्थिक प्रगति की तारीफ करने के साथ कुछ सलाह भी थी। उन्होंने कहा था, ''उत्तर प्रदेश विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बन सकता है।'' उन्होंने एक जिला-एक उत्पाद योजना को और प्रभावी बनाने के लिए बाजार की मांग के अनुरूप अधिक मूल्य और गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करने और जिलों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की सलाह दी थी। योगी सरकार पहले से ही इन चीजों पर अमल कर रही है। ओडीओपी के कई उत्पाद (काला नमक धान, केला, गुड़, आंवला, आम, अमरूद आदि) ओडीओपी में शामिल हैं। सरकार इन उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की स्थापना कर रही है। डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान भी बन चुका है। फलों और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए हर जिले में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे हैं। इजराइल और डेनमार्क की मदद से खास औद्यानिक फसलों के लिए भी ऐसे सेंटर या तो बनाए जा चुके हैं या प्रस्तावित हैं। योगी सरकार की योजना एक हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी बनाने की भी है। इन सबका नतीजा है कि खाद्यान्न उत्पादन के साथ इनके प्रसंस्करण की इकाइयां भी बढ़ रही हैं। इस संबंध में योगी सरकार का फोकस क्षेत्र के कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार समूह में उत्पादन का है। जैसे बुंदेलखंड में मूंगफली और दलहन की, लखनऊ से सटे आम पट्टी में आम, प्रतापगढ़ में आंवला, आगरा में आलू, और प्रयागराज में अमरूद के प्रसंस्करण की इकाइयां लग सकती हैं। प्रसंस्करण की इकाइयां लग भी रही हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ऐसी इकाइयों के लिए मिले 1188 आवेदनों में 328 मंजूर हो चुकी हैं। इतने को ही लेटर ऑफ कंफर्ट भी जारी हो चुके हैं। प्रसंस्करण के क्षेत्र में अब 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। इससे करीब 60 हजार लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिला है। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते फ्रेश के साथ रेडी टू ईट खाद्य पदार्थों की मांग भी बढ़ेगी। साथ ही निर्यात की संभावनाएं भी।

# लोक निर्माण विभाग में सात मुख्य अभियंताओं को मिली नवीन तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में शुक्रवार को नव प्रोन्नत सात मुख्य अभियंताओं (मुख्य अभियंता, स्तर दो) को नवीन तैनाती मिली। नव प्रोन्नत मुख्य अभियंता स्तर दो (सिविल) चन्द्र प्रकाश को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया।

नव प्रोन्नत मुख्य अभियंता स्तर दो कृष्ण कुमार श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मुख्य अभियंता के पद पर तैनात किया गया। सुधीर कुमार को उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण में मुख्य अभियंता पद पर तैनात किया गया। आनन्द कुमार को मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र एवं कमला शंकर को मुख्य अभियंता मुरादाबाद क्षेत्र बनाया गया है।

वहीं बस्ती क्षेत्र में मुख्य अभियंता पद पर तैनात रहे बच्चू लाल सिंह को सिंचाई विभाग में टीएसी के मुख्य प्राविधिक परीक्षक के पद पर तैनाती मिल गयी है। वहीं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) में हेमराज सिंह को मुख्य अभियंता बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बच्चू लाल और हेमराज को जल्द ही अपनी नवीन तैनाती वाली जगह पर पहुंचने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

# उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन लखनऊ के द्विवार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ। समारोह में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने कहा कि हमें विभाग की ओर से संचालित सभी योजनाओं का लाभ समाज के हाशिये पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए अपने क्षमता वर्धन पर विशेष कार्य करना होगा। इसके लिए माह में एक बार विशेष विषय पर लेक्चर जो वर्चुअली संचालित किया जाये और इसमें विषय विशेषज्ञों के साथ समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित हो। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विभागीय मंत्री से अपनी मांगों और समस्याओं को साझा करते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बंध में अपने कुछ सुझाव भी दिये। समाज कल्याण मंत्री ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया की शीघ्र ही संघ द्वारा उठाये गये मांगों एवं समस्याओं का निराकरण उचित माध्यम द्वारा किया जायेगा। विभागीय मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ यदि प्रात्रों तक समय से पहुंच जाये, तो हमें इससे मानसिक संतोष भी मिलेगा। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी समयशीलता का पालन करें तो हम दुगनी रफ्तार से इसका लाभ प्रात्रों तक पहुंचाने में सक्षम होंगे।

## नशे में धुत शराबियों ने पति का पैर तोड़ बिटिया पर भी किया हमला

लखनऊ,बंथरा । कैनविज टाइम्स संवाददाता इलाके के नींवा शिवदत्त खेड़ा निवासी मंजू ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। मंजू ने बताया कि उनके घर के सामने सरकारी पार्क है जहां पर गांव के ही अरविंद और उनके साथी प्रतिदिन जाकर शराब पीकर हंगामा करते हैं, तथा आपत्तिजनक गंदी गंदी गालियां देते हैं। मंजू के अनुसार हमारे मना करने पर वह लोग नशे में धुत्त होकर हमारे पति और बिटिया पर हमला कर दिया जिससे उनके पति का पैर टूट गया विरोध करने पर आरोपियों ने कहा कि अभी तो तुम्हारे पति का पैर तोड़ा है ज्यादा बोली भी तुम्हारा भी पैर तोड़ देंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

# साइबर ठगों ने लड़की को झांसे में लेकर हड़पे रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर, लखनऊ। एलडीए कॉलोनी स्थित मकान नंबर 71 निवासी वंशिका आहूजा पुत्री जगदीश आहूजा ने गुरुवार को सरोजिनी नगर थाने में लिखित तहरीर देते हुए साइबर ठगों द्वारा धोखे से रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। वंशिका ने बताया है कि उसके पास शाम करीब 7:30 बजे एक फोन आया फोन करने वाले ने बोला कि आपके पिताजी को कुछ रुपये भेजने हैं अपने अकाउंट डिटेल अथवा क्यू आर कोड शेयर कर दीजिए, इसके बाद उसने पैसे आने का मैसेज भी भेजा लेकिन मेरे खाते में कोई पैसा नहीं आया। वंशिका ने बताया कि फोन करने वाले ने मुझे झांसे में लेकर कहा कि मेरे से ज्यादा पैसा तुम्हारे खाते में चला गया है जिसे वापस कर दो इसके बाद मैंने उसे पैसे भेज जोकि मेरे खाते से चार बार में 10 हज़ार, 17 हज़ार, 40 हज़ार व 20 हज़ार कुल 87000 रुपये कट गया। सरोजिनी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जांच पड़ताल की जा रही है।

## अपना दल सोनेलाल में आशीष पटेल का कद घटा, बनाये गये राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

लखनऊ,। अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के भीतर बड़ा फ़ेरबदल करते हुए अभी तक कार्यकारी अध्यक्ष रहे आशीष पटेल के कद को घटाते हुए उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया है। आशीष पटेल के कद घटने के पीछे पार्टी में कई पदाधिकारियों के बगावती स्वर को वजह बतायी जा रही है। बता दें कि आशीष पटेल इस वक्त अपना दल सोनेलाल के कोटे से उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी है। अपना दल सोनेलाल के राष्ट्रीय सचिव मुख्यालय मुन्नर प्रजापति ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि माता बदल तिवारी को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। के.के. पटेल को राष्ट्रीय महासचिव, राकेश यादव को राष्ट्रीय सचिव, अल्का पटेल को राष्ट्रीय सचिव, पप्पू माली को राष्ट्रीय सचिव, डॉ.अमित पटेल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, रेखा वर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना: 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने दी पीसीएस मुख्य परीक्षा 2024

लखनऊ । समाज कल्याण विभाग के मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। हाल ही में संपन्न हुई पीसीएस मुख्य परीक्षा—2024 में योजना से जुड़े 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो अब तक किसी भी योजना से सबसे बड़ी भागीदारी है।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के नेतृत्व में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्रों में गोमती नगर, लखनऊ का भागीदारी भवन सबसे आगे रहा, जहां से 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा दी। हापुड़ केंद्र से 70 से अधिक और आदर्श परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र से 35 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू के विशेष सहयोग से उपाम (उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी) से जुड़े ट्रेनी आईएएस—पीसीएस अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को मेंटरशिप दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने आंसर राइटिंग की व्यवस्था, 24 घंटे लाइब्रेरी की सुविधा, स्टडी मटीरियल की व्यवस्था सुनिश्चित की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराना है। बदायूं निवासी अर्जुन सिंह बताते हैं कि पहले ही प्रयास में मुख्य परीक्षा लिख रहा हूं। योजना से मिले मार्गदर्शन, स्टडी मटीरियल, प्रैक्टिस टेस्ट सीरिज ने मेरी तैयारी को धार दी। फिरोजाबाद निवासी अनंत कुमार बताते हैं कि योजना से मिली मदद के बाद मुख्य परीक्षा दी। यहां 24 घंटे लाइब्रेरी, निःशुल्क आवास, खानपान और पढ़ाई की उत्कृष्ट सुविधा मिली।

# उत्तर प्रदेश में दो निजी विश्वविद्यालयों को मिली स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति**

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने अयोध्या में 'महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय' के संचालन की अनुमति प्रदान की है। वहीं गाजियाबाद में 'अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु आशय-पत्र जारी किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी से उच्च शिक्षा में नवाचार और अधोसंरचना विकास को प्रोत्साहित कर रही है। आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन दोनों प्रस्तावों को समयबद्ध प्रक्रिया के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अंतर्गत अधिसूचित करते हुए अनुज्ञा-पत्र प्रदान किया गया है। यह विश्वविद्यालय अब निर्धारित शर्तों और अधिसूचना के परिप्रेक्ष्य में औपचारिक रूप से संचालन कर सकेगा। वहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी, गाजियाबाद द्वारा प्रस्तावित अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा-6 के अंतर्गत आशय-पत्र जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु न्यूनतम 5 करोड़ रुपये की स्थायी विन्यास निधि, शहरी क्षेत्र में 20 एकड़ भूमि तथा कम से कम 24,000 वर्ग मीटर का शैक्षणिक भवन आदि शर्तों को पूरा करना होगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर में पीएम आवास, गांव में प्रधानी फर्जीवाड़े से दोहरा लाभ उठाने वाली जिम्मेदार प्रधान बेनकाब

**सरकारी योजनाओं के साथ खुला मज़ाक, प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। एक तरफ सरकार पारदर्शिता और पात्रता के दम पर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की बात करती है, तो दूसरी ओर लोकतांत्रिक पदों पर बैठे लोग ही उन योजनाओं को चूसने में लगे हैं।''ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है विकास खण्ड सकरन,की ग्राम पंचायत महाराजनगर से जहाँ की निर्वाचित ग्राम प्रधान गुड़िया पत्नी राजू पर दोहरी पहचान और सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग का गंभीर आरोप है।सूत्रों के अनुसार, गुड़िया ने कस्बा बिसवां के मोहल्ला महाराजगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवास संख्याः 098009117941500040




वित्तीय वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कराया।आश्चर्यजनक रूप से कुछ ही महीनों के भीतर वे ग्राम पंचायत महराजनगर से ग्राम प्रधान पद हेतु नामांकन दाखिल कर विजयी भी घोषित हो गईं। तब से वे सरकारी योजनाओं को ग्रामीण हित में संचालित कर रही हैं, सवाल यह भी है कि किस अधिकार से?, स्पष्ट फर्जीवाड़ा या सिस्टम की खामी? , शहरी क्षेत्र में निवास और आवास योजना का लाभ, ग्रामीण क्षेत्र में नामांकन व निर्वाचित प्रधान,

### नियमों की खुली अवहेलना और प्रशासन की खामोशी

ग्राम पंचायत अधिनियम और चुनाव आयोग की नियमावली के अनुसार, प्रधान पद हेतु स्थायी ग्रामीण निवासी होना अनिवार्य है। जब गुड़िया पहले ही नगरपालिका बिसवां के तहत शहरी लाभार्थी बन चुकी हैं, तो फिर ग्रामीण मतदाता कैसे बनीं? क्या ये दस्तावेजी धोखाधड़ी नहीं?

### प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा प्रश्न प्रशासन की चुप्पी पर उठता है।क्या नगर पालिका और पंचायत विभाग ने समन्वय किया?क्या बीडीओ, पंचायत सचिव व सीडीओ स्तर पर आवास सत्यापन नहीं हुआ?आखिरकार किसके संरक्षण में यह फर्जीवाड़ा संभव हुआ? क्या होगी कार्रवाई? या दबा दी जाएगी फाइल?*ग्राम प्रधान पर लगे इन गंभीर आरोपों की तत्काल जांच होनी चाहिए, क्योंकिः*1. यह सरकारी धन की चोरी है।2. यह चुनाव नियमों का उल्लंघन है।3. यह दोहरी लाभ योजना का क्लासिक केस है।

### गरीब दोषी, प्रधान को छूट

जब एक गरीब महिला दो पेंशन पाने पर दोषी बन जाती है, तो फिर एक निर्वाचित प्रतिनिधि द्वारा दो योजनाओं का लाभ लेना कैसे जायज़ हो सकता है? क्या कानून केवल आम नागरिक के लिए है?

### अब सवाल प्रशासन से

क्या गुड़िया की मूल निवास जांच होगी?, क्या शहरी आवास वापस लिया जाएगा?, क्या ग्राम प्रधान पद निरस्त किया जाएगा?, और सबसे अहम, क्या दोषियों पर एफआईआर होगी?

# डीएम की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान-2025 की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम ने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने लोक भारती संस्था द्वारा अभी तक किये गये कार्यों की सराहना भी की**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में वृक्षारोपण अभियान-2025 की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के 10 विकास खण्डों बेहटा, बिसवां, हरगांव, लहरपुर, महमूदाबाद, पहला, परसेण्डी, रामपुरमथुरा, रेउसा, सकरन में हरिशंकरी माला अभियान योजना के अन्तर्गत हरिशंकरी माला (बरगद, पीपल, पाकड़) रोपण के संबंध में की गयी तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासनादेश के निर्देश के अनुसार पौध रोपण कराया जाये तथा विकास खण्ड स्तर पर तैनात किये गये नोडल अधिकारी चयनित किये गये स्थलों पर शतप्रतिशत अपने पर्यवेक्षण में पौध रोपित कराये जाने तथा कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने अन्य विभागों द्वारा कराये जाने वाले पौध रोपण कार्यों की समीक्षा भी की।जिलाधिकारी ने लोक भारती संस्था के प्रतिनिधियों के साथ की बैठकजिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शिविर कार्यालय में लोक भारती संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनपद में पर्यावरण संरक्षण, नदियों के पुनर्जीवीकरण, प्राकृतिक खेती, पर्यटन संवर्धन आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने लोक भारती संस्था द्वारा अभी तक किये गये कार्यों की सराहना भी की।संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा जनपद में नदियों के जीर्णोद्धार, प्राकृतिक कृषि, नगरीय निकायों में हरिशंकरी माला रोपण, जल संरक्षण, कूड़े से खाद का निर्माण आदि के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किये। नैमिषारण्य क्षेत्र में 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग के प्रत्येक कोस पर हरिशंकरी रोपण तथा नैमिषारण्य के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का चिन्हांकन, पर्यटन संवर्धन आदि के विषय में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। सरकार एवं समाज के सहयोग से जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव भी रखा गया। नैमिषारण्य चक्रतीर्थ में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिये प्रबंध किये जाने का भी सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित भी किया। लोक भारती संस्था के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को लोक सम्मान पत्रिका भी भेंट की।इस दौरान लोक भारती संस्था के प्रदेश संयोजक/सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डे, लोक भारती संस्था के पदाधिकारी ब्रजेन्द्र पाल सिंह, गोपाल उपाध्याय, श्रीकृष्ण चौधरी, कमलेश सिंह, कमलेश पाण्डे, वेद रत्न, देशराज आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा में फर्जीवाड़े की गूंजः दलेलनगर पंचायत में गरीबों का हक डकार रहे प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक, जिम्मेदार मौन

**नाम मात्र मजदूरो कराया जा कार्य , लगभग आधा सैकड़ा लगाई जा रही हाजरी विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत दलेंनगर का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददात




सीतापुर, मछरेहटा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण मजदूरों को रोजगार देने की मंशा से शुरू की गई थी, मगर सीतापुर जिले की ग्राम पंचायत दलेलनगर में ग्रामीणों का आरोप हैं कि मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का जरिया बन गई है। यहां प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक पर नाम मात्र मजदूरों से काम कराकर लगभग आधा सैकड़ा हाजरी लगायी जा रही है । स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कार्यस्थलों पर लगभग आधा सैकड़ा मजदूरों की हाजरी दर्शाई जा रही है, जबकि मौके पर कुछ ही मजदूर काम करते दिखाई देते हैं। महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में बड़े पैमाने पर भी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।ग्राम पंचायत में चर्चा है कि जो लोग हकीकत में काम नहीं कर रहे, उनके नाम पर भी भुगतान हो रहा है। इससे यह साफ होता है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से गरीबों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है।*प्रशासन की चुप्पी बनी सवाल*सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि लगातार खबरे प्रकाशित होने के बावजूद अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके का निरीक्षण नहीं किया, न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। इससे ग्रामीणों में रोष है और यह सवाल उठता है कि क्या प्रशासन की चुप्पी कहीं मिलीभगत का संकेत तो नहीं?

## मनरेगा में भ्रष्टाचार बेलगाम प्रीतमपुर ग्रंट में फर्जी हाजिरी का खेल जारी

सीतापुर,महोली। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना, जो ग्रामीण गरीबों को रोज़गार और सम्मानजनक जीवन देने के लिए चलाई जाती है, अब भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही है। विकासखंड महोली की ग्राम पंचायत प्रीतमपुर ग्रंट में मनरेगा योजना में खुली लूट सामने आई है, जहां नाममात्र मजदूरों से कार्य करवाकर फर्जी हाजिरी का खेल धड़ल्ले से खेला जा रहा है।सरकारी अभिलेखों में मजदूरों की भारी संख्या दर्ज है, लेकिन हकीकत में कार्यस्थल पर कुछ ही मजदूर नजर आते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्य दिखावे भर के हैं, असल में तो सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है। उधर, ब्लॉक स्तर के संबंधित अधिकारी भी इस पूरे मामले में खामोश हैं। न कोई जांच, न कोई निरीक्षण ऽ जिससे साफ है कि इस घोटाले में कई स्तरों पर मिलीभगत है।*उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों को लग रही है चोट*राज्य सरकार जहां मनरेगा के ज़रिए ग्रामीणों की आय दोगुनी करने का प्रयास कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत इससे उलट है।

# मनरेगा बना भ्रष्टाचार का अड्डा, फर्जी हाजरी लगाने का सिलसिला जारी

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रमुवापुर व लालपुर में जारी है मनरेगा का खेल**

**ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से मनरेगा योजना को चढ़ाया जा रहा भ्रष्टाचार की भेंट , जिम्मेदार बने अनजान**

कैनविज टाइम्स संवाददा





मछरेहटा - सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लालपुर व रमुवापुर में मनरेगा योजना में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, यहां महिला और पुरुषों में जमकर फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाम मात्र माजदूरो से काम करवाकर बाकियों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर, सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। इससे न केवल योजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं बल्कि असली मजदूरों को भी उनका हक नहीं मिल पा रहा। जिसमे ब्लॉक स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकरी पूर्णतया संरक्षण देने का काम कर रहे है।गांव के लोगों का कहना है कि प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से ये फर्जीवाड़ा चल रहा है, जबकि असली मजदूर दर-दर भटक रहे हैं।गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि मनरेगा के नाम पर हो रहे इस भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

# मोहम्मदी पुलिस का अमानवीय चेहराः बाइक न देने पर खेत जा रहे किसान को चौकी में बेरहमी से पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर (खीरी)। खीरी जनपद के मोहम्मदी थाना क्षेत्र की रेहरिया पुलिस चौकी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां एक किसान को सिर्फ इसलिए चौकी में बंद कर पाइप और डंडों से बुरी तरह पीटा गया क्योंकि उसने पुलिसकर्मियों को अपनी मोटरसाइकिल देने से मना कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई और एक महिला से भी धक्का-मुक्की की गई।जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजीव कुमार पुत्र इंद्रपाल, ग्राम अयोध्यापुर, थाना हैदराबाद (खीरी) का निवासी है। घटना 3 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 1:30 बजे की है। राजीव मजदूरी करवाने के लिए मजदूरों को लेकर साहिबगंज से महेशपुर जा रहा था, ताकि खेतों में धान की रोपाई करवाई जा सके। उसी दौरान साहिबगंज में रेहरिया चौकी प्रभारी दरोगा हिमांशु सिंह आनंद और सिपाही संदीप ने उसे रोका और उसकी बाइक मांगी।राजीव


श्रीमान थाना प्रभारी निरीक्षक महोदय
कोतवाली मोहम्मदी जिला खीरी
महोदय
दिनांक 03/07/2025
प्रार्थी
राजीव कुमार पुत्र इंद्रपाल
नि० ग्राम अयोध्यापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी
मो०.6386123318

ने पुलिस को बताया कि वह किसी और की बाइक लेकर जा रहा है और उसे मजदूरी करवाने में देर हो जाएगी, इसलिए वह बाइक नहीं दे सकता। इस पर दोनों पुलिसकर्मी भड़क गए और उसे वहीं गालियाँ देते हुए थप्पड़, लात और घूंसों से पीटने लगे।घटना स्थल पर मौजूद पूनम देवी (पत्नी पप्पू) ने जब इसका विरोध किया और पुलिस से पूछा कि बिना किसी कारण मजदूर को क्यों पीटा जा रहा है, तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया गया।चौकी में किया गया अमानवीय व्यवहारइसके बाद राजीव को जबरन रेहरिया पुलिस चौकी ले जाया गया। आरोप है कि वहां उसे बंद कर पाइप और डंडों से पीटा गया और चौकी में तैनात भंडारी से भी उसकी पिटाई करवाई गई। पीड़ित ने बताया कि दरोगा हिमांशु सिंह ने उसे धमकी दी – ''अगर बाइक नहीं दी तो तुझे ऐसा सबक सिखाऊँगा कि मजदूरी करना भूल जाएगा। फर्जी केस में फँसाकर चालान भेज दूँगा।''घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर बड़ी संख्या में मजदूर चौकी के बाहर एकत्र हो गए, जिसके बाद पुलिस ने राजीव को छोड़ा।थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई -- पीड़ित राजीव कुमार ने इस पूरी घटना की लिखित शिकायत थाना मोहम्मदी के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है, या एक बार फिर ऐसी घटनाएं 'आंतरिक जांच' के नाम पर दबा दी जाएंगी।जनमानस में भारीआक्रोश --इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों और मजदूरों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि खेत में काम करने जा रहे मेहनतकश मजदूर भी पुलिस की बर्बरता का शिकार बनेंगे, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा?

## एसडीएम सिधौली ने मोहर्रम को लेकर कमलापुर पुलिस के साथ क्षेत्र का किया भ्रमण



कमलापुर, सीतापुर। आगामी मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा एवं सीओ सिधौली कपूर कुमार व थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जूलूस मार्गो का एवं गांव का निरीक्षण करते हुए क्षेत्रीय लोगों से भाईचारे, प्रेम ,सौहार्द शांति प्रिय ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार महोदय ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं मोहर्रम के दौरान विशेष सावधानी बरतने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वाटर पार्क बनकर हुआ तैयार सात जुलाई से ओपनिंग



बेलरायां खीरी। वाटर पार्क का आनंद लेने के लिए अब आपको दूर जाने की जरूरत नहीं स्थानीय कस्बा बेलरायां में सात जुलाई से शुरू होगा शिवम वाटर पार्क जिसका उद्घाघाटन क्षेत्रीय विधायक पटेल शशांक वर्मा के द्वारा किया जाएगा।जनपद लखीमपुर के निघासन तहसील के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ध्रुव कुमार वर्मा के द्वारा शिवम वाटर पार्क के रूप में एक सौगात देने का काम किया गया है जो पूरी तरह मानकों को पूरा करते हुए बच्चों महिलाओं वा पुरुषों के लिए शिवम वाटर पार्क एक बहुत ही बेहतरीन वाटर पार्क है। पार्क में बच्चों महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है वाटर पार्क आज के समय विकास के इस दौर में लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र होता है इसका आनंद उठाने के लिए इलाके के लोग लगभग 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद जाते थे बेलरायां में वाटर पार्क बनने से जहां लोग इसका आनंद लेंगे वहीं वाटर पार्क के समीप ही दुधवा नेशनल पार्क का हरा भरा जंगल जो अपने आपमें एक प्राकृतिक सौंदर्य की छठा बिखेरता है आने वाले लोग इसका भी आनंद लेंगे। ध्रुव वर्मा ने बताया कि वाटर पार्क में छोटे बच्चों को देखते हुए कम गहराई के और वयस्कों के लिए उचित गहराई के स्विमिंग पूल बनाए गए हैं वाटर पार्क को विभिन्न प्रकार के वाटर इंस्ट्यूमेन्ट से सजाया गया है।यह वाटर पार्क जनपद लखीमपुर की निघासन तहसील से कड़िया डांगा के रास्ते में ग्राम पंचायत भिड़ौरी के भूलनपुर गांव वा दुधवा नेशनल पार्क के समीप है।शिवम वाटर पार्क कम से कम ?100 टिकट किया गया है क्योंकि हर श्रेणी के लोग आनंद ले सकें ग्रामीण रामपाल,गुड्डू,कन्हैया वर्मा,मुन्नू वर्मा चंद्र मोहन व्यापार मंडल मंत्री चीनी मिल बेलरायां डेली गेट ने बताया वाटर पार्क के बनने से क्षेत्रवासियों में बहुत खुशी की बात है वाटर पार्क का आनंद लेने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था अब हमारे क्षेत्र में होने से क्षेत्रवासियो में बहुत खुशी की लहर है आप अपने परिवार के साथ जाकर के इस वाटर पार्क का आनंद ले सकते हैं।

# फर्जी रिकवरी रैकेट सक्रिय, किश्त पर लिए वाहनों की चेकिंग के नाम पर वसूली का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज क्षेत्र में इन दिनों फाइनेंस कंपनियों के नाम पर चल रहा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बीते तीन माह से मुख्य चौराहे, टोल प्लाजा और बाईपास जैसे सार्वजनिक स्थानों पर कुछ संदिग्ध लोग दोपहिया और अन्य वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं, विशेष रूप से ऐसे वाहन जिनकी किश्तें किसी कारणवश समय पर जमा नहीं हो सकीं। इन व्यक्तियों द्वारा खुद को फाइनेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर वाहन चालकों से किश्त भरने का दबाव डाला जा रहा है। पैसा न होने की स्थिति में 1000 से 1500 रुपये लेकर वाहन छोड़ दिया जाता है, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह केवल डर और दबाव के माध्यम से की जा रही वसूली है, न कि कोई वैधानिक प्रक्रिया।*सुनियोजित है जालसाजी का तंत्र*विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह पूरा खेल एक सुव्यवस्थित दलाली तंत्र के माध्यम से चलाया जा रहा है। कुछ लोग बाकायदा वाहन मालिकों की वित्तीय स्थिति और किश्त की जानकारी लेकर उन्हें निशाना बना रहे हैं। यह न केवल फर्जीवाड़ा है बल्कि आम जनता की सुरक्षा और निजता पर भी एक गंभीर हमला है।*प्रशासन से अपील*जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन से मांग है कि इस मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही फाइनेंस कंपनियों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधिकृत एजेंटों की जानकारी सार्वजनिक करें ताकि ऐसे फर्जी वसूली गिरोहों पर अंकुश लगाया जा सके*जनता से अनुरोध*यदि कोई व्यक्ति फाइनेंस एजेंट बनकर आपसे पैसे की मांग करे तो उसकी पहचान, आईडी कार्ड और कंपनी से संबंधित दस्तावेज अवश्य जांचें। किसी भी प्रकार के दबाव में आकर पैसे न दें, और ऐसी किसी भी घटना की तत्काल सूचना नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। इस तरह की घटनाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग या फोटो साक्ष्य जुटाकर प्रशासन को भेजें, ताकि जांच में मदद मिल सके।

# स्कूल चलो अभियान के तहत जिलेभर में नव-प्रवेशित बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत

**सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत, खुद बने शिक्षक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में ''स्कूल चलो अभियान'' एक प्रेरणादायक उत्सव बनकर सामने आया। रमुआपुर सत्ती के प्राथमिक विद्यालय में यह अभियान बच्चों की मुस्कुराहट, पौधों की हरियाली और कक्षा में जिज्ञासा से जीवंत हो उठा, जब सीडीओ अभिषेक कुमार खुद स्कूल पहुंचे।सीडीओ ने नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और तालियों की गूंज के साथ किया। उन्होंने कहा कि ''हर बच्चा जो स्कूल आता है, वह सिर्फ पढ़ने नहीं आतावह सपना देखने आता है। हमें उसका सपना सहेजना है। विद्यालय परिसर में सीडीओ ने खुद बच्चों के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि एक पौधा, एक सांस, और एक जीवन के बराबर होता है। जब हर बच्चा एक पौधा लगाएगा और उसकी देखरेख करेगा, तभी हम पर्यावरण को बचा सकेंगे। विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षकों की सजगता और डिजिटल बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। कहा कि सरकारी स्कूलों में जो सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है, वह सामूहिक प्रयास का परिणाम है।*सीडीओ ने खुद पढ़ाया विज्ञान, प्रिज्म से दिखाया इंद्रधनुष*डिजिटल बोर्ड के सामने खड़े होकर सीडीओ अभिषेक कुमार ने बच्चों को विज्ञान के बेहद दिलचस्प प्रयोग से जोड़ा। उन्होंने प्रिज्म के माध्यम से सूर्य की किरणों को सात रंगों में विभाजित कर दिखाया, जिससे कक्षा में बैठे नन्हें छात्र-छात्राएं विज्ञान को खेल की तरह समझते दिखे। इसके बाद उन्होंने डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को काफी रोचक ढंग से पढ़ाया।*अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों का उत्साह बढ़ा, स्कूलों में दिखा उत्सव जैसा माहौल*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद के 129 परिषदीय विद्यालयों में जिला, तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी खुद पहुंचे और स्कूल चलो अभियान को गति दी। अभियान के तहत प्रत्येक एसआरजी अपने मूल विद्यालय, एआरपी अपने गोद लिए स्कूल और ग्राम सचिव अपने जिम्मेदार ग्रामों के विद्यालयों में उपस्थित रहे।अधिकारियों की भागीदारी से बच्चों और अभिभावकों में भरोसा बढ़ा।

## गंदे पानी में डूबा विकास का दरवाज़ा, जान जोखिम में डाल रहे लोग



लखीमपुर खीरी। ब्लॉक लखीमपुर के मुख्य प्रवेश द्वार पर लंबे समय से भरे गंदे पानी ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। रास्ते में लगातार हो रहे जलभराव से जहां लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है, वहीं फिसलकर गिरने की घटनाएं भी रोजमर्रा की बात बन चुकी हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, कई बार शिकायत के बावजूद न तो जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई और न ही इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है।इस जलभराव वाले रास्ते में लगा बिजली का पोल बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। बरसात के दिनों में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कहीं करंट फैल गया तो जानमाल का भारी नुकसान हो सकता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, मगर नतीजा सिफर रहा। न जल निकासी की कोई ठोस योजना बनी, न ही बिजली पोल को हटाने की पहल की गई। इससे नाराज और डरे हुए स्थानीय निवासी अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।*क्या किसी बड़ी अनहोनी के बाद जागेगा प्रशासन?*लोगों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता के चलते उन्हें हर रोज जान जोखिम में डालकर ब्लॉक में प्रवेश करना पड़ता है। अब सवाल उठता है कि क्या कोई बड़ी दुर्घटना होने के बाद ही अधिकारी जागेंगे? या फिर इस समस्या का समय रहते समाधान होगा?स्थानीय लोगों ने एक बार फिर प्रशासन से अपील की है कि तत्काल इस जलभराव की निकासी कराई जाए और बिजली के पोल को हटाकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि कोई हादसा न हो।अब देखना होगा कि प्रशासन इस बार जागता है या फिर लोगों की आवाज फिर से अनसुनी रह जाती है।

# प्रदेश में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बच्चों का किया जा रहा है संरक्षण, बाल विकास व पुनर्वास

**''मिशन वात्सल्य'' को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को सवांरा है। बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं सहित वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिलाओं, अनुसचित जाति/जनजाति के लोगों पिछड़ों, गरीबों श्रमिकों सहित समाज के कमजोर वर्गों को रोजगार के अवसर सहित विभिन्न संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना ''मिशन वात्सल्य'' (पूर्व की बाल संरक्षण सेवा योजना) शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक ईको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। ष्मिशन वात्सल्यष अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखभाल को बढ़ावा दिया जाता है।

''मिशन वात्सल्य'' के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। ''मिशन वात्सल्य'' को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया गया है। मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित है। ''मिशन वात्सल्य'' के अंतर्गत घर से भागे हुये बच्चों, गुमशुदा बच्चों, तस्करी किये गये बच्चों, कामकाजी बच्चों, गली मोहल्लों में रहने वाले, बाल भिखारी, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले बच्चों आदि की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा खोले गये आश्रयों में उनका विकास किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों के प्रदेश में कुल 58 राजकीय संस्थायें (27) राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, 08 बाल गृह (बालक), 05 बाल गृह (बालिका), 06 बाल गृह (शिशु), 05 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 02 विशेष गृह, 01 प्लेस ऑफ सेफ्टी, 05 पश्चात्वर्ती देख रेख संगठन) संचालित है। साथ ही पी0पी0पी0 मॉडल के अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से जनपद लखनऊ में मानसिक मंदित विशेषीकृत बच्चों के लिए 02 राजकीय विशेषीकृत संस्थायें संचालित है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक कुल 1713 बालकों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया है। अभी तक 1007 बच्चों को स्पॉन्सरशिप से तथा 05 बच्चों को फॉस्टर केयर के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक कुल 93658 बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों से मिलाया गया तथा 1707 संभावित बाल विवाह रोके गये हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में मानचित्रों को स्वीकृत, निस्तारित के लिये कैप का आयोजन 10 जुलाई को

रायबरेली। आम जन मानस को सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत शमन मानचित्र एवं ओबीपीएएस पोर्टल पर प्राप्त मानचित्रों को स्वीकृत/निस्तारित करने हेतु जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2025 को 10:30 बजे 1:30 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में समाधान दिवस/कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शमन मानचित्र एवं ओबीपीएएस पोर्टल पर ग्रुप्त मानचित्रों की स्वीकृति/निस्तारण एक ही पटल पर किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अपना आवेदन शमन मानचित्र प्राधिकरण कार्यालय व भवन मानचित्र ओबीपीएएस पोर्टल पर जमा कर सकते है। जन मानस से अपील है कि अपने भवनों का शमन/ओबीपीएएस पोर्टल पर मानचित्रों की स्वीकृति/निस्तारण कराने हेतु आयोजित समाधान दिवस कैम्प मे उपस्थित होकर निस्तारण करा सकते है।

## मोहर्रम के 8वीं के जुलूस में उमड़ा जन सैलाब पुलिस प्रशासन मुस्तौद



महराजगंज,रायबरेली। मोहर्रम के त्यौहार के मंदे नजर जहां क्षेत्र के अनेक गांवों में प्रतिदिन अलग-अलग तरह से मोहर्रम के त्योहार को लेकर जुलूस निकाले जा रहे हैं। वहीं आज सुबह महराजगंज वारसी नगर से भी एक विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा ।बताते चले कि आज दिन शुक्रवार कस्बे के वार्ड नंबर 5 वारसी नगर से मोहर्रम के आठवीं के मौके पर एक विशाल जुलूस का सुबह से निकाला गया जो वारसी नगर से होते हुए रंधावा रोड व घस मंडी तिराहा से होते हुए कस्बे के मुडू का पूर्वा में पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। जिस पर चपे चपे पर भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा तो वही विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज के मोहर्रम के आठवीं के जुलूस के अवसर पर युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया । इस मौके पर लाल मनिहार, मो. फारूक बाबू, मुस्तकीम अली, अमजद इरशाद, आलम फिरोज, अहमद ,मो. मारूफ, मो. अलीम, नूरुल हसन, मुस्ताक रायानी ,मो. इश्तियाक हाजी जिया उल हक मो. इमरान, मो. रज्जू ,मो. मजीद, मो. अनस, असगर मदारिया व एस आई दिनेश गोस्वामी के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## अमर शहीद के पैतृक गांव रूढ़ा में दर्जनों गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर जल भराव



कमलापुर, सीतापुर। कैप्टन मनोज पांडे के पैतृक गांव से होकर दर्जनों गांवों के संपर्क मार्ग रूढ़ा ( डीह) पर प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में जलभराव वह कीचड़ की समस्या बनी रहती है। कई माह तक जल भराव कीचड़ रहने से हजारों छात्रों से लेकर राहगीरों को उसे गंदे कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है। आसपास आवासीय घरों में बीमारी महामारी फैलने की भी शंका बनी रहती है। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सत्ताधारी मठाधीशों का समय-समय पर आवागमन लगा रहता है। परंतु किसी भी व्यक्ति की ऐसे जल भराव ,कीचड़ , जैसी समस्याओं से ग्रसित स्थानों पर आज तक नजर नहीं पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है। यदि कोई सत्ताधारी आगामी चुनाव की अपेक्षा लेकर गांव आता है। तो स्थानीय लोग ऐसे अंधे सत्ताधारी नेताओं का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा।

## मारपीट करने और धमकी देने पर चार पर केस दर्ज

गोरखपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बाल बुजुर्ग निवासिनी ममता देवी पत्नी सिकन्दर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारे ही गांव के सुरेंदर, गोलू पुत्र रामजीत उर्फ वौखल, अंजू पत्नी सुरेंदर, पूनम पत्नी गोलू ने हमारे घर लाठी व डंडा लेकर आये और गन्दी 2 गाली देते हुए हमारे घर पर पहुंच कर हमारे बच्चे को मारे हैं और मैं भाग कर घर में छुप गयी जो कि हमारे घर का पर्दा फाड़ दिया और दरवाजे पर पीटने लगे और जान से मारने के लिए धमकी भी देने लगे। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त चारों लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# विद्यालयों में कैंप लगाकर विशेष संचारी रोग का चलाया गया अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। क्षेत्र के विद्यालयों में कैंप लगाकर विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अधिकारियों द्वारा छात्रों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के क्रम में समस्त विभागों द्वारा ग्राम पंचायत मोन के प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर में कैंप और जन संचार जन जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव रहे, जिन्होंने अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में बताया और संचारी रोगों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। आपको बता दे कि, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि, विद्यालय में छात्रों को संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। आज शुक्रवार को नारायनपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें खासकर ग्रामीणों और छात्रों को संचारी रोगों से संबंधित जानकारी दी गई है, तथा उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई है। छात्रों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है। जिसमें नियमित रूप से हाथ धोना और आसपास सफाई रखना शामिल है। खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने छात्रों को टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें नियमित टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को उनके परिवार और समुदाय को भी संचारी रोगों से बचने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों और छात्रों ने संचारी रोगों से बचाव के लिए नारे लगाए और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ ली। अभियान के दौरान छात्रों को संचारी रोगों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भी शामिल किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से शिवाकांत तिवारी बीसीपीएम, एडीओ पंचायत सीताराम, ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अमरेश, आशा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी द्वारा सावन माह के दृष्टिगत मंदिरों का किया गया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने आगामी सावन माह के दृष्टिगत बछरावां क्षेत्र में स्थापित भवरेश्वर मंदिर व श्री आस्तीक स्वामी मंदिर, लालूपुर खास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मन्दिर परिसर, घाट व श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग, बैरीकेटिंग, प्रकाश की व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायें, जिससे सावन माह में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो और वह सुगमता से पूजा अर्चना कर सकें। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा व सुगम यातायात के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, जिससे मन्दिर आने वाले श्रद्धालु सुगमता से आकर दर्शन कर सकें व उनके आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# नानपारा में उठे अलम, गूंजा या हुसैन का नारा, ग़म-ए-हुसैन में डूबी गलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मुहर्रम का चाँद नजर आते ही नानपारा नगर में गम, अकीदत और परम्परा का मिलाजुला माहौल बन गया। उसी दिन से नगर में इमाम हुसैन की शहादत की याद में फातिहाख्वानी, मजलिसों और सबीलों का सिलसिला जोरो शोरो पर शुरू हो गया। बाजारों में ताजिया, लोबान, अगरबत्ती और हरे कपड़ो की दुकाने भी सज गयी। सांतवी मुहर्रम के दिन परम्परागत नगर के अलग अलग मोहल्लों में अलमदारों ने छड़ व अलम रखे और फातिहाख्वानी करवाने के साथ ही मजलिसें आयोजित की और सबील व शीरनी का इंतेजाम किया। आपको बता दे नानपारा और आस पास के क्षेत्रों में ताजियों की एक खास पहचान है, जिनकी मांग मुहर्रम में चरम पर होती है। हज़रत इमाम हुसैन की याद में नगरवासियों ने बड़े ही श्रद्धाभाव से मोहर्रम की रस्मों को निभाया। सांतवी के दिन अलमदारों ने अपनी पुरानी रवायतों के साथ सांतवी मुहर्रम का जुलूस नगर के अलग अलग हिस्सो से बड़ी ही अकीदत और मुहब्बत के साथ या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए मुहर्रम कमेटी के नेतृत्व में निकाला। कमेटी के सदर का जुल्फिकार अपने रियासती चैक पुरानी बाजार से उठकर चिकवा टोला, कसाई टोला, पुरानी बाजार आदि स्थानों से होता हुए बाबा माधवदास मंदिर पहुंचा जहाँ पर सुरक्षा की दृष्टि से सीओ नानपारा, एसडीएम नानपारा, कोतवाल रामाज्ञा सिंह व कस्बा चौकी प्रभारी पूर्णेश नारायण पांडे सहित चेयरमैन नगर पालिका परिषद अब्दुल वहीद भी मौजूद रहे। अलमदार वहाँ से निकलकर अपने मिलान स्थल पानी टंकी के पास पहुंचा जहाँ चौधरी के जुल्फिकार का रियासत के जुल्फिकार से मिलान हुआ उसके बाद सभी अलमदारों ने अपने अपने छड़ो व अलम का मिलान कराया। इस दौरान जगह जगह अकीदतमंदों ने खीर, सबील व खिचड़े आदि का स्टॉल लगाया हुआ था। मुहर्रम की रस्मों को सौहार्दपूर्ण और अनुशासित वातावरण में सम्पन्न करवाने हेतु कमेटी के सदर नदीम चैधरी के साथ सै0 अब्दुल वली, शफीक कुरैशी, मुबारक अली आदि ग्राउंड लेवल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और सकुशल मिलान करवाया।

# गंभीर अवस्था में मिली महिला,जिंदगी और मौत से जूझ रही पीड़िता

**महिला के साथ दुष्कर्म के बाद क्रूर वारदात की अशंका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उनवल, गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। थाना मुख्यालय से मात्र 100 मीटर दूर, बीआरसी खजनी के पीछे एक 40 वर्षीय महिला पर शुक्रवार तड़के भोर में बर्बर हमला होना माना जा रहा है । अज्ञात हमलावरों ने ईंट से महिला को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वर्तमान में वह मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है।घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह 9 बजे स्कूल स्टाफ ने बीआरसी परिसर के पास कराहने की आवाज सुनी। पहले इसे जानवर की आवाज समझा गया, लेकिन कराहट बढ़ने पर जांच की गई तो खून से लथपथ महिला दर्द से तड़पती मिली। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। स्कूल स्टाफ ने तुरंत खजनी पुलिस को सूचना दी। एसओ खजनी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज भिजवाया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी साउथ जितेंद्र कुमार और सीओ खजनी उदय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद इस क्रूर वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि, महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसकी शिनाख्त और बयान दर्ज नहीं हो सका है। पुलिस बीआरसी परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और हर पहलू से मामले की तहकीकात में जुटी है।यह घटना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के पैतृक गांव रुद्रपुर के पास हुई, जो थाना और बीआरसी से बेहद करीब है। इतनी नजदीकी के बावजूद हमलावर महिला को मृत समझकर फरार हो गए। पुलिस युद्धस्तर पर हमलावरों की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। इस अमानवीय घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग स्तब्ध हैं और पीड़िता को न्याय की मांग कर रहे हैं।

# मेंड़ बांधने की बात को लेकर दो पक्षो में मारपीट, सात घायल, आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसा में गुरुवार को खेत में मेंड़ बांधने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिससे सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसा निवासी सुजीत कुमार पुत्र शिव वचन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते गुरुवार को सुबह सात बजे के करीब मैं अपने खेत में मेंड़ बांध रहा था, तभी हमारे खेत के पड़ोसी राजन की पत्नी लीलावती देवी, रामभरत व विपीन पुत्रगण राजन और राजन की पुत्री नीतू भद्दी- भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मुझे सुजीत कुमार, माता आशा देवी और पिता शिव वचन को लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपीयो पर मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष से ग्राम कुरसा निवासिनी लीलावती देवी पत्नी राजन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते गुरुवार को खेत में मेंड़ बांधने की बात को लेकर हमारे खेत के पड़ोसी सुजीत पुत्र शिववचन, सुनील पुत्र स्व राम बचन, राम मूरत व शिव चरन पुत्र गण अज्ञात ने मुझे लीलावती देवी, बेटा राम भरत व विपीन और लड़की नीतू क लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर जान-माल की धमकी दिए, पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पंचकर्म कुटिया में सेवा देने के लिए एक विशेषज्ञ बुलाया गया

गोरखपुर। आयुष विश्वविद्यालय के पंचकर्म कुटिया में केरला से एक विशेषज्ञ बुलाया गया। बाकी दस और आएंगे। आयुष विश्वविद्यालय के पंचकर्म कुटिया में पानी हवा मिट्टी से इलाज किया जाता है। रोगी के शरीर पर समय समय पर विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक तथा तेलों तथा मिट्टी का लेप भी किया जाता है। उबलते हुए औषधीय पानी का भी सेवन किया जाता है। इन सब कामों के लिए,केरल प्रदेश से दस महिला पुरुष का जोड़ा आयुष विश्वविद्यालय में आकर सेवा प्रदान करेंगे। अभी तक एक विशेषज्ञ आ चुका हैं। बाकी और एक सप्ताह के अन्दर आने की सम्भावना है। केरला प्रदेश कोआम जिला का रहने वाला विशेषज्ञ अंग्रेजी भाषी ने अपना नाम मनगलन बताया । उसने बताया सुबह 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक जनता के बीच रहकर सेवा देना है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग घायल, गंभीर

सरदारनगर , गोरखपुर । चौरी चौरा थाना क्षेत्र के भरतपुर भरटोलिया निवासी मिठाईलाल 70 पुत्र काशी राजभर अज्ञात वाहन के जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से सीएचसी चौरीचौरा भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है। भरतपुर भरटोलिया निवासी मिठाई लाल अपनी बिक्की गाड़ी से देवीपुर पेट्रोलपंप पर तेल भराने के लिए सड़क से मूड रहे थे। उसी दौरान तेज गति से जा रहे ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मिठाई लाल सरदार नगर के भौवापार से चौरी चौरा के भरतपुर भरटोलिया अपने घर जा रहे थे।

# अवैध वसूली करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**दोनों आरोपियों पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। थाना क्षेत्र में अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि, यूपी के रायबरेली में चंदापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर चौराहे पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली किए जाने के बाबत गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने इश्तियाक पुत्र अली हसन की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों गोविंद कुमार उर्फ गोविंदा पुत्र शीतला प्रसाद निवासी वार्ड नंबर एक गांधीनगर थाना महराजगंज और दूसरे आरोपी शैलेंद्र सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी पुरे सधई मजरे अतरेहटा थाना महराजगंज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत द्विदेदी ने बताया कि, दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत मिली थी कि, ऑटो रिक्शा चालकों से दोनों आरोपी अवैध वसूली करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से वसूली के कुल 37 सौ रुपए भी बरामद किए गए हैं।

# बीडीओ,एपीओ व तकनीकी सहायक की छत्र छाया में चल रहा मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार

**हलधरमऊ ब्लॉक में तीन तिकड़ी ए सी कमरे में बैठ कर सरकार को लगा रहे करोड़ों का चूना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरे गा योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमि तता को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा न सिर्फ सख्त हैं बल्कि लगातार कार्रवाई भी कर रही हैं लेकिन बीडीओ,एपीओ,और तकनीकी सहाय क की तिकड़ी क़े मिली भगत के चलते जिले के हलधर मऊ विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टाचार अपनी च रम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहायक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सरकार की अतिमह त्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरे गा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत उमरिया व सोनवाऱ में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है।ग्राम पंचा यत उमरिया में जगदंबा के खेत से गणेश के खेत तक नाला खुदाई का चार कार्यों पर मस्टर रोल में 128 श्रमिक दिखाए गए लेकिन जी फोटो अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई से पर्दा उठ गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत वीरपुर में भी तीन कार्यों के लिए 75 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है, लेकिन गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा है।मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल ब्लॉक हल धरमऊ में बेखौफ जारी है।जिस तरह से हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है,वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर



खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को न हीं मिल पा रहा है।ग्रामी ण इसके लिए खंड विकास अधिकारी,प्रमुख और तकनीकी सहायक को ज्यादा जिम्मेदार बता रहे हैं।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 128, कहीं 108, तो कहीं 105 तो कही 75 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।वहीं दूसरी तर फ,सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमि क काम करते हैं।इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपीओ ही जि म्मेदार नहीं है,बल्कि विकास भवन में बैठे डीसी मनरेगा क़े ऑफिस में बैठे कुछ बाबू व ब्लॉक के अफसर,ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है।बेरो जगारों को रोजगार मुहैया कराने के नाम पर नि दुरा, उमरिया,गुड़सरा,वीरपुर मालौना, पतीसा, रोनवारी,पंडरिया, नकहाबसंत और धोबाहाराय के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योजना को पलीता लगाने का ऐसा जाल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कहा जा सकता है।

### बीडीओ ने दे रखी लूट की छूट

गांव वालो का आरोप है कि हलधर मऊ ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगा कर इस लूट में शामिल बताए जाते है इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्ते माल करके मनरेगा योजना में हेराफ़ेरी की जा रही है,साथ ही पारदर्शिता के लिए बनाया गया एनएमएम एस ऐप को भी भ्रष्टाचार का मजबूत हथियार बना लिया गया है।बताते हैं कि पंचा यतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फ र्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्न चिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशा सन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैया र नहीं है।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौस ले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा यो जना को पलीता लगा रहे हैं।

### क्या कहते हैं देवीपाटन मंडलायुक्त

देवीपाटन मंडलयुक्त शशि भूषण लाल सुशीलका स्पष्ट कहना है कि मनरेगा जैसी जनहित कारी योजना में लापरवाही अथवा वित्तीय अनि यमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता,पारदर्शिता एवं ग्रामीण जन विश्वास बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।ऐसे में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता अस्वीकार है।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए गी।

## पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति के लिए अन्तिम तिथि 15 सितम्बर

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि पीएम यशस्वी सेन्ट्रल

**योजनान्तर्गत कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत्न योग्य छात्र-छात्राएं जिनके अभिभावक की आय रू. 02.50 लाख वार्षिक तक है**

सेक्टर स्कीम आफ टाप क्लास स्कूल एजुकेशन फार ओबीसी, ईबीसी एण्ड डीएनटी स्कालरशिप योजना के अन्तर्गत पिछड़ी जाति एवं अन्य छात्र-छात्राओं को टाप क्लास शिक्षा प्रदान किया जाना है। उन्होनें बताया कि योजनान्तर्गत कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत्न योग्य छात्र-छात्राएं जिनके अभिभावक की आय रू. 02.50 लाख वार्षिक तक है निर्धारित पोर्टल वाईईटी डाट एनटीए डाट एसी डाट इन पर 15 सितम्बर 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं का चयन मैरिट के आधार पर किया जायेगा।

# योगी सरकार पहल :शुरू हुई मनोरमा नदी के पुनर्जीवन की मुहिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। योगी आदित्यनाथ सरकार न केवल अधु नातन विकास की राह पर अग्रसर है,बल्कि प्रदे श की प्राचीन सांस्कृतिक पहचान और प्राकृति क धरोहरों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।इसी संकल्प का जीवंत उदाहरण बना है प्रदेश का जनपद,जहां मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा मनोरमा नदी के पुनर्जीवन की एक ऐतिहासिक और जनभागी दारी आधा रित पहल शुरू की गई है।यह महज एक नदी की सफाई नहीं,बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृ तिक चेतना और पर्यावरणीय संतुलन की पुनर्स्थापना का संदेश है, जिसे सरकार 'जन आंदोलन' के रूप में आकार दे रही है।गौरतलब है कि मनोरमा नदी का अस्तित्व बीते वर्षों में लगभग समाप्तप्राय हो गया था।गाद,अतिक्रम ण और जलस्रोतों के सूख जाने से इसका जल बहाव बाधित हो गया था।मनोरमा नदी का पुन र्जीवन न केवल जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर होगा,



बल्कि यह जनपद की सांस्कृ तिक और पारिस्थितिक पहचान को फिर से स्थापित करने का माध्यम भी बनेगा।जिले में सांस्कृतिक और भौगोलिक पहचान रही मनोर मा नदी अब एक बार फिर जीवनदायिनी बनने जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्दे शों के क्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नदी के पुनर्जीवन की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत, नदी की सफाई,गाद हटाने,वृक्षारो पण और जनसहभागिता के माध्यम से नदी को फिर से बहाल करने की दिशा में ठोस कार्य वाही की जा रही है।जिलाधिकारी ने मनोरमा सरोवर से निकलने वाली मनोरमा नदी के पूरे प्रवाह पथ का स्थल निरीक्षण करते हुए संबंधि त विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।मनोरमा नदी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, ''मनोरमा नदी केवल जलस्रोत नहीं, हमारी सांस्कृतिक विरासत है।इसका पुनर्जीवन जनपदवासियों के लिए एक गौरव का विषय होगा।'' यह पहल जनपद में एक समग्र पर्यावरणीय और सामाजिक पुनर्जागरण की शुरुआत है।

### वृक्षारोपण और जैव विविधता का संरक्षण

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मनोरमा नदी की दोनों तरफ वृक्षारोपण की योजना बनाई जाए, जिससे नदी तट पर हरियाली बढ़े और जैव विविधता को संरक्षण मिले। इसके अंतर्गत पीपल, नीम, पाकड़ जैसे देशी प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। वन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने पोकलैंड और जेसीबी मशीनों से नदी की गाद और कचरे की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गोण्डा-बलरामपुर रोड से लेकर ताड़ी लाल गांव तक नदी के प्रवाह को पूर्ण रूप से साफ किया जाए और जलधारा को पुनः प्रवाहित किया जाए।

### मनोरमा नदी: सांस्कृतिक धरोहर की प्रतीक

मनोरमा नदी उत्तर प्रदेश की एक 115 किलो मीटर लंबी पौराणिक नदी है,जो गोण्डा और बस्ती जिलों से होकर बहती है।इसका उद्गम गोण्डा जिले के तिर्रेताल से होता है और यह बस्ती के परशुरामपुर क्षेत्र से गुजरते हुए महुली के पास कुआनो नदी में मिल जाती है। इस नदी का नाम महर्षि उद्दालक की पुत्री मनोरमा के नाम पर पड़ा और इसका उल्लेख प्राचीन पुरा णों में भी मिलता है,जिससे इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व स्थापित होता है।मखौड़ा धा म के निकट बहने वाली इस नदी को पवित्र मा ना जाता है और इसे अनेक धार्मि क अनुष्ठानों से भी जोड़ा जाता है।

# मंडलायुक्त ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

**इस दौरान मण्डलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश भी दिये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। शुक्रवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने कटरा बाजार क्षेत्र के भगहरिया पूरे मितई गांव का भ्रमण कर पंचायत भवन,अन्नपूर्णा भवन,प्राथमिक विद्याल य व अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के पश्चात उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संर क्षण का संदेश भी दिया।निरीक्षण के दौरान आ युक्त शशिभूषण लाल सुशील ने विद्यालय का जायजा लिया और पठन-पाठन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह उर्फ वि क्की सिंह ने गांव से काली रोड से कुड़िया गांव तक पांच सौ मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी जिस पर कमिश्नर ने डीसी मनरेगा जनार्दन प्र साद यादव को तत्काल सड़क निर्माण की प्रक्रि या शुरू करने के निर्देश दिए।वहीं,ग्रामीणों ने गां व में बारात घर बनाए जाने की मांग रखी,जिस पर आयुक्त ने शासन को प्रस्ताव भेजने का आ श्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान डीडीओ सुशी ल कुमार श्रीवास्तव,डीसी एनआरएलएम डॉ. जेएन,एडीओ आईएसबी विजय बहादुर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय,बीएमएम विकास करुणा,दयाराम यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कप्तान सिंह व उमेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।ग्रामीणों ने आयुक्त का स्वागत करते हुए अपनी समस्याएं साझा कीं।

# नकली डीएपी खाद बेचने वाले की दुकान सील दुकानदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

**जांच में पाया गया कि बोरियों का रंग सामान्य डीएपी से अलग था मौके पर पानी और चूना मिलाकर जांच की गई इससे खाद के नकली होने की पुष्टि हो गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में कृषि विभाग ने नकली डीएपी खाद बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जिला कृषि अधिकारी की टीम ने बेलसर के दुर्गागंज चौराहे पर



स्थित रामगोपाल बीज एवं खाद भंडार पर छापा मारा। दुकान से तीन बोरी संदिग्ध डीएपी बरामद हुई।

जांच में पाया गया कि बोरियों का रंग सामान्य डीएपी से अलग था मौके पर पानी और चूना मिलाकर जांच की गई इससे खाद के नकली होने की पुष्टि हो गई है। दुकान संचालक श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि उसने कुल 50 बोरी डीएपी खरीदी थी।इनमें से 47 बोरी खाद पहले ही बेच दी गई थीं।कृषि विभाग ने दुकान को तत्काल सील कर दिया। दुकान से यूरिया,एनपीके,सिंगल सुपर फास्फ़ेट और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स के नमूने भी लिए गए हैं।इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।किसानों से अपील की गई है कि नक ली खाद या बीज की बिक्री की जानकारी मिल ने पर कृषि विभाग को सूचित करें।सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।रसीद वा ली हर शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। यह कार्रवाई किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए की गई है।

## वाहन चेकिंग अभियान में निरूद्ध किये गये 07 वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बहराइच ने बताया कि सम्भागीय परिवहन अधिकारी देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के निर्देश पर जनपद में 01 से 15 जुलाई 2025 तक समस्त स्कूल वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्कूल वाहनों एवं डबल डेकर बसों की विशेष चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को संचालित किये गये अभियान के दौरान 137 स्कूल वाहनों को चेक किया गया जिसमें मानक के विपरीत पाये गये 20 स्कूल वाहनों का चालान तथा 03 वाहनों को निरूद्ध किया गया। इसी प्रकार डबल डेकर बसों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 04 डबल डेकर बसों को थाने में निरूद्ध करते हुए रू. 3.68 लाख की धनराशि का अनुमानित जुर्माना निर्धारित किया गया है।

# गोंडा सीएमओ के रसूक के आगे क्या स्वास्थ्य निदेशक से लेकर शासन तक नतमस्तक

**स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपए घोटाले का मामले में दो साल से नहीं हुई कोई कार्यवाई**

**कमिश्नर की जांच रिपोर्ट को स्वास्थ्य प्रमुख सचिव ने ठंडे बस्ते में डाला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। स्वास्थ्य विभाग में घोटाले वैसे तो आपने कई मामले सुने होंगे लेकिन क्या आपने ऐसा भी कोई मामला सुना है जिसकी जांच खुद शासन ने कराई हो और कार्रवाई भी शासन स्तर से ही पेंडिंग चल रही हो आप कहेंगे नहीं क्योंकि सरकार में तो योगी राज्य चल रहा है। छोटे-छोटे मामलों में भी जीरो टॉलरेंस की बातकी जाती है तो फिर गोण्डा के स्वास्थ्य विभाग में हुए करोड़ों रुपए को घोटाले का मामला दो साल से आखिर दबाया क्यों जा रहा है .? कहीं और से नहीं पूरे मामले में होने वाले कार्रवाई तो स्वयं शासन अस्तर से ही लंबित चल रही है।जबकि गोंडा की जिस सीएमओ पर घोटाले का आरोप लगा है वह पिछले करीब तीन साल से अपने कुर्सी पर वैसे ही विराजमान है जैसे घोटाले के पहले हुआ करती थी।

अगर आपको यकीन नहीं होता तो कमिश्नर ने घोटाले में जांच की पुष्टि की थी,यह पुस्टि हुई है कि सीडीओ के उस जांच रिपोर्ट में जिसके लिए कमिश्नर को राज मुख्यालय के स्वास्थ्य निदेशालय से आदे श संख्या 263/ जांच /स्वास्थ्य विभाग 2023 /24 दिनांक 11 सितंबर 2023 को जांच के लिए पत्र मिला था।जिसके आधार पर गोंडा में सीडीओ रह चुकी एमअरुण मौली और उन्होंने




अपनी पूरी जांच रिपोर्ट गोंडा में कमिश्नर रहे योगेश्वर राम मिश्रा को सौंप थी जांच में सीडी ओ एम.अरुण मौली ने गोंडा स्वास्थ्य विभाग में हुए करोड़ों रुपए की अनियमित खरीद के साथ ही जैम पोर्टल से हुई नियम विरुद्ध खरीदारी बि ना टेंडर टुकड़ों में दिए गए प्रक्रिया के आदेश पर गंभीर टिप्पणी करते हुए इसे पूरी तरह से गलत माना था।जिसके लिए बाकायदा उन्होंने ने जिस अस्तर से खरीदारी हुई, जिन-जिन मे डिकल स्टोर से दवा की खरीदारी हुई स्टेशनरी का सामान खरीदा गया,सर्जिकल दवा, ग्लव्स, कोविड सामग्री, मास्क,टैलीसीट, मॉनिटरिंग फॉरमैट, बुलावा पर्ची टेबल चेयर कंप्यूटर,प्रिंटर जन आरोग्य सामग्री, आशा डायरी मेट्रो पेंटर, रजिस्टर, फ्लेक्स बैनर सहित न जाने कितने सामान खरीदे गए उन सब की गलत ढंग से खरीदारी पर सवाल उठाए थे। मसलन एक भाषा में यह भी कहा जा सकता है कि सीएम ओ ने निदेशालय के बनाए गए नियमों कि धज्जियां उड़ा दी है।और जिसे भी चाहा उसे करोड़ों रुपए कि सौगात दे दी,इतना ही नहीं जांच में जिन सामानों स्वास्थ्य उपकरणों की जिले की सभी 16 सीएचसी व 66 पीएचसी में आपूर्ति की गई उनके भी मानक वहीं जांच अपने जांच रिपोर्ट में दर्शाया गया है इसके बाद इस पूरे मामले में पूर्व कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने सीडीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर अपनी एक जांच रिपोर्ट एक पात्र स्वास्थ्य निदेशालय में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को भेजा,जो पिछले एक साल से स्वास्थ्य निदेशालय में पड़ी धूल फाक रही है,जबकि अपने रसूक के बल पर गोंडा कि सीएमओ डॉक्टर,रश्मि वर्मा,आज भी अपनी कुर्सी पर विराजमान है।जैसे कि घोटाले के जांच के पहले हुआ करती थी। जिनके चेहरे पर ना तो घोटाले को लेकर कोई शिकन नजर आ रही होगी और ना ही उन्हें इस बात का कोई मलाल है।सीडीओ और कमिश्नर ने उनके खिलाफ 16 पन्ने की जांच रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए शासन को भेजा है।

तो फिलहाल जिस योगी राज्य में हम जीरो टालरेंस की बात करते हैं वैसे कोई कार्रवाई फिलहाल गोंडा स्वास्थ्य विभाग में देखने को नहीं मिली है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग के गलियारों में सीएमओ के रसूक की चर्चा बड़ी जोरों से चल रही है।डेढ़ साल से कार्यवाई के कयास तो लगाए जा रहे थे।लेकिन अभी तक हुआ कुछ भी नहीं ऊपर से गोण्डा स्वास्थ्य विभाग के महकमे का जो बजट 32 करोड़ का है अब उसमे भी खेल लगातार जारी है।

## ट्रेनों के ठहराव के लिए ब्यापरियों ने सौंपा ज्ञापन



बहराइच। करोना काल से बन्द इंटरसिटी समेत अन्य ट्रेनों के ठहराव और टिकट खिडकी यथावत रखने की मांग को लेकर व्यापारियों ने डीआरएम को सम्बोधित ज्ञापन सीनियर डीओएम लखनऊ को सौंपा।रेल संरक्षा आयुक्त के घाघराघाट से कर्नलगंज तक तीसरी लाइन निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान डीआरएम लखनऊ मण्डल गौरव अग्रवाल के आने की सूचना पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र शुक्ला, महामंत्री नीरज अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों ब्यापारी जरवलरोड स्टेशन पर पहुंच गए।डीआरएम से इण्टर सिटी समेत अन्य ट्रेनों का ठहराव करने तथा टिकट खिडकी पूर्ववत बनाए रखने समेत मांगों से सम्बंधित ज्ञापन सीनियर डीओएम अरिजीत सिंह को सौंपा। मांग पत्र में जरवलरोड स्टेशन पर इण्टरसिटी ट्रेन का ठहराव तथा टिकट खिडकी को नए स्टेशन भवन में न ले जाकर पूर्व की भांति बाजार की तरफ रखने की मांग की गई। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल,रजत जैन,अतुल पटवा ,नजर मोहम्मद ,अनिल पटवा, पवन पटवा ,अरविंद पटवा,भाकियू जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह,सुमित गुप्ता, राजन सोनी, रामू पोरवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विद्यालयों के संविलियन पर भड़का शिक्षक संघ , विधायक को सौंपा ज्ञापन

**8 जुलाई को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर धरना देगा संघ**

**प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हजारों विद्यालयों को पेयरिंग के नाम पर बन्द किया जा रहा है । प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया है । इसके अलावे 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का संविलियन किया जा रहा है । शासन के इस निर्णय से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ खफा है ।

जिस क्रम में शुक्रवार को ब्लाक इकाई भटहट कार्यसमिति ने पिपराइच विधायक महेन्द्रपाल सिंह को ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री से सरप्लस प्रधानाध्यापकों को यथास्थिति व संविलियन रोकने का अपील किया है । विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने शिक्षकों की मांग मुख्यमंत्री तक पहचाने का पूर्ण आश्वासन दिया । ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में प्राथमिक विद्यालय में मात्र 18 रिक्तियां है जबकि 759 प्रधानाध्यापक सरप्लस व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 231 रिक्तियों के सापेक्ष 317 प्रधानाध्यापक अतिरिक्त है । ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि 18 प्रधानाध्यापकों के अलावे अन्य प्रधानाध्यापक कहा समायोजित होंगे । ब्लाक संरक्षक व जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि संघ की मांगे नही मानी जाती है तो 8 जुलाई को प्रदेश संगठन के आह्वान पर प्रत्येक जनपद मुख्यालयों पर शिक्षक धरना देते हुए अपना विरोध दर्ज कराएंगे ।

ब्लाक मंत्री जितेंद्र मिश्र व कोषाध्यक्ष रामाज्ञा प्रसाद ने कहा कि 30 जून 2025 को प्रदेश के 822 ब्लाकों में संघ पदाधिकारियों, बन्द किये जाने वाले विद्यालयों के छात्रों के अभिभावकों एवं ग्राम प्रधानों के बैठक में जबरजस्त आक्रोश देखने को मिला । ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्यरूप से जितेन्द्र सिंह,रामकिशुन गुप्ता,रमेश मणि त्रिपाठी,रेनू फ्रांसिस,नवीन सिंह, रविप्रकाश सिन्हा, अनिल पाण्डेय द्वितीय,सुरेन्द्र सिंह,दिलीप कपाड़िया,अंशु सिंह,अशोक चंद्रा, अफजाल समानी,प्रमोद शर्मा,दिलीप,मनोज कुमार,मनोज सिंह,मनीष सिंह,कौशल कुशवाहा,मिथिलेश पाण्डेय,पुण्डरीक्ष पाण्डेय,अमरजीत,गाजी सैयद आला,मुकेश,विष्णु शुक्ला,सीमा त्रिपाठी, अनिल चौधरी,संगीता पाण्डेय,नीतू तिवारी,पुनिता सिंह,मनोज सिंह,प्रतिमा श्रीवास्तव, अभिमन्यु तिवारी,अजीत मिश्रा,मदन तिवारी,सन्तोष तिवारी,विनोद सिंह,रणंजय सिंह,शशिभूषण कुमार,चंदन कुमार,अश्वनी सिंह,प्रभात राय,जयप्रकाश, रमेश मौर्य,जनार्दन मौर्या,शिवेन्द्र प्रताप सिंह,शम्भू प्रसाद सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे । शिक्षिका रेनू फ्रांसिस ने उपस्थित कार्यसमिति को जलपान कराते हुए स्वागत की ।

# विद्यालय विलय की सूचना पर भड़के अभिभावक व प्रधान किया विरोध प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत हरिपुर फुल्हर में स्थित प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर के विलय की सूचना से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में विरोध जताकर सरकार द्वारा दिए गए फैसले को वापस करने की मांग की है। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर को दूसरे विद्यालय नवदिया टोडर में विलय करने के फैसले के खिलाफ ग्राम प्रधान आनंद गिरि सहित अन्य ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। ग्राम प्रधान के साथ मिलकर गांव के कई ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर स्कूल परिसर में विरोध दर्ज कराया है।ग्राम प्रधान ने कहा कि विद्यालय विलय करना विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अधिकारी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े गांव और गरीब तबके के लोगों के साथ भेदभाव कर रही है।जहां पर विद्यालय विलय किया गया हैं। उसकी दूरी दो किलोमीटर है। छोटे बच्चों के लिए यह दूरी काफी है।जिससे बच्चों को आने और जाने में काफी परेशानियों का सामने करना पड़ेगा। विद्यालय का विलय जिस विद्यालय में हुआ है। वहां पर जाने के लिए रास्ते में गन्ने के खेत हैं।जिस पर अक्सर हिंसक जंगली जानवरों का विचरण करते हुए देखा गया है। और अक्सर जंगली जानवरों द्वारा लोगों पर हमले की घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही आवारा पशु,जंगली कुत्ते,नीलगाय अक्सर घूमते रहते हैं। जिससे कभी भी इन बच्चों पर हमला करके उनका शारीरिक नुकसान पहुंचा सकते हैं।साथ ही इस समय बरसात का मौसम है।जिससे बच्चों के बारिश में भीग जाने पर संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाएगा ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विलय किए गए। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर के आदेश को वापस करने की मांग की है। विरोध करने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान आनंद गिरि,ग्राम अध्यक्ष अमर सिंह,विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष केतकी देवी,सदस्य जसवंत गिरी,रूपलाल,छेदालाल,रिशिपाल,शिवा भारती, राजविंदर सिंह,कमला देवी, मंजू देवी, राधा देवी,ममता, अनिल गिरी,नंदिनी, राधेश्याम शर्मा,रजत शर्मा, महिपाल शर्मा,विनोद कुमार, राजवीर कौर,प्रमोद शर्मा, मेवाराम,शंकरी देवी ,रामचंद्र सहित दर्जनों ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे हैं।


# परिषदीय विद्यालतो के बंद होने पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक पुत्र को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गंगवार के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षकों ने पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान की अनुपस्थिति में उनके पुत्र रितुराज पासवान को एक ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने कई विद्यालयों का विलय कर दिया है। इसके खिलाफ छात्रों के अभिभावकों एवं ग्राम प्रधान की बैठक में इस निर्णय के विरुद्ध जबरदस्त रोष देखने को मिल रहा है। बैठको में उपस्थित शिक्षक एवं जन समुदाय ने एक स्वर से इस निर्णय का विरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सूर्य प्रकाश गंगवार अध्यक्ष, संतोष कुमार अध्यक्ष संघर्ष समिति, अर्जुन सिंह, हुकुम सिंह, मनोज राणा, ओम शर्मा, वीरपाल, वंदना यादव, मीरा देवी, गुड्डी देवी, खिलौना देवी ,सियाराम, अतुल विश्वकर्मा ,सोहन, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, रवि भदोरिया सहित प्रधान, अभिभावक, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, सदस्य रसोईया उपस्थित रहे हैं।

## महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई करेंगी प्रियंका मौर्या



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम दिनांक नौ और दस जुलाई को प्रस्तावित है जारी कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य द्वारा दिनांक नौ जुलाई को प्रातः ग्यारह बजे से तहसील सभागार गौरीगंज में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उददेश्य से महिला जनसुनवाई करेंगी तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगी। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या इसके बाद विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगी और चौपाल लगाकर समस्या सुनेंगी।

## चोरी की बाइक और बैटरी के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल व एक बैटरी के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर बैटरी रख कर लिये जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अब्दुल रकीब पुत्र लाल मोहम्मद खान व अकरम खान पुत्र मोहम्मद असलम निवासीगण ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया। बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ में बताया कि ह्लहम लोगों ने दिनांक पच्चीस मई को यह मोटर साइकिल ग्राम श्रीरामपुर मजरे उमापुर गाना पट्टी में आयी बारात से चुराई थी। इसकी नंबर प्लेट हम लोगों ने निकालकर फेंक दिया था एवं मोटरसाइकिल पर रखी बैटरी को हम लोगों ने तीस जून को ग्राम बरियापुर में खड़े ट्रैक्टर से खोलकर चुरा लिया था।उक्त दोनों चोरियों के सम्बंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत है। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि बरामदगी के आधार पर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पशुपालक को उत्कृष्ट कार्य पर किया गया सम्मानित

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर के कस्बा राजाफत्तेपुर में शुक्रवार को पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कपिला आहार कामधेनु कैटल फीड्स द्वारा एक पशु पालक को सम्मानित किया गया है जिसे डीलर द्वारा पांच हजार रुपये की चेक भेंटकर सम्मानित किया गया है। क्षेत्र के गांव सर्वजीत बाजार मजरे सिंहपुर निवासी मनोज कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिये त्रिपाठी ट्रेडर्स राजा फतेहपुर के डायरेक्टर अवधेश त्रिपाठी ने उन्हें चेक के माध्यम से पांच हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम में कपिला आहार (कामधेनु कैटल फीड्स) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कपिला आहार पशुपालन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित कर रहा है। पशुपालक मनोज कुमार ने कपिला आहार एवं त्रिपाठी ट्रेडर्स का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।कपिला आहार और त्रिपाठी ट्रेडर्स के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है। इस मौके पर आशीष नंदन त्रिपाठी के साथ ही अन्य तमाम व्यापारी, पशुपालक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से दो विवाहित जोड़ा साथ रहने को हुये राजी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से दो विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुये हैं।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत शुक्रवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली पुलिस ने एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर हरि शंकर उर्फ छोटू पुत्र राम चन्दर पाण्डेय निवासी जमालपुर मजरे दुलारी नगर थाना कमरौली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना कमरौली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मार्क ड्रिल का किया गया अभ्यास

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के किनारे बसे गांव में उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह एवं ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया हैं। मार्क ड्रिल एक पूर्व नियोजित अभ्यास है।जिसे आपातकालीन स्थितियों, जैसे प्राकृतिक आपदाओं, आग,आतंकवादी हमलों या युद्ध जैसी घटनाओं के लिए लोगों,संगठनों और आपातकालीन सेवाओं को तैयार करने एवं उनकी प्रतिक्रिया का परीक्षण करने और कमियों को सुधारने के उद्देश्य से किया जाता है।यह सुनिश्चित करता है। कि वास्तविक संकट के समय सभी प्रतिक्रियाएँ प्रभावी हों। इस मौके पर उप अधिकारी महिपाल सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, कानूनगो, प्रधान विवेकानंद सरकार, सदस्य चिंतिरंजन बरोंई, लेखपाल सहित एसएसबी के जवान ग्रामवासी उपस्थित रहे हैं।

## पूर्व प्रधान के कैंप कार्यालय पर वितरण किया गया शरवत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व प्रधान के कैंप कार्यालय पर 8 मोहर्रम शरीफ के मौके पर दूध और रोहफ़्ज़ा का ठंडा शरबत की सबील लगाकर राहगीरों को ग्राम वासियों को भीषण गर्मी में शरबत पिलाकर हसन इमाम हुसैन साहब की शहादत को याद किया गया इसमें मौके पर शरबत सबील में हिस्सा लेने वालों में बच्चों की टीम के साथ अदनान रजा खान, आरिश रजा खान, सुभान रजा खान ,जीशान खान, मुन्ना खान ,जयान खान के अलावा बड़े लोगों की टीम में सहयोग करने वाले इमरान खान, दिलशाद खान, सलमान खान ,मुन्ना साइकिल वाले हाफिज नूर, यासिर बैग सहित तमाम छोटे बड़ों ने शरबत की सबील में हिस्सा लेकर भाग लिया साथ ही हाजी रियाजत नूर खान ने हसन इमाम हुसैन साहब की शहादत में रोशनी डाली और कहा उनकी कुर्बानी को हमेशा याद रखा जाएगा।

# मनरेगा मजदूरों के जगह जेसीबी से की जा रही तालाबी की खुदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय ब्लाक के काकरकोला ग्रामसभा में तालाब की खुदाई मनरेगा मजदूर की जगह जेसीबी से करवाई जा रही है और सेक्रेटरी, बीडीओ द्वारा इस बड़े भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे सरकार की मजदूरों के पलायन रोकने की मंशा मात्र दिखावा बनकर रह गया है। वि0खं0 बल्दीराय के काकरकोला ग्रामसभा में विकासकार्यों में विभागीय संलिप्तता के चलते खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। तालाबी की खुदाई जेसीबी से की रही है। जो कि फोटो में कैद खुदाई करती जेसीबी साफ दिख रही है और खुदाई स्थल भी जेसीबी की खुदाई को बयां कर रही है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि मस्टररोल में 82 मजदूरों को दिखाया गया है और खुदाई मशीन से करके भुगतान की तैयारी हो रही है । सरकार की मंशानुसार ग्रामसभाओं में मजदूरों को मनरेगा कार्य में रोजगार देकर पलायन को रोकने की मंशा है। जिसमें विकासकार्यों में मनरेगा मजदूर से ही कार्य कराने की योजना को भ्रष्ट प्रधान व सेक्रेटरी तथा ब्लाक के अधिकारी सरकार की जनकल्याणकारी योजना को पलीता लगा रहे हैं। देखना यह है कि जिला प्रशासन ब्लाक में व्याप्त बड़े भ्रष्टाचार की कड़ी में इस ग्रामसभा के भ्रष्टाचार पर क्या कार्यवाई करता है।

# रोटरी नववर्ष 2025-26 की शुरुआत रक्तदान के साथ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। रोटरी क्लब परिवार ने परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी रोटरी नववर्ष 2025-26 का शुभारंभ रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से किया। यह रक्तदान शिविर स्थानीय मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. श्रीवास्तव, डॉ. आर. के. मिश्रा, सहमंडलाध्यक्ष रोटेरियन नीरव पांडेय, अध्यक्ष रोटेरियन अखिल अग्रवाल, तथा सचिव रोटेरियन डॉ. अभिषेक पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं जोनल सेक्रेटरी संजय केसरवानी, रक्तदान शिविर चेयरमैन निमेन्द्र गोयल, डॉ. रवि त्रिपाठी, डॉ. अमित पांडेय, मनमोहित सिंह, वेद प्रकाश जायसवाल, अलंकार टंडन, श्वेता अग्रवाल, डॉ. मीनू पांडेय, प्रतिमा सिंह, तथा सागर तिवारी। शिविर के दौरान कुल 11 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमें रोटेरियन दिल से केशव अग्रवाल द्वारा भी एक यूनिट रक्तदान किया गया।

रोटरी परिवार के इस प्रयास से न केवल समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैली है, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ है कि रोटरी सेवा के माध्यम से समाज के लिए संकल्पित है।

# लाखों की ठगी करने के मामले मे आईलेट्स संचालक दंपति पर दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कार्यवाही के बीच खुलने लगे आइलेट्स सेंटर 100 मामलों में आरोप पत्र दाखिल पहले ही कर चुकी पीलीभीत पुलिस ने एक और ठगी का मामला दर्ज कर लिया अवैध तरीके से विदेश भेजने के नाम पर पीड़ितों से करोड़ों की ठगी करने के मामले में भले ही पुलिस की कार्रवाई जारी हो, लेकिन कई माह से बंद पड़े आइलेट्स सेंटर खुलने लगे हैं। कई मामलों के नामजद आरोपियों ने न्यायालय में शरण ले ली। वहीं जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज करीब 177 मुकदमों में अबतक 100 में आरोप मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष सेल का गठन भी किया गया था। कार्रवाई से बचने के लिए कुछ आरोपियों ने न्यायालय से अग्रिम जमानत ले ली थी। इसी बीच शाहबाद के रहने वाले महताब सिंह ने पूरनपुर पहुंचकर कैन्डिड केयर अकेडमी के संचालक भाजपा नेता जगजीवन सिंह बजवा एवं पत्नी के खिलाफ़ लाखों की ठगी का मुकदमा दर्ज करवाया है। जगजीवन सिंह बाजवा भाजपा के वर्कर एवं एक सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव पताप सिंह

# समाजवादी बाबा अम्बेडकर वाहिनी के प्रधान बने जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाजवादी बाबा अम्बेडकर वाहिनी की जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। इस दौरान पूरनपुर ब्लॉक के गांव मढाखुर्द कलां के ग्राम प्रधान अवधेश कुमार को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन विस्तार की प्रक्रिया के अंतर्गत अन्यपदाधिकारियों के नामों की भी घोषणा की गई।संगठन ने सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता जताई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि वे डॉ. भीमराव अंबेडकर और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने आशा जताई कि नई टीम जिले में संगठन को मजबूत करेगी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगी। जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में जिले की टीम का गठन किया गया है। जारी सूची में डा. रामनरेश चौहान,अनिल गौतम महा सचिव, नरेश चंद्र प्रवक्ता, छत्रपाल पासवान, तेजराज वर्मा,सियाराम वर्मा, राम रतन वर्मा, गोकुल प्रसाद वर्मा,नन्हे लाल राजपूत,मनोज कुमार सागर, महेश आज़ाद, हरिगोविन्द मौर्या, देवकीननंदन मौर्या, सचिन जाटव, राहुल गौतम, राज शेखर, देवेंद्र गौतम, संजीव भारती, सुरेश चंद्र, शैलेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष बनाएं गए है। वही प्रेमशंकर, प्रमोद कुमार, लालाराम शर्मा, रामगोपाल, सौरभ, जय जय राम शर्मा, महेंद्र नाथ गोस्वामी, रामकृष्ण सक्सेना, वीरपाल कुशवाहा, माया प्रकाश वर्मा, छोटे बाबा, रामनरेश राठौर हृदय नारायण पासवान, महेश पासवान,महेश कुमार, रामसागर सत्यपाल, जसवंत सिंह, गोकुल पाल, अरविन्द राजपूत,अरुण कुमार शर्मा, छत्रपाल गौतम,विक्की राणा,भगवान दास, कुलदीप, विपिन गौतम,उजाला बाबू, देव दत्त गौतम,नितीश कुशवाहा, को जिला सचिव बनाया गया है। वही अरविन्द कुमार दीवाकर नगर अध्यक्ष पीलीभीत, गिर धारी लाल को नगर अध्यक्ष पूरनपुर,मुन्ना लाल राठौर को नगर अध्यक्ष कलीनगर बनाया गया है। व धनीराम पासवान, सतीपाल मुकेश भारती, हुकुम सिंह यादव,मनोज मौर्य, राजकुमार श्रीवास्तव, चेतराम, अजयपाल जीत बहादुर को जिला कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## आठ मोहर्रम को अमहट में निकला अलम का जुलूस

सुल्तानपुर। आठ मोहर्रम को हुसैनिया नौतामीर की मजलिस को मौलाना सिब्तैन अब्बास कुम ईरान ने पढ़ा, उन्होंने कहाकि हुसैनी कमाण्डर इन्चीफ का नाम अब्बास था, वह इतने बहादुर थे कि अब्बास के खौफ से करबला के मैदान में यजीदी फौज कॉप रही थी,अब्बास पर हुसैनी फौज नाज गर्व करती थी, आठ मोहर्रम को हजरत अब्बास के नाम से अलम उठाया जाता है। अलम के पास आज के दिन जो दुआ मांगी जाती है वह जरूर पूरी होती है।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चलाया जागरुकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था और लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को जागरुकता अभियान चलाया गया. बस स्टॉप और जी आई सी गेट हेलमेट बाइक चालकों व सवारों को गुलाब फूल देकर हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने की अपील किया गया।. ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह, छोटे लाल, ने हेलमेट पहने बाइक चालकों को फूल देकर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और बिना हेलमेट पहने लोगों को चेतावनी भी दी। इस मौके पर कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य सुल्तानपुर जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है, खासकर पूर्वांचल एक्सप्रेस पर जहां प्रतिदिन कई दुर्घटनाएं होती हैं. इन हादसों में अक्सर बाइक, चार पहिया वाहन, ट्रक और अन्य वाहन शामिल होते हैं, जिनमें कई बार मासूमों की जान भी चली जाती है. लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनमोल अग्रहरि ने बताया कि यह अभियान हेलमेट पहनने के महत्व को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है.। हेलमेट पहनने वाले वाहन चलाने लोगों को गुलाब के फूल दिए। ट्रैफिक विभाग सुल्तानपुर के द्वारा इस अभियान की सराहना की गई। इस अभियान में योगदान डॉक्टर अनूप मिश्र यूनिक फाउंडेशन, बृजेंद्र मिश्र, संतोष मिश्र, सतीश मिश्र, प्रज्वल मिश्र रहे।

## साइकिल बाइक की भिड़ंत किशोर सहित चार लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव चाट फिरोजपुर निवासी विष्णु पुत्र प्रेमराज अपनी सुसराल गांव सिरसा अपनी पत्नी नीलम व 12 बर्षीय भतीजा अरुण कुमार को लेकर बाइक से जा रहा था। वहीं पिपरिया दुलई निवासी शेठपाल पुत्र राम औतार मजदूरी पर खाद लगाकर साइकिल से घर वापस लौट रहा था। शुक्रवार दोपहर लगभग 3:30 पर जैसे ही साइकिल सवार मजदूर और बाइक सवार युवक सिरसा रोड पिपरिया दुलई के पास में पहुंचे तभी बाइक साइकिल की भिड़ंत में चारो लोग घायल हो गए। जिसमें चाचा भतीजा और साइकिल सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## राजधानी के थाना कृष्णानगर में दहेज हत्या मामले में पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी बहन मीता सिंह का विवाह 18 नवंबर 2024 को घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी रमेश सिंह के साथ किया था। शादी में लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बाद भी अतिरिक्त दहेज में कार और लखनऊ में प्लाट खरीदने के लिए 10 लाख रुपए की पति व सुसराल पक्ष के लोग मांग कर रहे थे। जबकि मकान निर्माण को लेकर पहले ही 10 लाख रुपए दिए थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर प्रताडित करने लगे थे। रमेश सिंह लखनऊ के थाना कृष्णा नगर के ओशो नगर में किराए के कमरे पर रहने लगे। 2 जुलाई शाम 4 बजे बहनोई ने झूठ बोलकर पार्सल आने की बात कहकर आवास पर बुलाया था। आरोप है कुछ देर बाद बाद हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव बेड पर मिला था। लखनऊ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था और मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी थी। मृतिका परिजनों ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। शुक्रवार दोपहर तीन बजे मृतिका के परिजनों ने बताया कि मामले में पति रमेश सिंह व रामनरेश सिंह और रेखा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लंबी विदेश यात्रा पर मोदी

एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री मोदी फिर से विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। इस बार घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया इन पांच देशों की यात्रा श्री मोदी कर रहे हैं, जो 8 दिनों की होगी। हमेशा की तरह इस बार भी सरकारी बयान में बताया गया है कि विदेश यात्रा का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करना है। भारतीय प्रधानमंत्री इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आपसी सहयोग और विकास पर चर्चा करेंगे। इसमें कुछ नया नहीं है, हमेशा यही तो होता है कि दूसरे राष्ट्राध्यक्षों से श्री मोदी की हाथ मिलाते, गले मिलते, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हंसते-मुस्कुराते चर्चा करते और विभिन्न करारों पर हस्ताक्षर करते तस्वीरें आती हैं। देश को बताया जाता है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत को विकसित करने के लिए सारे देश मदद कर रहे हैं। लेकिन इन तस्वीरों की हकीकत तब समझ आती है, जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी बड़े से भारतीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में अपना पक्ष रखने के लिए भेजना पड़ता है। विदेश नीति की परीक्षा पहलगाम हमले या ऑपरेशन सिंदूर जैसी असामान्य स्थितियों में ही होती है, और इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना ही चाहिए कि इस परीक्षा में मोदी सरकार बुरी तरह विफल रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम को लेकर हो रहे बेहूदे दावे थम ही नहीं रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इन दावों को खारिज नहीं किया है तो अब तक भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी सफाई देनी पड़ रही है। अभी विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के लिए हो रहे एक साक्षात्कार में फिर यह सवाल पूछा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार कहा है कि श्संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। क्या इससे व्यापार समझौते की बातचीत पर कोई असर पड़ा है?य इस सवाल से साफ समझ आता है कि ट्रंप के दावे को अब दुनिया भी मान रही है। अगर श्री मोदी ने पहले ही बार में इस पर आपत्ति जताई होती तो शायद इस तरह के सवाल नहीं उठते। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं और विदेश मंत्री सफाई दे रहे हैं कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था तो वह भी उसी कमरे में मौजूद थे। जयशंकर ने कहा कि तब प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत पाकिस्तान की धमकियों से डरेगा नहीं बल्कि इसका जवाब देगा। सोचने वाली बात यह है कि जो बयान भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री पहले दे चुके हैं, जिसे अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी कह रहे हैं, उस बात को अब तक प्रधानमंत्री मोदी अपने मुंह से क्यों नहीं बोलते। आखिर किसने उनके मुंह पर चुप की उंगली रखी है। क्या लंबी-लंबी विदेश यात्राओं से ये उंगली हटेगी या मुंह पर ताले और बढ़ेंगे। अभी कनाडा में जी-7 की बैठक में श्री मोदी शामिल हुए थे, और पखवाड़े बाद ही अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए वे रवाना हुए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल सभी देश अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए करते हैं, हालांकि इनमें असली जोर व्यापार का होता है, क्योंकि इस समय पूरी वैश्विक राजनीति कारोबारी हितों के इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे में श्री मोदी की मौजूदा यात्रा में भी व्यापार को बढ़ाने के संकेत अलग-अलग तरीकों से दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले घाना जाएंगे और यात्रा के अंतिम चरण में स्वदेश वापसी के समय नामीबिया जाएंगे। ये सारे देश अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी हैं और कहा जा रहा है कि इससे ग्लोबल साउथ के भारतीय एजेंडे को नई धार मिल सके। बता दें कि ग्लोबल साउथ शब्द पहली बार 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल ओग्लेसबी ने इस्तेमाल किया था। इसमें अमूमन वही सारे देश हैं, जिन्हें तीसरी दुनिया के देश कहा जाता है। दुनिया के उत्तरी हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप के देशों से अलग दक्षिण हिस्से में आने वाले अफ्रीकी, द.अमेरिकी और कई एशियाई देशों को ग्लोबल साउथ के तहत रखा जाता है। इनकी चिंताएं और सरोकार लगभग एक जैसे हैं। हालांकि इनमें चीन का दबदबा है और वहीं आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों का रुख भी कई बार ग्लोबल नार्थ की तरफ ही दिखाई देता है। ऐसे में ग्लोबल साउथ के बैनर तले जो नयी वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है।**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है। 1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक ख्राजनीतिक कठपुतलीङ्क खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है। धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी। **–ललित गर्ग**

# कथावाचक कांड की आड़ में सनातन पर हमला

**मृत्युंजय दीक्षित**

इटावा के कथावाचक काण्ड को राजनीतिक रंग देकर उसमें स्वयं फंसते नजर आ रहे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बाबा बागेश्वर धाम आचार्य धीरेंद्र शास्त्री पर ही हमला बोल दिया और उन पर कथा करने के लिए अंडर द टेबल 50 लाख रुपए लेने का आरोप लगाकर नया विवाद उत्पन्न करने का असफल प्रयास किया है। सपा मुखिया जब इटावा की घटना पर भारतीय जनता पार्टी को घेरने में सफल नहीं हुए तब उन्होंने हिंदू राष्ट्र का नारा देने वाले धीरेंद्र शास्त्री जी पर बयान देकर सनसनी मचाने का प्रयास किया। वास्तव में अखिलेश यादव धीरेन्द्र शास्त्री जी की आड़ में अपनी पीडीए राजनीति को हवा देने का प्रयास कर रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि वर्तमान समय में बाबा बागेश्वर धाम की लोकप्रियता चरम सीमा पर है। बाबा बागेश्वर के लाखों भक्त तथा प्रशंसक हैं, वे जहां भी कथा सुनाने जाते हैं वहां लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। उनके ऊपर सपा मुखिया ने सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत आरोप लगाए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव घोर जातिवाद की राजनीति कर रहे हैं और टीवी चैनलों पर अपने प्रवक्ताओं से बहस करवा रहे हैं कि क्या कथा कहना केवल एक जाति का ही अधिकार है? जब वह इस बहस में पिछड़ गए और फंसने लगे तब बाबा बागेश्वर पर हमलावर हो गये। बाबा बागेश्वर ने अखिलेश के आरोपों का उत्तर देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि अगर दक्षिणा नहीं लेंगे तो कैंसर अस्पताल कैसे बनेगा ? उसमें गरीबों का निःशुल्क उपचार कैसे होगा? बाबा बागेश्वर धाम गरीब कन्याओं का विवाह कैसे संपन्न कराया? बाबा बागेश्वर यदि हनुमानजी का आशीर्वाद लेकर लोगों की समस्या का समाधान करते हैं तो इससे लोगों को परेशानी क्यों हो रही है ? ज्ञातव्य है कि बाबा बागेश्वर सोशल मीडिया पर भी एक सेलेब्रिटी की तरह हैं। उनके फ़ेसबुक पर साढ़े 8 करोड़ सोशल मीडिया एक्स पर दो लाख तथा इंस्टाग्राम पर भी दो लाख से अधिक फालोअर्स हैं जबकि करोड़ों लोग उनके यूटयूब चैनल को नियमित रूप से देखते हैं।अपनी कथा व उपदेशों के माध्यम से वह जनमानस को हिन्दू एकता और र्ष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाते हैं यही कारण है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अन्य स्वार्थी नेता उनसे उन पर सामूहिक हमले करते हैं। विगत वर्ष जब बाबा बागेश्वर कथा करने के लिए बिहार गये थे तब वहां के विरोधी दलों के नेताओं ने उनको जेल मे डालने की बात तो कही थी। बाबा बागेश्वर जी से उन सभी राजनैतिक दलों व नेताओं को समस्या उत्पन्न हो रही है जो जातिवाद व मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाह रहे हैं। बाबा बागेश्वर धाम जातिवाद को कैंसर के समकक्ष बताते हैं और हिंदू समाज को एक बनाए रखने के लिए काम करते हैं। हिन्दू एकता के लिए की गई उनकी पहली पदयात्रा बहुत सफल व लोकप्रिय रही थी, अब वह एक बार फिर नई दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा पर निकलने वाले हैं। सच्चाई यह है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव का बाबा पर यह ताजा हमला उनकी हिंदू संत समाज व सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शाता है। जो लोग अयोध्या, मथुरा व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के प्रबल विरोधी रहे हों, जिन लोगों ने अयोध्या में निहत्थे कारसेवकों का नरसंहार किया हो, जिन्होंने कुम्भ का उपहास किया हो वो एक हिन्दू राष्ट्र की बात करने वाले युवा संत का विरोध ही करेंगे। जब महाराष्ट्र के पालघर में संतों को मुस्लिम भीड़ ने पीट पीट कर मार डाला था तब सपा मुखिया मौन हो गए थे। सपा मुखिया ने केवल बाबा पर हमला नहीं किया है अपितु सभी कथावाचकों और संतो सहित सनातन धर्म व उसकी एकता पर किया है। सपा मुखिया को स्पष्ट रूप से रामायण ,महाभारत, भागवत कथा ,आरती, मंदिर, गौशालाओं ,गीता आदि सभी से नफरत है। सपा मुखिया को हर उस अच्छी चीज से नफरत है जिससे हिन्दू समाज का गौरव बढ़ता है। सपा के लोग प्रायः रामचरित मानस आदि ग्रंथों का अपमान करने से नहीं चूकते कभी फाड़ते हैं कभी जलाते हैं। है। सपा मुखिया गौशालाओं से बदबू आती है जैसी बातें कहकर भगवान श्रीकष्ण व समस्त यदुवंशी समाज का अपमान कर चुके हैं। सपा मुखिया ने पहले कथावाचक घटना को राजनैतिक रंग देकर फिर बाबा बागेश्वर पर हमला करके एक बहुत ही निम्न राजनैतिक चाल चली है। उत्तर प्रदेश और बिहार ही नहीं वरन पूरे देश को यह समझना होगा। यह समय जातिवाद की राजनीति से ऊपर उठकर स्वार्थी राजनेताओं को पूरी तरह से धूल चटाने का समय आ गया है ।

## सेहत मंत्र

# गर्मी और बारिश के मौसम में जरूर करें सफ़ेद प्याज का सेवन, सेहत को मिलेंगे गजब के लाभ

गर्मियों और बारिश के मौसम में संक्रमण का खतरा अधिक होता है। खासतौर पर जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है या जिनकी डेस्क जॉब होती है उन्हें अक्सर आंखों में थकान, पेट में गैस और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत रहती है। ऐसे में सफ़ेद प्याज का सेवन इन सभी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद साबित हो सकता है। खासतौर पर गर्मियों और बारिश के मौसम में सफ़ेद प्याज का सेवन जरूर करना चाहिए। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी एलर्जिक गुण मौजूद होते हैं। सफ़ेद प्याज में विटामिन ए विटामिन बी आयरन फोलिक ऑपरेशन जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। गर्मी और बारिश के मौसम में सफ़ेद प्याज का सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव होता है। सफ़ेद प्याज में पोटैशियम की भरपूर मात्रा मौजूद होती है। इसके सेवन से शरीर ठंडा रहता है और गर्मी में लू लगने से बचाव होता है। सफ़ेद प्याज खाने से शरीर की इम्युनिटी मजबूत होती है और संक्रमण से बचाव होता है। सफ़ेद प्याज खाने से जोड़ों के दर्द की समस्या से राहत मिलती है। इसमें फोलेट और विटामिन बी6 की प्रचुर मात्रा होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसलिए जिन लोगों की डेस्क जॉब होती है उन्हें गर्मी और बारिश के मौसम में सफ़ेद प्याज का सेवन करना चाहिए। सफ़ेद प्याज का सेवन करने से आंखों को भी फायदा होता है। खासतौर पर कंप्यूटर पर काम करने वाले लोगों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए। सफ़ेद प्याज खाने से आंखों में थकान, भारीपन और पानी आने की समस्या दूर होती है। जिन लोगों को ज्यादा थकान महसूस होती है उन्हें सफ़ेद प्याज का सेवन करना चाहिए। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन होता है जो शरीर में ब्लड सरकुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। सफ़ेद प्याज का सेवन करने से पेट संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, जिससे पेट में गैस और पेट फूलने की समस्या दूर होती है।

## धर्म मंत्र

# वास्तु दोषों के प्रभाव को कम करती है भगवान गणेश की प्रतिमा

अपना घर बनाना हर किसी का सपना होता है, और घर बनाते समय तमाम सावधानियां भी प्रत्येक मनुष्य रखता ही है। बावजूद इसके, अगर आपको लगता है कि आप के बने हुए भवन में वास्तु-दोष है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। वास्तु शास्त्र में भगवान गणेश की प्रतिमा से कई सारे वास्तु-दोष निवारण की विधियां बताई गई हैं। आप उनका सटीक प्रयोग कर अपने घर में मौजूद वास्तु दोष से मुक्ति पा सकते हैं। अगर आपको लगता है कि आप के भवन में नकारात्मकता ज्यादा है और सुख-समृद्धि में कमी हो रही है तो आप अपने मुख्य द्वार पर भगवान गणेश का बंदनवार लगाकर अपने इस कष्ट से मुक्ति पा सकते हैं। वैसे भी घर का मुख्य द्वार साफ सुथरा और स्वच्छ रहे तो इससे नकारात्मक शक्तियां ही दूर होती हैं। बावजूद इसके भगवान गणेश का बंदनवार लगाने से सकारात्मक शक्तियों को घर में प्रवेश करने का रास्ता मिलता है। अगर आप अपना बिजनेस कर रहे हैं और पिछले कुछ दिनों से आपके व्यवसाय में लगातार घाटा हो रहा है और आपकी कंपनी तथा फैक्ट्री में जो भी प्रोडक्ट बन रहे हैं उनमें गिरावट आती जा रही है तो आपको इसके निवारण के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा का चुनाव करना चाहिए। इसके लिए आप गणेश जी के प्रतिरूप 'स्वास्तिक' को ताम्र-पत्र में या फिर पूजा की थाली में स्थापित करने और नियमित रूप से इसकी पूजा करें। देखते - देखते आपके गिरे हुए व्यवसाय में वृद्धि आएगी और आप उन्नति करेंगे।

## पर्यटन



# हिमाचल प्रदेश में स्थित मैक्लोडगंज, जिसकी प्राकृतिक खूबसूरती किसी जन्नत से कम नहीं

जब बात आती है कहीं घूमने-फिरने के चुनाव करने की तो हम ऐसी-ऐसी जगहों का चयन करना ज्यादा पसंद करते हैं, जहां खूबसूरती के साथ हसीन वादियों का मजा उठाने को मिल सके। इसी के साथ ही हम उन जगहों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं जो किसी जन्नत से कम न लगे। वहीं, अगर बात करें भारत में मौजूद जगहों की तो ये कई भौगोलिक विविधताओं से भरी हुई है। यहां के खान-पान, बोली, रहन-सहन, सभ्यता, पहनावा एवं संस्कृति और संस्कार पूरी दुनिया को आश्चर्य में डाल देती है। भारत की जगह ऐतिहासिक महलों, कुदरती नजारों और प्रकृति की दिल जीत लेने वाली सुंदरताओं से घिरी हुई है। भारत को एक बहुत ही खूबसूरत देश माना जाता है। हिमाचल प्रदेश में स्थित मैक्लोडगंज। जिसकी प्राकृतिक खूबसूरती किसी जन्नत से कम नहीं । मैकलॉडगंज, हिमाचल प्रदेशः हिमाचल प्रदेश में कई जगह ऐसी-ऐसी हैं जहां की खूबसूरती अपने आप में ही काफी फ़ेमस है। इन्हीं में से एक है हिमाचल प्रदेश में स्थित मैक्लोडगंज। जिसकी प्राकृतिक खूबसूरती किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां जाने के बाद दिल खुश हो जा सकता है। सर्दियों में तो यहां के नजारे देखने को बनते हैं। चारों ओर सिर्फ बर्फ ही बर्फ की चादर देखने को मिलती है। तवांगः अरुणाचल प्रदेश की बहुत खूबसूरत जगहों में से एक तवांग है। इस जगह को कुदरत ने काफी खूबसूरती से सजाया है। दुनियाभर में ये जगह अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बौद्ध मठों के लिए काफी प्रसिद्ध है। यहां पर अध्यात्म का अनुभव हो सकता है। यहां की खूबसूरती अपनी तरफ आकर्षित करती है। जम्मू-कश्मीरः जम्मू-कश्मीर अपनी हरियाली और खूबसूरत नजारों के लिए काफी फ़ेमस है। ये जगह भारत के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां की प्राकृतिक खूबसूरती काफी अलग है। यहां की खूबसूरती को श्रीनगर की 'डल झील' ओर ज्यादा बढ़ा देती है। यहां घूमने में भी अपना ही एक अलग मजा है।

# स्वास्थ्य विभाग को लगी ताला-बंद बीमारी!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक एक ओर अस्पतालों की हालत सुधारने में व्यस्त हैं, वहीं मथुरा नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरियाबाद में स्वास्थ्य सेवाएं ''आराम'' की मुद्रा में हैं। यहां डॉक्टर, फार्मासिस्ट और इमरजेंसी ऽ तीनों की हालत एक जैसी मिलीः ताले में बंद और जनता से दूर। मरीज अपनी बच्ची की दवा लेने पहुंचा, तो पाया कि अस्पताल नहीं, मानो कोई संग्रहालय है ऽ हर कमरे पर ताला, हर वार्ड पर कुंडी और हर जिम्मेदार नदारद। जब मीडिया ने कॉल किया, तब 'स्वास्थ्य सेवा' नींद से जागी। अधीक्षक अमित दुबे के फोन पर आने के बाद फार्मासिस्ट के.के. सिंह और एएमओ वीरेंद्र किसी चमत्कार की तरह प्रकट हुए। एक अन्य कर्मचारी अस्पताल से बाहर मोबाइल पर शायद किसी रिल्स




की ऑपरेशन थियेटर चला रहा था। सबसे बड़ा 'इलाज' तो यह है कि अस्पताल को संभालने वाले कर्मियों में से कई के पास डिग्री तो दूर, पढ़ने की योग्यता तक नहीं है। सूत्र बताते है आशीष कुमार रावत नामक व्यक्ति, जिसे पढ़ना-लिखना तक नहीं आता, वह भी 'सेवा' में लगा हुआ है। इस सरकारी अस्पताल में इलाज से ज़्यादा गंदगी, दलाली और धोखाधड़ी का बोलबाला है। मरीजों को बाहर की महंगी दवाएं लिखी जाती हैं मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी संचालकों से मिलीभगत जांच सिर्फ दलालों की अनुमति से और पूरे परिसर में सफाई से ज़्यादा लापरवाही की गंध यह सब कुछ राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा जी के क्षेत्र में हो रहा है ऽ जहाँ दो स्वास्थ्य केंद्र हैं, लेकिन व्यवस्था की सेहत खुद वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य महकमे की कृपा से दरियाबाद क्षेत्र में तो प्राइवेट अस्पतालों की 'फसल' लहलहा रही है जो कि मरीजों का खून खटमल

**मथुरा नगर स्वास्थ्य केंद्र बना 'ताले वाला चिकित्सालय', मरीज ढूंढते रह गए डॉक्टर**

**डिग्री गायब, कर्मी मोबाइल में व्यस्त, इलाज दलालों के हवाले**

की तरह चूस रहे है वही सरकारी अस्पताल इलाज मांग रहा है। महिला अस्पताल नाम की कोई चीज़ नहीं सब हवा हवाई है, और जो अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के करम से खुले हैं, उनमें से ज़्यादातर बिना डिग्री के चिकित्सकों द्वारा संचालित हो रहे हैं सूत्र बताते है वही अस्पताल विभाग के लिए कामधेनु गाय साबित हो रही है अब देखने वाली बात यह है कि सीएमओ साहब इस स्वास्थ्य मज़ाक पर कोई सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं या नहीं, या फिर जनता यूं ही इलाज के नाम पर ताले देखती रहेगी।

# कश्मीर के पुंछ में डटे वीर सपूत का गांव में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। देश की सेवा में समर्पित और हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर के पुंछ सेक्टर में चल रही संघर्ष जैसी स्थिति में सीमा पर तैनात रहे हैदरगढ़ के गोतौना निवासी वीर सैनिक अजित सिंह का आज अपने गृहग्राम लौटने पर क्षेत्रवासियों ने हर्षोल्लास से स्वागत किया।

सेना की अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुए अजित सिंह उस सैन्य टुकड़ी का हिस्सा रहे जिसने हालिया दिनों में सीमा पर पाकिस्तान की नापाक हरकतों का डटकर जवाब दिया। इनकी वीरता और प्रतिबद्धता से क्षेत्र के लोगों में गर्व की लहर दौड़ गई है।

ग्राम पंचायत गोतौना में जैसे ही अजित सिंह पहुंचे, लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत अध्यक्ष नीलेश कुमार पाल की अगुवाई में हुए स्वागत



समारोह में पंचायत सचिव पवन कुमार, समाजसेवी गौतम पाठक, रोहित कुमार, कमलेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'अजित सिंह अमर रहें' के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने कहा कि अजित सिंह न सिर्फ गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, जिन्होंने राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि मानते हुए सेना की कठिन ट्रेनिंग पूरी की और अब देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष नीलेश पाल ने कहा, ''हम सबको गर्व है कि हमारे गांव का बेटा सेना में देश की रक्षा कर रहा है। यह युवा पीढ़ी के लिए एक उदाहरण है।'' स्वागत के अंत में अजित सिंह ने गांववासियों का आभार जताते हुए कहा, ''आप सभी के आशीर्वाद और विश्वास से ही आज मैं देश की सेवा कर पा रहा हूं। जब तक जीवन है, मातृभूमि की रक्षा करता रहूंगा।

# मसौली क्षेत्र के तबाही की पटकथा लिख रहा सिंचाई विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शारदा सहायक नहर से निकली मसौली रजबहा नहर की टेल नदी का रूप लेती जा रही है बरसात के समय नहर मे पानी की अधिकता के चलते किसानो की तमाम भूमि नदी बन चुकी है। जनप्रतिनिधियों एव ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी सिंचाई विभाग के कानो मे जू नही रेंग रहा है। बताते चले कि शारदा सहायक बाराबंकी शाखा से निकली 17 किमी. लम्बी मसौली रजबहा नहर ग्राम पंचायत नियामतपुर के मजरे बौरकपुरवा स्थित कल्याणी नदी मे जाकर मिल जाती है।नहर का पानी नदी मे जाने के लिए काफी गहराई होने के कारण टेल के पानी को रोकने के बनाये गये टेल पवाईंट से हट कर पानी बहने के कारण हुई कटान से कई किसानो की भूमि नदी मे बह गयी है बरसात के समय मे पानी की अधिकता के



चलते नहर की टेल एक नदी के रूप मे नजर आती है यही नही ग्राम बौरकपुरवा जाने वाली पक्की सड़क भी कटने लगी है समय रहते यदि प्रशासन ने कोई सुध नही ली तो एक न एक दिन पक्की सड़क भी नहर मे बह कर नदी मे पहुंच जायेगी।

**वर्षो से नही हुई टेल तक सफाई**

सिंचाई महकमे की लापरवाही के चलते मसौली रजबहा की टेल तक सफाई न होने की बात किसान बताते हैं। कृषक महादेव पुत्र मोहन, धीरज पुत्र सुरेश, सुलोचना पत्नी विक्रम यादव सहित अन्य किसानो के खेत नहर के तेज बहाव के चलते नदी में समा चुके है।जिससे किसान काफी चिंतित है ग्राम प्रधान संदीप सिंह ने बताया कि नहर की टेल के दुरुस्तीकरण के लिए तमाम बार लिखित शिकायतें की गई है लेकिन विभाग ध्यान नही दे रहे है। नहर विभाग के अवर अभियंता सचिन मौर्य का कहना है कि टेल वाल्व तक नहर विभाग की जिम्मेदारी होती है। तथा आगे की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है।

# नगर भ्रमण में एसडीएम ने परखी व्यवस्थाएं पेयजल और सफाई व्यवस्था पाई उत्कृष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। नगरवासियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल मिल रहा है या नहीं तथा सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति क्या है, इसे लेकर आज उपजिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी मो. शम्स तबरेज खान ने नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने एक-एक सार्वजनिक वाटर कूलर का स्वयं परीक्षण कर पेयजल की स्थिति जानी। सभी कूलर क्रियाशील एवं स्वच्छ पाए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नगर पंचायत द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही नगर में सफाई व्यवस्था की भी उन्होंने समीक्षा की, जो संतोषजनक पाई गई। इस दौरान



संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। नगर भ्रमण के दौरान एसडीएम ने मुख्य कस्बे में जलभराव की पूर्व में आई शिकायत की भी पड़ताल की। निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि दुकानों का तल निम्न होने तथा हाईवे का स्तर ऊंचा हो जाने के कारण जल निकासी में बाधा उत्पन्न होती है। इस पर उन्होंने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्य योजना तैयार की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भी जलभराव की समस्या को लेकर सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। जब तक स्थाई समाधान नहीं हो जाता, तब तक जलनिकासी हेतु टास्क फोर्स का

**शुद्ध पेयजल और स्वच्छता के लिए नगर पंचायत का अभियान सफल, एसडीएम ने की प्रशंसा**

गठन किया गया है जो नियमित रूप से नगर के मुख्य बाजार सहित संवेदनशील क्षेत्रों से जल निकासी सुनिश्चित कर रहा है। नगरवासियों ने नगर पंचायत की इन कार्यप्रणालियों की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक बदलाव बताया है। उपजिलाधिकारी ने भी नगर पंचायत की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए अपने अधीनस्थों को सेवा भाव एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। यह समन्वित प्रयास नगर को स्वच्छ, सुचारु और जनसुविधा युक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

# सरयू नदी बनी कहर की धारा, हेतमापुर समेत कई गांवों पर मंडरा रहा संकट

**कटान से मस्जिद और घर खतरे में, प्रशासन के प्रयास नाकाफी, ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सूरतगंज बाराबंकी। क्षेत्र के हेतमापुर गांव के समीप सरयू नदी इन दिनों विकराल रूप धारण किए हुए है। तेज बहाव और लगातार हो रही कटान ने न सिर्फ ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है बल्कि एक गंभीर आपदा की चेतावनी भी दे दी है। नदी की धारा का रुख अब रिहायशी क्षेत्रों की ओर हो चला है, जिससे मस्जिद समेत दर्जनों घरों पर खतरे की तलवार लटक रही है। कटान की चपेट में अब हेतमापुर के अलावा समीपवर्ती केदारीपुर, बेलहरी और सरसंडा गांव भी आ चुके हैं। ग्रामीणों में भय और असहायता का माहौल व्याप्त है। प्रशासन की ओर से कटान रोकने के प्रयास जरूर किए जा रहे हैं, किन्तु वे प्रभावहीन और अस्थायी सिद्ध हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा नदी के किनारे सीमेंट पत्थरों की टिगोरियां और मिट्टी से भरी सफ़ेद बोरियां डाली जा रही हैं, लेकिन सरयू की प्रचंड धारा इन प्रयासों को ध्वस्त करती जा रही है। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती नजर आ रही है।ग्रामीणों



दिनेश, विनय और राजेश समेत कई अन्य लोगों ने कटान रोकने में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जहां कटान हो रहा है, उसी स्थान पर जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की जा रही है और वही मिट्टी बोरियों में भरकर पुनः नदी में डाली जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ''यह एक तरह से नदी को और अधिक उग्र बनाने जैसा है।'' ग्रामीणों का कहना है कि ईंट, गिट्टी, पत्थर या कंक्रीट जैसी मजबूत सामग्री का उपयोग होना चाहिए था। लेकिन ठेकेदार द्वारा महज मिट्टी डालकर कार्य को पूर्णता का नाम दिया जा रहा है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि मानकों की



घोर अनदेखी हो रही है। जब ठेकेदार सौरभ वर्मा से इस विषय में बात की गई, तो उन्होंने पहले बातचीत का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बाद भी खुदाई और मिट्टी डालने का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहा। ठेके पर कार्यरत मुंशी की निगरानी में यह काम चलता रहा। न तो बोरियों की सटीक संख्या बताई गई, न ही यह स्पष्ट किया गया कि नदी के किनारे से ही मिट्टी निकालने की क्या आवश्यकता थी।हेतमापुर और केदारीपुर जैसे क्षेत्र कटान की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील घोषित किए जा चुके हैं, इसके बावजूद कार्य की गुणवत्ता और गंभीरता दोनों ही सवालों के घेरे में हैं। यदि इसी प्रकार की लापरवाही और अनियोजित कार्यवाही चलती रही, तो आने वाले दिनों में यह क्षेत्र किसी भीषण त्रासदी का शिकार हो सकता है। इस संदर्भ में बाढ़ खंड अधिकारी शशिकांत सिंह ने कहा कि, ''यदि कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।'' हालांकि, ग्रामीणों की मांग है कि जांच से पहले प्रभावी और तकनीकी तौर पर ठोस उपाय किए जाएं ताकि समय रहते जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बाराबंकी जिले के इस संवेदनशील क्षेत्र में कटान का यह मामला न केवल प्रशासनिक सुस्ती का उदाहरण है, बल्कि ग्रामीण आपदा प्रबंधन के प्रति नीति निर्धारकों की उदासीनता को भी उजागर करता है। यदि समय रहते ठोस कदम, भ्रष्टाचार पर लगाम और जवाबदेही की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह संकट भविष्य में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

# जलभराव व यातायात व्यवस्था, शंशाक सख्त, व्यापक भ्रमण, परखी व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मानसून के मद्देनज़र नगर क्षेत्र में संभावित जलभराव व यातायात अवरोध की समस्याओं की समय रहते रोकथाम एवं समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को नगर पालिका नवाबगंज अंतर्गत संवेदनशील मोहल्लों व प्रमुख चौराहों का स्थलीय गहन निरीक्षण किया।

**जलभराव से निपटने की तैयारियों का जायजा**

जिलाधिकारी ने मोहारी पुरवा एवं दशहरा बाग खलरिया जैसे उन क्षेत्रों का दौरा किया, जहां मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति अक्सर उत्पन्न होती है। यहां पर नगर पालिका द्वारा स्थापित 6 मीटर व्यास वाले सम्पवेल सह पंप हाउस का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान पंप हाउस पूर्ण क्षमता के साथ लगातार संचालित रहें ताकि जल निकासी बाधित न हो। उन्होंने पंप हाउस की कार्यप्रणाली, आपातकालीन संचालन व्यवस्था तथा तकनीकी स्टाफ की उपस्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मोहल्ले में पैदल भ्रमण कर उन्होंने



साफ-सफाई, नालों की स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई गलियों की स्थिति पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु को देखते हुए जहां कहीं भी खुदाई की गई है, वहां पाइप लाइन डालने के उपरांत तत्काल मरम्मत कार्य कर गलियों को चलने योग्य बनाया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ईओ नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में जलभराव की दृष्टि से 23 संवेदनशील स्थलों की पहचान की जा चुकी है,जिसके लिए नगर पालिका द्वारा मोबाइल पंप सेट सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी कर ली गई है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी चिन्हित स्थलों की निरंतर निगरानी की जाए, और किसी भी स्थिति में जल निकासी में विलंब न हो।

**यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए स्थलीय निरीक्षण**

जिलाधिकारी ने शहर में यातायात अवरोध की समस्या की समीक्षा हेतु छाया चौराहा, कमला नेहरू पार्क, एवं आस-पास के क्षेत्रों का भी पैदल चलकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि सड़क पर नालों की सफाई के उपरांत निकले कचरे को हटाया नहीं गया है इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्थानों पर सफाई के उपरांत कचरा तत्काल हटाया जाए, ताकि सड़कों पर व्यवधान उत्पन्न न हो।उन्होंने छाया चौराहे और वेंडिंग जोन सहित आस पास के क्षेत्रों तथा कमला नेहरू पार्क के सौंदरीकरण एवं आकर्षक बनाए जाने पर बल दिया। साथ ही निर्देशित किया कि जाम प्रभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे संचालित प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अरुण कुमार सिंह,डिप्टी कलेक्टर/ओ.सी. स्थानीय निकाय सुश्री मधुमिता सिंह, नगर पालिका ईओ संजय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## एसडीएम ने किया उर्वरक दुकानों का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय क्षेत्र के रसूलपुर में शुक्रवार को एसडीएम प्रीति सिंह ने भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी के साथ मौर्या खाद भंडार और तिवारी खाद भंडार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दोनों भंडारों में खाद का स्टॉक चेक किया। स्टॉक रजिस्टर और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का मिलान भी किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि किसानों को उचित मूल्य पर खाद की बिक्री सुनिश्चित करें।एसडीएम ने खाद विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए।

# ज्ञान बाँटते स्कूल, जान निगलते वाहन!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शिक्षा के मंदिरों की आड़ में बच्चों की जान के साथ खिलवाड़! फीस के नाम पर हजारों रुपये वसूलने वाले स्कूलों का एक और असली चेहरा सामने आया है, जब यह उजागर हुआ कि स्कूल प्रबंधन 17 वर्षों से अक्षम यानी अनफिट वाहन का संचालन कर रहा था। यह चौंकाने वाली लापरवाही केवल एक आइसोलेटेड घटना नहीं, बल्कि संदेह की गुंजाइश है कि जिले में बड़ी संख्या में स्कूल इस तरह के नियमविरुद्ध वाहन चला रहे हैं। शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, एवं सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव की संयुक्त टीम ने हैदरगढ़ रोड पर स्कूली वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान एक वाहन ऐसा पाया गया, जिसकी फिटनेस 2008 से फ़ेल थी। इसके बावजूद उक्त वाहन आज तक विद्यार्थियों की ढुलाई में उपयोग किया जा रहा




था, जो किसी भी संभावित दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा है। अधिकारियों द्वारा तत्काल उक्त वाहन को सीज किया गया। इस विशेष अभियान में कुल 3 वाहन सीज किए गए और 10 अन्य स्कूली वाहनों के विरुद्ध विभिन्न कारणों से चालान किए गए। पत्रावलियों की जांच में अधिकतर स्कूल वाहन फिटनेस, बीमा या परमिट जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के मानकों पर खरे नहीं उतरे।यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षण संस्थान जिनसे बच्चों की सुरक्षा और नैतिकता की उम्मीद की जाती है, वही प्रबंधन अपनी सुविधा व मुनाफ़े के लिए बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। 17 वर्षों से अनफिट वाहन का उपयोग न केवल कानून का खुला उल्लंघन है बल्कि स्कूल

**17 साल से फिटनेस फ़ेल स्कूल वैन पर चलता रहा शिक्षा रथ**

**तीन वाहन सीज, 10 स्कूली वाहनों के चालान**

प्रशासन की गंभीर लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण भी है।क्या फीस वसूलते समय यही स्कूल प्रबंधन यह भी सुनिश्चित करता है कि उनके वाहनों की समयबद्ध फिटनेस हो, बीमा हो, प्रशिक्षित ड्राइवर हों? या यह सब केवल सरकारी जांच टीमों की सक्रियता पर निर्भर करता है? प्रश्न यह भी है कि आखिर अब तक इन वाहनों पर किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी? क्या यह विभागीय ढिलाई थी या कुछ और? अब जरूरत है कि इस प्रकार के सभी विद्यालयों की नियमित जांच हो और दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।बच्चों की सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए एक सख्त और जवाबदेह व्यवस्था लागू करना ज़रूरी है।

## कांग्रेस जिला सचिव बने गुड्डू राईन

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हैदरगढ़ के इसरार अहमद उर्फ गुड्डू राईन की कर्तव्य निष्ठा को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने गुड्डू राईन को जिला सचिव और हैदरगढ़ ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त किया है।अपने मनोनयन के बाद इसरार अहमद उर्फ गुड्डू राईन ने अपने नेता पीएल पुनिया और पार्टी पदाधिकारियो के प्रति आभार जताया है। मो.कासिम सभासद अली मोअब्बास जैदी मोनू सिह भुलान सिह मो शमीम ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ राजकुमार सिंह दिनेश शुक्ला डिंपल सिंह सलमान हाशमी राजा राइन इस्तियाक़ राइन देशराज सिंह आशु दीक्षित प्रमोद अवस्थी व डॉ विजय रावत आदि ने बधाई दी।

## कुशल विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत अयोध्या मंडल के उप निदेशक पंचायत अरविंद कुमार के मार्गदर्शन आयोजित प्रशिक्षण में सतत विकास लक्ष्यों एलएसडीजी और पीडीआई पीएआई-2 विषय पर जानकारी दी गई। निदेशालय द्वारा नामित प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय और एमएचयू अंसारी ने प्रशिक्षण दिया। जिला अमेठी के डीपीआरसी के सह प्रचार्य प्रशान्त पांडेय और सिरौली गौसपुर के एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने भी प्रशिक्षण में योगदान दिया।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में एलएसडीजी की प्रगति के आंकलन के लिए पीडीआई पीएआई संस्थागत तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सतीश वर्मा, राजेश कुमार रावत, सुरेश चंद्र यादव ग्राम प्रधान मरकामऊ ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता, रामसागर यादव, दिग्विजय सिंह जितेंद्र यादव और राम बक्श यादव सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।

## दलित परिवार पर टूटा दबंगों का कहर

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। करौंदीकला थाना क्षेत्र के ग्राम फिरिहिरी में बुधवार शाम एक दलित परिवार पर दबंग यादवों द्वारा किया गया जानलेवा हमला क्षेत्र में जातीय तनाव को भड़का रहा है। घटना का कारण सिर्फ इतना था कि पीड़ित दलित ने अंडा उधार देने से मना कर दिया। पीड़ित दलित प्रिन्स कुमार के अनुसार, उनके भाई धीरज कुमार की अंडे की दुकान पर साथियों के साथ पहुंचे सूरजभान यादव व विवेक यादव ने जबरन उधारी की मांग की।

# अपने देश में, अपने नाम पर टूर्नामेंट में खिताब के सबसे प्रबल दावेदार नीरज चोपड़ा

एजेंसी




बेंगलुरू। अपने नाम पर होने वाले पहले एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा खिताब के प्रबल दावेदार तो होंगे ही , साथ ही उनकी नजरें इस साल में दूसरी बार 90 मीटर की बाधा पार करने पर लगी होंगी। 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं जिनमें ओलंपिक, विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी , एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौका देने के मकसद से आयोजित किया गया है जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढेगी। चोपड़ा ने स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांडो डुप्लांटिस और कीनिया के लंबी दूरी के धावक किपचोगे कीनो से प्रेरणा ली है जिनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मोंडो क्लासिक और किप कीनो क्लासिक होते हैं। कंतीरावा स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को चोपड़ा को खेलते देखने का मौका मिलेगा। वह भी फिर से 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंकना चाहेंगे जो उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में फेंका था। चोपड़ा एक साल बाद भारत में खेल रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा ,'' भारत में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन लंबे समय से मेरा सपना रहा है जो अब सच होने जा रहा है। उन्होंने कहा ,'' मैं बहुत रोमांचित हूं। मैने देश के लिये ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं लेकिन अब इस टूर्नामेंट के जरिये भारतीय एथलेटिक्स, एथलीटों और प्रशंसकों को कुछ लौटाने जा रहा हूं। चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और विश्व एथलेटिक्स के साथ मिलकर इसका आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि एनसी क्लासिक हर साल होगा और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में इसमें भालाफेंक के साथ और भी खेल जोड़े जायेंगे। एनसी क्लासिक पहले 24 मई को हरियाणा के पंचकूला में होना था लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों की जरूरत के अनुसार लाइट की व्यवस्था नहीं होने से इसे बेंगलुरू में कराया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यह भारत में किसी एक खेल की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा होगी जिसे विश्व एथलेटिक्स ने ए कैटेगरी का दर्ज़ा दिया है। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स समेत कुछ अहम खिलाड़ियों के नाम वापिस लेने से इसकी रौनक जरूर कम हुई है लेकिन चोपड़ा के कारण दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी रोमांच है। बारह खिलाड़ियों में से पांच ऐसे हैं जो इस साल के आखिर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग मार्क हासिल कर चुके हैं।

# ग्रैंड चेस टूर : डी. गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया लगातार पांचवीं जीत के साथ एकल बढ़त बनाई

एजेंसी




जाग्रेब(क्रोएशिया)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर (जीएसटी) 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को नॉर्वे के विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को छठे राउंड में हराकर सनसनी फैला दी। इस जीत के साथ गुकेश टूर्नामेंट में 10 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं।

पहले दिन की समाप्ति पर गुकेश संयुक्त लीडर थे, लेकिन अब उन्होंने खुद को सबसे आगे कर लिया है। इससे पहले चौथे और पांचवें राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी थी। कार्लसन ने गुकेश के खिलाफ मैच से पहले एक बयान में कहा था कि वे इस मुकाबले को ऐसे लेंगे जैसे वे किसी कमजोर खिलाड़ी से खेल रहे हों। उन्होंने कहा था, ''गुकेश ने यहां पिछली बार अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन यह अभी साबित होना बाकी है कि वह इस फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं... मैं उसे कमजोर खिलाड़ियों में से एक मानकर खेलूंगा। लेकिन गुकेश ने बोर्ड पर शानदार चालों से करारा जवाब दिया और पूर्व विश्व चैम्पियन को चित कर दिया। गुकेश और कार्लसन के बीच यह तीन मुकाबलों की श्रृंखला का पहला मैच था, जिसे रैपिड फॉर्मेट में खेला गया। आने वाले दो मुकाबले ब्लिट्ज फॉर्मेट में खेले जाएंगे। गुकेश की यह जीत सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय शतरंज के बढ़ते प्रभुत्व की भी प्रतीक बन गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एवीपीएल इंटरनेशनल ने रक्षा ड्रोन के लिए 10 लाख डॉलर के अनुसंधान एवं विकास निवेश की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** ड्रोन विनिर्माण एवं प्रशिक्षण कंपनी एवीपीएल इंटरनेशनल ने रक्षा ड्रोन के अनुसंधान एवं विकास के लिए 10 लाख डॉलर (करीब 8.5 करोड़ रुपये) के निवेश की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने अप्रैल 2025 तक ड्रोन प्रशिक्षण एवं विनिर्माण के लिए 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धता जताई थी। बयान के अनुसार, '' निवेश भारत के ड्रोन परिवेश में महत्वपूर्ण अंतराल से निपटने पर केंद्रित है, जैसे कि आयातित घटकों पर निर्भरता कम करना, बेहतर ड्रोन विकसित करना और महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा के लिए स्वदेशी 'काउंटर-यूएएस' क्षमताओं का निर्माण करना है। यह निवेश एवीपीएल के बिहार और हिसार स्थित संयंत्रों में विनिर्माण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में भी योगदान देगा। एवीपीएल.. ड्रोन प्रौद्योगिकी, सटीक कृषि, भू-स्थानिक जानकारी, रक्षा एवं और अन्य ड्रोन-आधारित समाधान जैसे मानचित्रण, 'स्कैनिंग' और निगरानी का काम करती है।

## असम में निवेश के अवसर, चाय व्यापार, पर्यटन की संभावनाओं को न्यूयॉर्क में किया गया प्रदर्शित

**गुवाहाटी।** असम के व्यापार और पर्यटन की संभावनाओं में निवेश के अवसरों को न्यूयॉर्क में उद्योग जगत के लोगों के समक्ष पेश किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान असम चाय पर एक विशेष बी2बी (व्यापार से व्यापार) क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित की गई। अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर दोनों कार्यक्रमों की मेजबानी करने की जानकारी दी। उसने लिखा, '' न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने असम में व्यापार एवं निवेश के अवसरों पर अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के साथ गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की। अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच, एक गैर-सरकारी संगठन है जो भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। 'एक्स' पर दी जानकारी के अनुसार, असम के मुख्य सचिव रवि कोटा और महावाणिज्य दूत बिनया एस. प्रधान ने बैठक में उद्योग जगत के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। इसमें कहा गया, '' कार्यक्रम में व्यापार, पर्यटन और निवेश में असम की अपार संभावनाओं पर बात की गई। इसमें शेफ विकास खन्ना को बैठक में शामिल होने और अपने विचार साझा करने के लिए धन्यवाद दिया गया। 'एक्स' पर जानकारी दी गई, '' असम चाय के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने अमेरिका के प्रमुख चाय खरीदारों के साथ असम चाय के प्रमुख उत्पादकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के लिए बैठक आयोजित की।'' कोटा और वाणिज्य दूत (व्यापार) ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और असम चाय की विशेषताओं और विवरण की जानकारी दी। भारतीय चाय संघ के सचिव अरिजीत राहा ने भारत-अमेरिका चाय व्यापार के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की जानकारी दी और सभी भारतीय चाय कंपनियों का परिचय कराया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, '' चाय चखने के सत्र भी आयोजित किए गए, जहां चाय विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को चाय के बारे में बताया।

## सीसीआई के आदेश की समीक्षा कर उचित कानूनी कदम उठाएंगे: एशियन पेंट्स

**नयी दिल्ली।** एशियन पेंट्स निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई के उसके खिलाफ पारित आदेश की समीक्षा करने के साथ ही उचित कानूनी विकल्प पर विचार कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पेंट के विनिर्माण और बिक्री के लिए बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए एशियन पेंट्स के खिलाफ जांच का आदेश दिया। यह निर्देश ग्रासिम इंडस्ट्रीज (बिरला पेंट्स की इकाई) की शिकायत के बाद दिया गया है। शिकायत में एशियन पेंट्स पर भारतीय पेंट क्षेत्र में इसके प्रवेश और विकास को बाधित करने से जुड़ी गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने का आरोप लगाया गया है। एशियन पेंट्स ने कहा कि वह आरोपों की जांच में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के साथ सहयोग करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में एशियन पेंट ने कहा, वह वर्तमान में आदेश की समीक्षा कर रही है और उचित कानूनी विकल्प का इस्तेमाल करेगी। कंपनी जांच के दौरान सीसीआई के साथ पूर्ण सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में पारित आदेश में कहा, ''आयोग की राय है कि वर्तमान मामले में एशियन पेंट्स द्वारा अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा चार बाजार में दबदबे की स्थिति के दुरुपयोग को प्रतिबंधित करती है। प्रतिस्पर्धा आयोग ने महानिदेशक को मामले की जांच करने और 90 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## एसएमपीपी को भारतीय सेना से 300 करोड़ रुपये का मिला ठेका

**मुंबई।** रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनी एसएमपीपी लिमिटेड को भारतीय सेना से 300 करोड़ रुपये के दो ठेके मिले हैं। एसएमपीपी ने बयान में कहा कि इस ठेके के तहत कंपनी आपात प्रावधान के तहत भारतीय सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। कंपनी ने कहा, '' एसएमपीपी भारतीय सेना को 27,700 बुलेटप्रूफ जैकेट और 11,700 उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। यह ठेका 300 करोड़ रुपये से अधिक का है। एसएमपीपी के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कंसल ने कहा, '' एसएमपीपी भारत में व्यक्तिगत सुरक्षा बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी (1लैटिस रिपोर्ट के अनुसार) के साथ अग्रणी रहा है, जो अनुसंधान एवं विकास पर इसके अत्यधिक ध्यान के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले ही 17 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं और 10 पेटेंट दिए जा चुके हैं। एसएमपीपी रक्षा उपकरणों का स्वदेशी विनिर्माता है। इसकी पलवल (हरियाणा) में एक विनिर्माण सुविधा है।

## टीपीआरईएल की 'रूफटॉप' सौर प्रणालियों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में पांच गुना होकर 45,589 हुई

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की 'रूफटॉप' सौर प्रणालियों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर पांच गुना होकर रिकॉर्ड 45,589 पर पहुंच गईं। साथ ही स्थापित क्षमता 220 मेगावाट हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-जून में 'रूफटॉप' सौर प्रणालियों की संख्या 8,838 थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में स्थापित सौर ऊर्जा प्रणालियों की संख्या में वृद्धि से टीपीआरईएल ने देश भर में कुल 2,04,443 रूफटॉप सौर प्रणालियों की स्थापना की, जिनकी संचयी क्षमता 3.4 गीगावाट से अधिक है।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण 6 जुलाई को

एजेंसी

## देशभर में 50,000 से अधिक लोग लेंगे हिस्सा




नई दिल्ली। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाले 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 30वां संस्करण 6 जुलाई (रविवार) को देशभर के 6000 से ज्यादा स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें इस बार रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों की भागीदारी को विशेष रूप से जोड़ा गया है। इस एक दिवसीय फिटनेस अभियान में 50,000 से अधिक प्रतिभागी देशभर में साइकिल चलाकर स्वस्थ, प्रदूषणमुक्त और मोटापा रहित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से आरंभ होगा। यहां से साइकिल सवार इंडिया गेट सी हेक्सागन होते हुए विजय चौक तक जाएंगे और फिर वापस मेजर ध्यानचंद स्टेडियम लौटेंगे। इस अभियान की शुरुआत दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा की गई थी। तब से यह कार्यक्रम हर रविवार हजारों स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है और हर हफ्ते 50,000 से अधिक लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. मांडविया ने कहा, फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अब एक जन आंदोलन बन चुका है। इस सप्ताह इसे रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। मैं सभी नागरिकों और समुदायों से अपील करता हूं कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और साइकिलिंग, योग जैसे फिटनेस गतिविधियों को अपनाकर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और प्रदूषण से लड़ें। रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों को इस आयोजन में शामिल करने का उद्देश्य स्थायित्व को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों से जुड़ना है। देश में 5-6 लाख रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन हैं, जो लोगों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे अपने क्षेत्र में रोजाना साइक्लिंग, योग और अन्य फिटनेस गतिविधियों के लिए निवासियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह साइक्लिंग अभियान सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, साई प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में भी आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले इस अभियान में भारतीय सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, जीएसटी काउंसिल, पीइएफआई और खेल जगत की बड़ी हस्तियां जैसे लवलीना बोरगोहेन, प्रियंका गोस्वामी, रानी रामपाल, नीतू घंघास, स्वीटी बूरा, पैरा एथलीट्स नितेश कुमार, मनीषा रामदास, रूबिना फ्रांसिस, सिमरन शर्मा समेत अमित सियाल, राहुल बोस, गुल पनाग, मधुरिमा तुली जैसे कई फिल्मी सितारे भी हिस्सा ले चुके हैं।

# अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिये जल्दी पहुंचे थे जडेजा

बर्मिंघम। रविंद्र जडेजा एडबस्टन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से काफी पहले अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिये पहुंच गए थे जिसका फायदा भी उन्हें मिला चूंकि कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 203 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से भारत ने दूसरे दिन दो विकेट पर 587 रन बना लिये। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने उन्हें काफी शॉर्ट गेंदें फेंकी लेकिन जडेजा इसके लिये तैयार थे। भारतीय खिलाड़ियों को टीम बस से जाना था लेकिन समझा जाता है कि जडेजा ने मैदान पर जल्दी पहुंचने के लिये विशेष अनुमति ली थी। उन्होंने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा ,'' मुझे लगा कि बल्लेबाजी का अतिरिक्त अभ्यास करना चाहिये क्योंकि गेंद अभी नयी थी। मुझे लगा कि नयी गेंद को खेल जाऊंगा तो पारी में आगे आसानी होगी। खुशकिस्मती से मैं लंच तक खेल पाया और उसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की।

# दो दिन की तेजी के बाद सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। दो दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 550 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। भाव में गिरावट आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,730 रुपये से लेकर 98,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,500 रुपये से लेकर 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी कमजोरी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,730 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पीएमएफबीवाई के तहत 15 जुलाई तक मक्का धान की फसलों का बीमा कराएं किसान

एजेंसी

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हमीरपुर के जिला अधिकारियों ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 15 जुलाई तक अपनी मक्का और धान की फसलों का बीमा करवाने को कहा है। कृषि विभाग हमीरपुर के उप निदेशक शशि पाल अत्री ने बताया कि इन फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। बयान में कहा गया कि यह बीमा सूखा, बाढ़, जलभराव, ओलावृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदान किया जाता है। हमीरपुर जिला में इस योजना के तहत चालू खरीफ सत्र में मक्का व धान की फसलों का बीमा किया जा रहा है तथा जिला के सभी उपमंडलों को मक्का की फसल के लिए अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर, नादौन व भोरंज उपमंडलों को धान के फसल बीमा के लिए अधिसूचित किया गया है। शशि पाल अत्री ने बताया कि अधिसूचित क्षेत्रों में मक्का व धान की फसल उगाने वाले बटाईदारों व काश्तकारों सहित सभी किसान बीमा करवा सकते हैं। इस योजना से संबंधित अधिसूचना विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। किसान अपनी फसल का बीमा कंपनी या नजदीकी लोक मित्र केंद्र, बैंक या ऑनलाइन माध्यम से करवा सकते हैं। साथ ही अपने फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड व जमीन के कागजात भी साथ लेकर जा सकते हैं। योजना के संबंध में किसी भी प्रकार के परामर्श के लिए विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मक्का व धान की फसल के बीमा के लिए 1200 रुपये प्रति हेक्टेयर (48 रुपये प्रति कनाल) प्रीमियम निर्धारित किया गया है। इसकी बीमित राशि 60 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर होगी। जिन किसानों ने बैंक या अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण लिया है, उन सभी का बीमा वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वतः ही कर दिया जाएगा।

# भारत ने छह देशों से पॉलीथीन के आयात के लिए डंपिंग रोधी जांच की शुरू

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने भारतीय रसायन एवं पेट्रोरसायन संघ की शिकायत के बाद कुवैत, मलेशिया, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से पॉलीथीन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। आवेदक ने आरोप लगाया कि लीनियर-डेंसिटी पॉलीइथिलीन (एलएलडीपीई) की डंपिंग के बाद किए गए आयात के कारण उद्योग प्रभावित हुआ है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता है, जिससे पैकेजिंग फिल्म, तार और केबल जैसे विभिन्न उत्पाद बनाए जाते हैं। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की अधिसूचना के अनुसार, आवेदक ने डंपिंग किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में साक्ष्य प्रदान किए हैं। इसमें कहा गया, '' प्राधिकरण डंपिंग के अस्तित्व और प्रभाव को निर्धारित करने के लिए डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है। अधिसूचना में कहा गया कि डंपिंग से घरेलू कंपनियों को भौतिक क्षति हुई है, तो डीजीटीआर आयात पर शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। डंपिंग रोधी जांच विभिन्न देशों द्वारा यह पता लगाने के लिए की जाती है कि सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान तो नहीं पहुंचा है। जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत जवाबी कार्रवाई के तौर पर शुल्क लगाए जाते हैं। शुल्क का मकसद निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना और विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के मुकाबले घरेलू उत्पादकों के लिए समान अवसर बनाना है। भारत और ये देश डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं। भारत ने चीन सहित विभिन्न देशों से सस्ते आयात से निपटने के लिए पहले ही कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाए हैं।

# सेल ने वैश्विक उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए दुबई में खोला प्रतिनिधि कार्यालय

एजेंसी



नई दिल्ली। देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनियों में से एक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के लिए दुबई में अपना पहला प्रतिनिधि कार्यालय खोला है। सेल का मध्य पूर्व में पहला अंतरराष्ट्रीय कार्यालय इसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेल के दुबई स्थित इस कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने 3 जुलाई को किया। उद्घाटन अवसर पर भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार सिवन, सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव वीके त्रिपाठी तथा सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी और मेकॉन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय के मुताबिक रणनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित दुबई कार्यालय सेल के इस्पात निर्यात को बढ़ावा देने, उद्योग संबंधों को और परिपुष्ट बनाने और भारत-यूएई व्यापार संबंधों को मजबूत करने में सहायता प्रदान करेगा। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में दुबई की भूमिका और निवेशक अनुकूल वातावरण इसे उभरते बाजारों में विस्तार के लिए एक आदर्श आधार बनाता है। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि यह पहल भारत के इस्पात उद्योग की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने और 2030 तक 300 मिलियन टन के राष्ट्रीय इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह सेल के एक वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी इस्पात निर्माता के रूप में विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और अंतरराष्ट्रीय इस्पात क्षेत्र में भारत की निरंतर होती प्रगति की स्थिति को दर्शाता है।

# भारत का अधोसंरचना भविष्य केवल लक्ष्य नहीं, जिम्मेदारी है : अजय टम्टा

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, दिल्ली के विशेषज्ञों तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद में भाग लिया।उन्होंने कहा कि भारत के अधोसंरचना का भविष्य नवाचार आधारित, सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाला और भारतीय परिस्थितियों पर केंद्रित योजनाओं में निहित है।

कार्यक्रम में न केवल सड़क सुरक्षा समाधान प्रस्तुत किए गए बल्कि नई तकनीकों, उन्नत योजना पद्धतियों और कम लागत में अधिक प्रभाव वाले डिजाइनों का भी प्रदर्शन किया गया, जो देश में सड़कों के निर्माण की दिशा को पूरी तरह से बदल सकते हैं। टम्टा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत 2047 की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि मंत्रालय केवल सड़कें नहीं बना रहा, बल्कि ऐसे मार्ग तैयार कर रहा है जो औद्योगिक विकास, शहरी विस्तार, डिजिटल संपर्क और नागरिक कल्याण के सशक्त माध्यम बनेंगे। उन्होंने निर्माण की पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर नवाचार आधारित पूर्व नियोजन की आवश्यकता पर बल दिया, जहां सड़क परियोजनाएं केवल तकनीकी कार्य न रहकर बहु-क्षेत्रीय समग्र विकास का माध्यम बनें। संवाद के दौरान टम्टा ने संस्थानों के शिक्षकों और नवप्रवर्तकों से मुलाकात की और कहा कि इन नवाचारों से सुरक्षा ही नहीं सुधरेगी, बल्कि भूमि अधिग्रहण, यातायात जाम, अंतिम मील संपर्क और लागत जैसी जटिल समस्याओं का समाधान भी संभव है।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में विदेशी ढांचागत मॉडल की नकल नहीं चल सकती। भारत की भौगोलिक, जलवायु, सामाजिक व्यवहार और जनसंख्या घनत्व को ध्यान में रखते हुए ही योजनाएं बनानी होंगी। इसके लिए सुरक्षा क्षेत्र, गतिशीलता केंद्र और बहुउपयोगी मार्गों जैसी अवधारणाओं को अपनाना आवश्यक है। मंत्री ने बिना मोबाइल ऐप या इंटरनेट लिंक के काम करने वाली एक नई स्थानीय परिवहन प्रणाली की भी समीक्षा की, जो दरवाजे से दरवाजे तक सरल और सुलभ आवाजाही की सुविधा देती है।

उन्होंने एक पारदर्शी शासन प्रणाली की वकालत की, जिसमें परियोजनाओं के कार्यान्वयन से पहले योजनाएं आमंत्रित कर उनका मूल्यांकन किया जाए, जिससे क्रियान्वयन में सरलता और स्पष्टता हो। टम्टा ने नवाचार को भविष्य की योजना का मूल आधार बताया और इसे साकार करने के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आईआईटी दिल्ली और एसपीए दिल्ली की सराहना करते हुए देश के अन्य संस्थानों से भी इस राष्ट्र निर्माण अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस संवाद में केंद्रीय मंत्री के साथ आईआईटी दिल्ली और एसपीए दिल्ली के कई प्रमुख शिक्षाविद् और नवाचारकर्ता उपस्थित थे।

## कोरोना वैक्सीन को युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु से जोड़ने वाले दावों को आईएमए ने किया खारिज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने कोरोना वैक्सीन को युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु से जोड़ने वाले दावों को खारिज कर दिया है। आईएमए ने शुक्रवार एक बयान में कर्नाटक के हासन जिले में युवा वयस्कों में हृदय रोग से संबंधित मौतों में अचानक वृद्धि पर राज्य के मुख्यमंत्री के हालिया बयान को भ्रामक बताया। आईएमए ने कहा कि यह सही तस्वीर नहीं दर्शाता है। भारत में हार्ट अटैक की घटना वैश्विक स्तर पर देखी गई घटनाओं से अधिक है, लेकिन इस प्रवृत्ति का कोरोना टीकाकरण से कोई संबंध नहीं है। जीवनशैली में व्यापक बदलाव इसके पीछे कारण हो सकता है। साथ ही इसके पीछे इंसुलिन प्रतिरोध, कार्डियोवास्कुलर डिजीज का सकारात्मक पारिवारिक इतिहास और कुछ आनुवंशिक कारकों सहित पहले से मौजूद सह-रुग्ण स्थितियों का प्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है।

आईएमए ने कहा कि आईसीएमआर ने भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अस्पष्टीकृत अचानक मृत्यु से जुड़े कारकों पर एक अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला कि कोरोना टीकाकरण ने युवा वयस्कों में अस्पष्टीकृत अचानक मृत्यु के जोखिम को नहीं बढ़ाया। इसी तरह का निष्कर्ष एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में भी निकला है। आईएमए ने कहा कि 'कोरोना टीकों से अचानक मृत्यु होती है- जैसे बयानों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

इस संबंध में चिकित्सा बिरादरी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जारी किए गए ऐसे किसी भी बयान की निंदा करती है, जिसमें हासन जिले में हाल ही में हुई युवा वयस्कों की मौतों के साथ कोरोना टीकाकरण को जोड़ा गया हो। आईएमए ने कहा कि यह भी अस्वीकार्य है कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी ठोस सबूत के ऐसे बयान जारी करे, जिससे उन लाखों लोगों में घबराहट और डर पैदा हो सकता है, जिन्होंने टीके लगवाए थे। जबकि टीके ने इस दौरान कई लोगों की जान बचाई थी।

# पेज एक का शेष

### देश...

विकास और परिवर्तन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और 25 करोड़ से अधिक लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। भारत की विकास कहानी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

श्री मोदी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धि एआईद्ध सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग पर राष्ट्रीय मिशन देश के विकास के नए इंजन बन रहे हैं। भारत में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि त्रिनिदाद- टोबैगो में इसे अपनाना समान रूप से उत्साहजनक होगा। भारत के सदियों पुराने दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम जिसका अर्थ है कि दुनिया एक परिवार है का हवाला देते हुए उन्होंने प्रगति और राष्ट्र निर्माण की दिशा में त्रिनिदाद-टोबैगो को निरंतर समर्थन देने की पेशकश की। इस समारोह में चार हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया तथा महात्मा गांधी सांस्कृतिक सहयोग संस्थान तथा अन्य संगठनों के कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में श्री बिसेसर के अलावा उनके मंत्रिमंडल के सदस्यए संसद सदस्य और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### मोदी...

परंपरागत भारतीय साड़ी पहन कर अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ स्वयं हवाई अड्डे पर गयी थीं।

श्री मोदी के आतिथ्य सत्कारमें आयोजित औपचारिक समारोह में प्रधानमंत्री बिसेसर ने कहा हम ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति से गौरवान्वित हैं जो हमारे बहुत निकट और प्रिय हैं। हम ऐसे नेता से गौरवान्वित हैं जिनकी यात्रा केवल प्रोटोकॉल का मामला नहीं हैए बल्कि हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है।

उन्होंने श्री मोदी को ष्दुनिया के सबसे सम्मानित सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि उन्हें भारत के ऐसे प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए बहुत गर्व हो रहा है। मेजबान देश की प्रधानमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री आप एक परिवर्तनकारी शक्ति हैं जिन्होंने भारत के शासन को परिष्कृत किया है और अपने देश को एक प्रमुख और प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

उन्होंने कहा अपनी दूरदर्शी और भविष्योन्मुखी पहलों के माध्यम से आपने भारतीय अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण किया है एक अरब से अधिक नागरिकों को सशक्त बनाया है और सबसे बढ़कर आपने दुनिया भर में सभी भारतीयों के दिलों में गर्व की भावना पैदा की है।

भारतीय मूल की महिला नेता ने समारोह में भारतीय मूल के लोगों की बड़ी उपस्थिति और भारतीय संस्कृति को विश्वभर में प्रस्तुत करने के भारत सरकार के प्रयासों की ओर इंगित करते हुए कहा यह केवल शासन ही नहीं बल्कि विरासत के प्रति आपकी श्रद्धा है जो हमें आज रात यहां लेकर आयी है। उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा आप 2002 में इस देश की अपनी पहली यात्रा पर आप प्रधानमंत्री नहीं बल्कि सांस्कृतिक राजदूत के तौर पर आये थे। आज आप 1.4 अरब से अधिक लोगों की सरकार के मुखिया के रूप में आये हैं। आप एक प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध नेता के रूप में आये हैंए जिनका प्रभाव सीमाओं से परे है। हम आपको नमन करते हैं सर।

उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासियों के प्रति श्री मोदी की स्थायी प्रतिबद्धता से प्रवासी भारतीयों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबद्धता दोनों देशों की साझा यात्रा की संस्कृति इसके इतिहास और भावना को प्रेरित करती है।

कोविड रोधी वैक्सिन आपूर्ति का उल्लेख करते हुए श्रीमती बिसेसर ने कहा आपके नेतृत्व में भारत ने दुनिया की ओर अपना हाथ बढ़ाया है। चार साल पहले वैक्सीन पहल के साथ आपकी करुणा और परोपकार के माध्यम से ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आपने सुनिश्चित किया कि वैक्सीन और आपूर्ति त्रिनिदाद-टोबैगो सहित सबसे छोटे देशों तक भी पहुँचे। अपने परोपकार के माध्यम से आपने वहाँ आशा और शांति लाई जहाँ डर था।

उन्होंने श्री मोदी की उस पहल के बारे में कहा यह कूटनीति से बढ़कर था। यह रिश्तेदारी का कार्य था। साझा मानवता का कार्य था और प्रेम का कार्य था। यह उन कई कारणों में से एक है जिसके लिए हमें आपको हमारे देश के सर्वोच्च सम्मानए ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद और टोबैगो से सम्मानित करते हुए बहुत गर्व है।

### प्रधानमंत्री...

भारत-अफ्रीका सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया था। घाना और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के सम्मान सहित अब तक प्रधानमंत्री मोदी को कुल 25 देशों द्वारा उनके सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। यह उपलब्धि भारतीय कूटनीति के इतिहास में सबसे अनूठी है।

प्रधानमंत्री मोदी को अब तक जिन 25 देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है, उनमें सऊदी अरब, अफगानिस्तान, फिलिस्तीन, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, मालदीव, बहरीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, भूटान, पलाऊ, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, मिस्र, फ्रांस, ग्रीस, नाइजीरिया, डोमिनिका, गुयाना, कुवैत, बारबाडोस, मॉरीशस, श्रीलंका, साइप्रस, घाना और त्रिनिदाद एंड टोबैगो शामिल हैं।

कब मिले यह पुरस्कारः- 1. सऊदी अरब (2016): किंग अब्दुलअजीज सैश 2. अफगानिस्तान (2016): स्टेट ऑर्डर ऑफ ग़ाज़ी आमिर अमानुल्लाह खान 3. फिलिस्तीन (2018): ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन 4. संयुक्त अरब अमीरात (2019): ऑर्डर ऑफ जायद 5. रूस (2019 में घोषणा, 2024 में प्रदान): ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल 6. मालदीव (2019): ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन 7. बहरीन (2019): किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां 8. संयुक्त राज्य अमेरिका (2020): लीजन ऑफ मेरिट (डिग्री चीफ कमांडर) 9. भूटान (2021 में घोषणा, 2024 में प्रदान): ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो 10. पलाऊ (2023): एबाकल पुरस्कार 11. फिजी (2023): कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी 12. पापुआ न्यू गिनी (2023): ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू

13. मिस्र (2023): ऑर्डर ऑफ द नाइ 14. फ्रांस (2023): ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर 15. ग्रीस (2023): ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर 16. नाइजीरिया (2024): ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर 17. डोमिनिका (2024): डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर 18. गुयाना (2024): द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस 19. कुवैत (2024): ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर 20. बारबाडोस (2025): द ऑर्डर ऑफ फ्रीडम 21. मॉरीशस (2025): ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन 22. श्रीलंका (2025): मित्र विभूषण 23. साइप्रस (2025): ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय 24. घाना (2025): ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना 25. त्रिनिदाद एंड टोबैगो (2025 में घोषणा): द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो

ये सभी सम्मान विश्व समुदाय द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, दृष्टिकोण और वैश्विक कूटनीति में उनकी सक्रिय भूमिका को मान्यता देने का प्रमाण हैं। मोदी की कूटनीति का सबसे बड़ा ध्येय भारत की धमक को वैश्विक मंच पर स्थापित करना रहा है। योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति और प्रवासी समुदाय के साथ मजबूत रिश्तों ने भारत को वैश्विक स्तर पर एक अनूठी पहचान दी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य, डिजिटल डिप्लोमेसी, आतंकवाद विरोध की आवाज बनने और भारत को एक सशक्त, विचारशील और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। मोदी की विदेश नीति केवल औपचारिक द्विपक्षीय बैठकों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भी हर मंच पर जोड़ने का कार्य किया है। त्रिनिदाद और टोबैगो में ओसीआई कार्ड की घोषणा इस दिशा में एक और कदम है। यह न केवल प्रवासियों को भारत के साथ जोड़ता है, बल्कि उन्हें भारत की प्रगति में भागीदार बनने का अवसर भी देता है। त्रिनिदाद और टोबैगो में बसे भारतीय समुदाय ने वहां की संस्कृति को समृद्ध किया है और उनकी छठी पीढ़ी आज भी भारतीय मूल्यों को जीवित रखे हुए है। घाना और त्रिनिदाद जैसे देशों में भारतीय प्रवासियों का योगदान भारत की वैश्विक साख का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये समुदाय न केवल अपने-अपने देशों में भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि भारत और इन देशों के बीच आर्थिक, सामाजिक और कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को मिले इन 25 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान इस बात का प्रमाण है कि भारत न केवल एक आर्थिक और सामरिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, बल्कि एक सांस्कृतिक और भावनात्मक शक्ति के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है।

### लाई लामा...

सभी लोग समय पर आवेदन करें ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न हो। सऊदी सरकार ने कई सख्त समय-सीमाएं तय की हैं। वे टूर ऑपरेटरों को निर्देश दे रहे हैं कि वे समयसीमा का पालन करें।

उल्लेखनीय है कि तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर चीन चाहता है कि उनका चयन उसके अनुसार हो। वहीं तिब्बती समुदाय इसे धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप मानता है। भारत में रहने वाले दलाई लामा के अनुयायी, तिब्बती निर्वासित सरकार और वैश्विक बौद्ध समुदाय दलाई लामा द्वारा उत्तराधिकारी के चयन की प्रक्रिया को ही मान्यता देते हैं।

### भगोड...

करोड़ वसूल लिया गया है। वहीं, ललित मोदी पर भी करोड़ों रुपये की हेराफ़ेरी का आरोप है। यह पूरा मामला साल 2009 में साउथ अफ्रीका में हुए आईपीएल मैच से जुड़ा हुआ है। उस दौरान ईडी ने ललित मोदी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने आईपीएल को शिफ्ट करने के लिए पैसों का लेन-देन किया है। इसको लेकर ईडी ने ललित मोदी पर 10.65 करोड़ का जुर्माना भी लगाया था।

### बिहार में...

जनशक्ति पार्टी (1913), सीपीआई (एमएल)(1271), लोजपा (रामविलास)(1153), माकपा(578), आरएलएसपी (270), बीएसपी (74), एनपीपी (3) और आम आदमी पार्टी (1) ने भी बीएलए नियुक्त किए हैं। प्रत्येक बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 50 प्रमाणित फॉर्म जमा कर सकता है। अब तक लगभग 5 फीसदी यानी 38 लाख हस्ताक्षरित और भरे हुए फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने दोहराया है कि एसआईआर का मूल उद्देश्य 'पहले समावेशन' है और सभी योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 25 जुलाई तक पूर्व मुद्रित फॉर्म पर हस्ताक्षर कर जमा करना अनिवार्य है। 2 अगस्त से प्राप्त फॉर्मों का सत्यापन शुरू किया जाएगा और उसी दिन से दावे और आपत्तियां भी आम जनता या किसी भी दल द्वारा दर्ज की जा सकेंगी। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को जारी होगी। अपीलें जिला पदाधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेंगी।

### स्वामी...

मार्ग में एक मजबूत नींव का कार्य करते हैं।

पुरी ने लिखा, ''स्वामी विवेकानंद जी का संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' भारत के विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है। उनके विचार और संदेश युगों-युगों तक युवाओं को ऊर्जा से भरते रहेंगे और उन्हें प्रेरित करते रहेंगे।''

उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन भारतीय युवाओं को आत्मविश्वास, आत्मबल और कर्तव्यनिष्ठा की ओर प्रेरित करता है। वर्ष 1893 में शिकागो विश्व धर्म संसद में दिया गया उनका भाषण आज भी विश्वभर में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की पहचान माना जाता है।

### गडकरी...

किया। उन्होंने लगभग 30 डिजाइन तैयार किए, जिनमें से एक को स्वतंत्र भारत के तिरंगे के रूप में चुना गया। उनके द्वारा तैयार किया गया यह ध्वज आज पूरे देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है।

### हालिया...

को बदल रहे हैं। फिक्की रक्षा और होमलैंड सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि मानव रहित और स्वायत्त प्रणालियां भविष्य हैं। जैसे-जैसे संघर्ष विकसित होते हैं, राष्ट्र बहुमूल्य जीवन के नुकसान को कम करने को प्राथमिकता देते हैं। मानव रहित और स्वायत्त प्रणालियां वायु, भूमि, जल और पानी के नीचे सहित विभिन्न क्षेत्रों पर हावी होंगी। इसी समिति के सह अध्यक्ष अशोक अटलूरी ने स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित (आईडीडीएम) कंपनियों को संरक्षित, पोषित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह कंपनियां उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ स्व-वित्तपोषित हैं और राष्ट्रीय रणनीतिक संपत्ति हैं। फिक्की रक्षा और होमलैंड सुरक्षा समिति के सह अध्यक्ष आशीष कंसल ने कहा कि भारत का रक्षा उद्योग तकनीकी परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है, जो न केवल आवश्यकता से प्रेरित है, बल्कि महत्वाकांक्षा, नवाचार और क्षमता से भी प्रेरित है। उन्होंने अपनी आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और अपने सैनिकों को उद्योग से दी जा सकने वाली सर्वोत्तम सुविधाओं से लैस करने के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री...

''लोगों को त्वरित न्याय दिलाना आपकी कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए। राजस्व के लाखों मामले लंबित हैं। आपके निर्णयों और सक्रियता से लोगों को राहत मिल सकती है।''

उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने और निर्णय प्रक्रिया में ईमानदारी व निष्पक्षता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''प्रशासनिक सेवा में जनता का विश्वास अर्जित करना सबसे बड़ी पूंजी है। इससे न केवल आपकी कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि सिस्टम में सुधार भी आता है।''

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन प्रशिक्षु अधिकारियों की ऊर्जा, नवाचार और समर्पण से प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को एक नई गति और दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''आपका योगदान आने वाले समय में राज्य की नीति और जनता की नियति दोनों को प्रभावित करेगा। पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) के निदेशक व्यंकटेश्वर लू, अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति...

भारत की फुटबॉल विरासत और सशस्त्र बलों की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा फुटबॉल करोड़ों लोगों के दिलों में खास जगह रखता है। यह केवल एक खेल नहीं बल्कि जुनून है। फुटबॉल रणनीति सहनशक्ति और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। डूरंड कप जैसे आयोजन खेल की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के फुटबॉल खिलाड़ियों को विकसित करने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने डूरंड कप की भावना को जीवित रखने और उसे प्रोत्साहित करने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की।

मुख्य रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा श्डूरंड कप हमारे सशस्त्र बलों और देश की सर्वोत्तम परंपराओं का प्रतीक है साहस अनुशासन और एकता की विरासत। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता के एक और अध्याय की शुरुआत पर हमें भारत की राष्ट्रपति की उपस्थिति का गौरव प्राप्त हुआ है। यह आयोजन खेल सेवा और भारतीय भावना के अटूट संबंध को फिर से स्थापित करता है।

ईस्टर्न कमांड के जीओसी.इन.सी और डीसीओसी के संरक्षक लेफ्टिनेंट जनरल आरण्सी तिवारी ने भी अपने संबोधन में देश की युवा फुटबॉल प्रतिभाओं के लिए डूरंड कप के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा सशस्त्र बलों की ओर से भारतीय सेना द्वारा आयोजित डूरंड कप एक फुटबॉल टूर्नामेंट से कहीं अधिक है। यह भारत की एकता में विविधता का उत्सव हैए प्रतिस्पर्धा के माध्यम से चरित्र निर्माण का विश्वास है और अनुशासन टीमवर्क और आत्मबल जैसे समय.सिद्ध मूल्यों के जरिए अगली पीढ़ी को तैयार करने का दायित्व है।

कई बार राष्ट्रीय टीम की कप्तानी कर चुके संदेश झिंगन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा हम आज केवल एक ट्रॉफी का अनावरण नहीं कर रहे हैंए बल्कि उस विरासत और सदियों पुरानी परंपरा का उत्सव मना रहे हैं जिसने भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता और बलिदान के बल पर भारतीय फुटबॉल की यात्रा को आकार दिया है दृ वह परंपरा है डूरंड कप।

दिल्ली क्षेत्र के जीओसी और डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट सोसायटी की स्टैंडिंग वर्किंग कमेटी के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा श्डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट सोसायटी लंबे समय से भारत में फुटबॉल को प्रोत्साहित करने की उत्कृष्ट परंपरा का प्रतीक रही है। हम इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को सफल और जोशपूर्ण मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

डूरंड कप राष्ट्रपति कप और शिमला ट्रॉफी ये तीनों प्रतिष्ठित ट्रॉफियां अब इस वर्ष की पांच मेजबान राज्यों पश्चिम बंगाल झारखंड असम मेघालय और मणिपुर की बहु.शहर यात्रा पर रवाना होंगी। यह ट्रॉफी टूर जनता में उत्साह और सामुदायिक गौरव को प्रज्वलित करने का उद्देश्य लेकर टूर्नामेंट की 23 जुलाई 2025 से शुरूआत से पहले आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट का भव्य फाइनल 23 अगस्त 2025 को निर्धारित है।

इस वर्ष पहली बार डूरंड कप पांच राज्यों दृ पश्चिम बंगालए झारखंड असम मेघालय और मणिपुर में खेला जा रहा है। ऐसे समय में जब भारतीय फुटबॉल को नए नायकों और नई उम्मीद की तलाश है डूरंड कप राष्ट्र निर्माण का मंच बना हुआ है एक प्रतिस्पर्धात्मक अखाड़ा जहां अकादमियों सशस्त्र बलों की टीमों और देश के सबसे दूरदराज इलाकों के राज्य क्लबों के होनहार खिलाड़ी आगे आकर देश को प्रेरित करते हैं।

### सीएम योगी...

दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के आमों की धमकयोगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बागवानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है। योगी सरकार ने बागवानों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जिससे उनकी आय कई गुना बढ़ी है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि एक समय उत्तर प्रदेश की जीडीपी में कृषि और औद्यानिक फसलों का योगदान 25-30 फीसदी था। आज सरकार की नीतियों ने इस क्षेत्र को और सशक्त किया है। सरकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के माध्यम से आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया है। गन्ना, मक्का और औद्यानिक फसलों में नए बीज और तकनीकों का उपयोग किसानों की आय को बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि 2017 में जहां 5 करोड़ पौधों का रोपण एक चुनौती थी, वहीं अब 9 जुलाई 2025 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 50 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। यह उत्तर प्रदेश की प्रगति और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सीएम योगी ने सुझाव दिया कि कमिश्नरी स्तर पर भी ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि स्थानीय बागवान अपनी फसलों की प्रदर्शनी और बिक्री कर सकें। उन्होंने बागवानों से हल्दी, अदरक और अन्य औद्यानिक फसलों के साथ फूड प्रोसेसिंग को अपनाने का आह्वान किया, ताकि उनकी आय को और बढ़ाया जा सके। यह महोत्सव बागवानों, किसानों और उत्तर प्रदेश की प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने का एक शानदार मंच साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील बागवानों और निर्यातकों को प्रशस्ति पत्र और एक पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही महोत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने बापू टावर में नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का किया उद्घाटन

■ बापू टावर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को गर्दनीबाग स्थित बापू टावर के छठे तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने बापू टावर का निरीक्षण किया और इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने बापू टावर के भूतल तल पर बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल को भी देखा। उन्होंने बापू टावर के भूतल, तीसरा तल एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया। नवनिर्मित बापू टावर के विभिन्न तलों एवं निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुये कहा कि बापू टावर बहुत ही भव्य बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय है। बापू टावर में आकर बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी को जानने और समझने में सहूलियत होगी। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सकें। इस परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाया गया है। इसको इसी तरह मेंटेन रखें। उन्होंने बापू टावर के भ्रमण पर आये स्कूली बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सब बापू टावर को देखिये, यह बहुत अच्छा बना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवनी से जुड़े कार्यों और गतिविधियों को देखिये और समझिये।

# मुख्यमंत्री धामी ने की 'पर्वतीय विमानन नीति' की मांग

## कहा- पहाड़ों की हवाई सेवाएं बनें जीवन रेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए एक पृथक 'पर्वतीय विमानन नीति' बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस नीति में विशेष वित्तीय सहायता, संचालन के लिए सब्सिडी और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अनुकूल नियम शामिल किए जाने चाहिए।

देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित नागर विमानन सम्मेलन-2025 में मुख्यमंत्री धामी ने यह मांग केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की उपस्थिति में उठाई। सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के नागर विमानन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नागर विमानन क्षेत्र में आई ऐतिहासिक प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़कर न केवल आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वर्तमान में 18 हेलीपोर्ट्स का विकास किया जा रहा है, जिनमें से 12 पर सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। हेली सेवाएं उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। चाहे आपदा प्रबंधन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या तीर्थयात्रा, हेलीकॉप्टर सेवाओं ने इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने पर्वतीय विमानन की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिया, जिनमें एटीसी नेटवर्क, सटीक मौसम पूर्वानुमान, स्लॉटिंग और आपदा-पूर्व तैयारी जैसे प्रावधान शामिल है। मुख्यमंत्री ने सभी ऑपरेटरों से भी पर्वतीय उड़ानों के लिए विशेष पायलट प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों का कठोर पालन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

# प्रधानमंत्री 18 जुलाई को आयेंगे बिहार, मोतिहारी में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है।आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सौ प्रतिशत जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जोरशोर से लगी हुई है। इस चुनावी वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। 18 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी का संभावित मोतिहारी दौरा है। पीएम मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों ही स्तर पर हलचल तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के मोतिहारी आगमन की तैयारी को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को मोतिहारी जायेंगे। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना ने बताया कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दोपहर एक बजे हेलीकॉप्टर से मोतिहारी आएंगे। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री और मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह भी मौजूद रहेंगे। यहां वे सबसे पहले प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीएम मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर बैठक करेंगे। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी अलग से बैठक होगी। प्रकाश अस्थाना ने कहा कि पीएम मोदी अपने इस दौरे में महिलाओं के लिए भी कोई बड़ी योजना या पैकेज घोषित कर सकते हैं। वहीं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना विकास कार्यों का शिलान्यास भी संभावित है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा सदन का उद्घाटन

## सीएम रेखा गुप्ता बोलीं-दिल्ली की आत्मा की आवाज होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राज निवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनसेवा सदन का उद्घाटन करते हुए हवन और पूजा-अर्चना की। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और दिल्ली सरकार के मंत्री, भाजपा सांसद और विधायक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' केवल एक भवन नहीं, यह दिल्ली की आत्मा की आवाज होगा। यह सदन दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की चिंता, आशा, सुझाव और समाधान का केंद्र बनेगा। यह भवन जनभागीदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की उस परंपरा का विस्तार है, जिसकी नींव जनता के विश्वास से बनी है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से हमने आज इस जनकल्याणकारी अध्याय की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा ही मेरे जीवन का धर्म है और दिल्ली की जनता का कल्याण ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा सदन से उठी हर आवाज को उत्तर मिलेगा, हर शिकायत को समाधान और हर नागरिक को सम्मान प्राप्त होगा। इस नई जनसेवा यात्रा में हम सभी एक साथ कदम से कदम मिला कर चलें। उपराज्यपाल ने इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की इस सोच को दिखाता है कि वे दिल्लीवालों की समस्याओं के प्रति कितनी गंभीर हैं। आने वाले समय में यहां की जनता की समस्याओं और उनकी तकलीफ का समाधान इसी सदन से होगा। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को इस लोककल्याणकारी पहल के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा सदन जनता की सेवा में एक प्रभावी माध्यम बनने की उन्होंने कामना की। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि 'जनसेवा सदन' जनता के लिए अर्पित है। उन्होंने कहा कि जितने में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के 'शीशमहल' का एक पर्दा लगा था, उससे कम पैसों में पूरा 'जनसेवा सदन' बनकर तैयार हुआ है। कपिल मिश्रा ने केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले 11 साल दरवाजे बंद रखे। भाजपा सरकार की नीयत में पारदर्शिता है, तो पहले दिन ही जनता के लिए दरवाजे खोल दिए हैं।

# उत्तराखंड में अतिवृष्टि की स्थिति पर गृहमंत्री ने ली जानकारी, केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फोन पर राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें वर्तमान हालात और राहत कार्यों के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि गृहमंत्री ने चारधाम यात्रा को प्रभावित न होने देने के निर्देश दिए हैं। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल), आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) को तत्परता से तैनात किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में भी उन्होंने आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृहमंत्री का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# फरीदकोट के डीएसपी राजनपाल भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कार्रवाई करते हुए फरीदकोट के डीएसपी क्राइम अगेंस्ट वूमेन राजनपाल को गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत रद्द करने के लिए एक लाख की रिश्वत देने की कोशिश भी की।

पुलिस के अनुसार जब डीएसपी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी, तब उस शिकायत को सेटल करवाने की कोशिश भी की थी। इसके लिए उन्होंने एक लाख रुपये की रिश्वत ऑफर की थी। पुलिस ने डीएसपी के खिलाफ भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया है। वहीं, विभागीय कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं।

# उत्तराखंड में मूसलधार बारिश से हालात बिगड़े, चारधाम यात्रा मार्ग बाधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ प्रदेश में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के पास



देहरादून। उत्तराखंड में मानसून का असर पूरे राज्य पर दिखने लगा है। पर्वतीय और मैदानी जिलों में लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। विशेष रूप से केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मार्गों पर भूस्खलन से रास्ते बाधित हो गए हैं, जिससे चारधाम यात्रा भी प्रभावित हुई है। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम की ओर जाने वाला पैदल मार्ग गौरीकुंड से लगभग एक किलोमीटर आगे छोड़ी गधेरे पर बोल्डर, मलबा-पत्थर आने से पूरी तरह से बाधित हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें व लोक निर्माण विभाग के कार्मिक व मजदूर मौके पर हैं। फिलहाल यात्रियों के आवागमन को सोनप्रयाग से ही बंद कर दिया गया है। मैनुअल तरीके से मलबा-पत्थर हटाया जा रहा है। वहीं मनकटिया क्षेत्र व छोटी पार्किंग गौरीकुंड मार्ग पैदल आवाजाही के लिए सुचारु है। जिला आपदा प्रबंध अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्रियों को सचेत किया जा रहा है। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग ने भी यात्रियों को मौसम के अनुसार यात्रा की सलाह दी है। उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री हाईवे एन एच 134 पर बनास के पास भारी भू-धसाव से सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है। मलबा हटाने के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था जुटाई जा रही है ताकि यात्रियों की आवाजाही हो सके। गंगोत्री हाईवे एनएच 108 पर पापड़ गाड़ के पास भी भू-धसाव हुआ है, जिससे मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हैं। सीमा सड़क संगठन व लोक निर्माण विभाग की टीमें सड़क सुधार कार्य में जुटी हुई हैं। इसके अलावा पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से गंगा, यमुना, सरयू, गोमती समेत सभी नदियां खतरें के निशान के पास बह रही हैं। इससे हरिद्वार, ऋषिकेश समेत अन्य मैदानी जिलों में जलभराव की संभावनाओं को देखते हुए लोगों को सतर्क किया जा रहा है। राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने सभी जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश की राजधानी देहरादून समेत अल्मोड़ा, बागेश्वर समेत अन्य जिलों में बारिश जारी है। बागेश्वर जिले में रात से लगातार बारिश से जिले में 14 आंतरिक मोटर मार्ग भूस्खलन से बंद हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# गोगाबील झील के पास एंटी-फ्लड स्लूइस गेट का निर्माण शुरू, 3.66 करोड़ की लागत से होगा विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित गोगाबील झील के समीप जल संसाधन विभाग द्वारा एंटी-फ्लड स्लूइस गेट का निर्माणकार्य शुरू कर दिया गया है। इस योजना पर कुल 3.66 करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित है। गोगाबील झील अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता के लिए जानी जाती है, जो 218 एकड़ भू-भाग में फैली हुई है। इस परियोजना के तहत गोगाबील झील के जल निकासी बिंदु पर जलद्वार (स्लूइस गेट) का निर्माण किया जाएगा, जिससे झील में संतुलित जल का भंडारण सुनिश्चित हो सकेगा। इससे प्रवासी पक्षियों, जलीय जीव-जंतुओं और आसपास के जैव विविधताओं को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। एंटी-फ्लड स्लूइस गेट के निर्माण से झील में सालों भर पानी की उपलब्धता बनी रहेगी और अतिरिक्त जल निकासी के साथ-साथ बाढ़ की समस्या का न्यूनीकरण हो सकेगा। यह परियोजना कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड के ग्रामीणों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। इस योजना को अगले साल यानि जनवरी, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। गोगाबील झील न केवल राज्य की एक प्रमुख प्राकृतिक आर्द्रभूमि है, बल्कि यह कई दुर्लभ और प्रवासी पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल भी है।

# कांग्रेस बिहार चुनाव में राहुल गांधी की तस्वीर छपे सेनेटरी पैड महिलाओं के बीच बांटेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार में आगामी अक्टूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक तापमान अपने चरम पर है। सभी दल चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और राज्य प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी की तस्वीर के साथ माई-बहिन योजना का स्लोगन छपे सेनेटरी पैड का पैकेट लॉन्च किया। इस मौके पर नेता द्वय ने कहा कि 5 लाख महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया जायेगा। पटना के सदाकत आश्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए जाएंगे। सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर है। साथ ही कांग्रेस की माई बहिन मान योजना का भी प्रचार है जिसमें महिलाओं को 2500 रुपये महीना मिलेगा। सैनेटरी पैड के पैकेट पर इस योजना का पूरा विवरण है।

राजेश राम ने कहा कि 'माई बहिन मान योजना'के तहत हम घर घर पहुंच रहे हैं। इसके लिये एक विशेष योजना बनाई गई है जिसमें जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपये मासिक सम्मान राशि देने की योजना की पूरी जानकारी से जुड़े सैनेटरी पैड के पैकेट करीब 5 लाख महिलाओं को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की ओर से सेनेटरी पैड अभियान को और विस्तार देने की योजना है, जिसमें भविष्य में और अधिक महिलाओं को शामिल किया जा सकता है। कांग्रेस की मानें तो बिहार में 80 प्रतिशत किशोरियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते। ऐसे में महिला कांग्रेस राहुल गांधी की तस्वीर के साथ नारी न्याय और 'माई बहिन मान योजना' के प्रचार को भी इस अभियान से बुलंद करेगी।

### जदयू का तंज

कंग्रेस की इस अभियान पर तंज कसते हुए जदयू मुख्य प्रवक्ता व विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा है कि कंग्रेस पार्टी को हो क्या गया है ? नीतीश कुमार बेटियों को उड़ान भरने के लिए, सशक्तिकरण के लिए, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए, काम कर रहे हैं। बेटियां-महिलाएं सम्मान और इज्जत की प्रतीक होती है। अब चुनावी समय आ गया है तो आप प्रतीक के रूप में अपना चेहरा सेनेटरी पैड पर लगाते हैं। कंग्रेस पार्टी की वैचारिक दरिद्रता हो गई है, परिस्थिति की समझ न होना, राजद जैसी पार्टी के साथ आपकी संगति है, इसी का असर दिखाई पड़ रहा है। बिहार भाजपा के प्रवक्ता कुंतल कृष्णा ने कहा कि कंग्रेसियों का यह मानसिक दिवालियापन है।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2015 के रेप मामले में दोषी करार दिए गए और 10 साल की सजा भुगत रहा एक पैरोल जम्पर आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले दो महीनों से फरार चल रहा था और लगातार जगह बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पैरोल जंपर्स और फरार दोषियों की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था। इंस्पेक्टर मनीत मलिक के नेतृत्व में टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित रमेश नगरऽक्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने दबिश के बाद बी-ब्लॉक, रमेश नगर स्थित एक इमारत की पहली मंजिल से आरोपित को दबोचा। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि आरोपित 23 जनवरी 2015 को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में पीड़िता को नशीला पदार्थ खिलाकर बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। इस पर थाना शकरपुर में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस जांच में आरोपित की पहचान आदित्य कुमार के रूप में हुई थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063